



राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 कनाडा को 51वां राज्य बनाने के ट्रंप के बयान पर पीएम.......... अमेरिका ने सऊदी अरब को एयरटू-ए यर मिसाइल बेचने की दी मंजूरी 12


वर्ष : 15 | अंक : 354 | नई दिल्ली, रविवार, 04 मई, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# मोदी ने पहलगाम हमले के आतंकवादियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का संकल्प दोहराया

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति राष्ट्रपति लौरेंको और अंगोला की संवेदनाओं के लिए मैंने उनका आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में अंगोला के राष्ट्रपति लौरेंको के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद संबोधन में यह बात कही। आतंकवाद के मुद्दे पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हम एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति राष्ट्रपति लोरेंसू और अंगोला की संवेदनाओं के लिए मैंने उनका आभार व्यक्त किया। हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ ठोस और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में अंगोला के समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की ओर से, मैं अंगोला को ह्यअफ्रीकन यूनियनह्न की अध्यक्षता के लिए शुभकामनाएं देता हूं। हमारे लिए यह गौरव की बात है कि भारत



की जी20 अध्यक्षता के दौरान ह्यअफ्रीकन यूनियनह्न को जी20 की स्थायी सदस्यता मिली। भारत और अफ्रीका के देशों ने कोलोनियल शासन के खिलाफ एक सुर में आवाज उठाई थी। एक दूसरे को प्रेरित किया था। आज हम ग्लोबल साउथ के हितों, उनकी आशाओं, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं की आवाज बनकर एक साथ खड़े रहे हैं। अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा ऐतिहासिक पल अंगोला के राष्ट्रपति भारत दौरे पर हैं। शनिवार को अंगोला के राष्ट्रपति के साथ साझा प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा कि 'मैं राष्ट्रपति लोरेंसू और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में हार्दिक स्वागत करता हूं। यह एक ऐतिहासिक पल है। 38 वर्षों के बाद, अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है। उनकी इस यात्रा से, न केवल भारत-अंगोला संबंधों को नई दिशा और गति मिल रही है, बल्कि भारत और अफ्रीका साझेदारी को भी बल मिल रहा है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'इस वर्ष, भारत और अंगोला अपने राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। लेकिन हमारे संबंध, उससे भी बहुत पुराने हैं, बहुत गहरे हैं। जब अंगोला आजादी के लिए संघर्ष कर रहा था, तो भारत भी पूरी आस्था और मित्रतापूर्ण संबंधों के साथ अंगोला के साथ खड़ा था।' रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे भारत और अंगोला प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी है कि अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ डॉलर की डिफेन्स क्रेडिट लाइन को स्वीकृति दी गई है। रक्षा प्लेटफॉर्म्स की मरम्मत और बदलाव और सप्लाई पर भी बात हुई है। अंगोला की सशस्त्र सेनाओं की ट्रेनिंग में सहयोग करने में हमें खुशी होगी। साथ ही डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, स्पेस तकनीक, क्षमता निर्माण के क्षेत्र में अंगोला के साथ अपनी क्षमताएं साझा करेंगे। हम स्वास्थ्य, डायमंड प्रोसेसिंग, फर्टिलाइजर और अहम खनिज क्षेत्रों में भी सहयोग मजबूत करेंगे।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C
न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 80,405 |
| चांदी | 1,1000 |
| सेंसेक्स | 80,220 |
| निफ्टी | 24,472 |

## संक्षिप्त खबरें


### नीट-यूजी परीक्षा से पहले देशभर के केंद्रों पर मॉक ड्रिल

नई दिल्ली। राष्ट्रव्यापी मेडिकल प्रवेश परीक्षा का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को सभी नीट-यूजी केंद्रों पर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। एक आधिकारिक सूत्र ने यह जानकारी दी। स्नातक पाठ्यक्रम के लिये राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) चार मई को देश भर के 500 से अधिक शहरों में 5,453 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इस साल, 22.7 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है। शिक्षा मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया, ह्यपरीक्षा के दिन जिला, राज्य और केंद्र स्तर पर त्रिस्तरीय निगरानी की जाएगी। इस वर्ष अधिकांश केंद्र सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और संस्थानों में स्थित हैं।

# अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए भारत देगा 20 करोड़ डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और अंगोला के साथ रक्षा साझीदारी के तहत व्यापक सैन्य आधुनिकीकरण एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण, खनन एवं हीरों को तराशने के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के आज निर्णय लिये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत की यात्रा पर आये अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंसो के साथ आज यहां हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये फैसले लिये गये। बैठक में कृषि, संस्कृति, आयुर्वेद एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) में अंगोला की सदस्यता के दस्तावेज सहित चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर भी शामिल थे। भारत ने अंगोला की सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ डॉलर का ऋण देने की भी घोषणा की है। जबकि अंगोला ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए सीमापार कार्रवाई के भारत के फैसले का समर्थन किया है। श्री मोदी ने बैठक के बाद प्रेस को दिये गये वक्तव्य में राष्ट्रपति लौरेंसो और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है। 38 वर्षों के बाद, अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा



हो रही है। राष्ट्रपति लौरेंसो की इस यात्रा से, न केवल भारत-अंगोला संबंधों को नई दिशा और गति मिल रही है, बल्कि भारत और अफ्रीका साझीदारी को भी बल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष, भारत और अंगोला अपने राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। लेकिन हमारे संबंध, उससे भी बहुत पुराने हैं, बहुत गहरे हैं। जब अंगोला स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहा था, तो भारत भी पूरी प्रतिबद्धता और मैत्री भावना के साथ खड़ा था। भारत एवं अंगोला के बीच रक्षा संबंधों में नये आयामों का खुलासा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ह्लभारत, अंगोला के तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। हमने अपनी ऊर्जा साझीदारी को व्यापक बनाने का निर्णय लिया है। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी है कि अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ डॉलर की रक्षा ऋण को स्वीकृति दी गई है। रक्षा प्लेटफॉर्म्स के अनुरक्षण और ओवरहॉल और आपूर्ति पर भी बात हुई है। अंगोला की सशस्त्र सेनाओं की ट्रेनिंग में सहयोग करने में हमें खुशी होगी। श्री मोदी ने कहा कि अपनी विकास साझीदारी को आगे बढ़ाते हुए, हम डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण में अंगोला के साथ अपनी क्षमताएं साझा करेंगे। आज हमने स्वास्थ्य, डायमंड प्रोसेसिंग, उर्वरक और क्रिटिकल मिनरल क्षेत्रों में भी अपने संबंधों को और मजबूत करने का निर्णय लिया है। अंगोला में योग और बॉलीवुड की लोकप्रियता, हमारे सांस्कृतिक संबंधों की मजबूती का प्रतीक है। जनता के बीच संबंधों को बल देने के लिए, हमने अपने युवाओं के बीच युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) से जुड़ने के अंगोला के निर्णय का हम स्वागत करते हैं। हमने अंगोला को भारत के पहल आपदारोधी बुनियादी ढांचा गठबंधन (सीडीआरआई), बिग कैट एलायंस और वैश्विक जैवईंधन गठबंधन से भी जुड़ने के लिए आमंत्रित किया है। अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता व्यक्त करते हुए श्री मोदी ने कहा, हम एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति राष्ट्रपति लौरेंसो और अंगोला की संवेदनाओं के लिए मैंने उनका आभार व्यक्त किया। हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में अंगोला के समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। श्री मोदी ने अंगोला को 140 करोड़ भारतीयों की ओर से ह्यअफ्रीकी संघह्न की अध्यक्षता के लिए शुभकामनाएं दी और कहा, ह्लहमारे लिए यह गौरव की बात है कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान ह्यअफ्रीकी संघह्न को जी-20 की स्थायी सदस्यता मिली ह्व भारत और अफ्रीका के देशों ने औपनिवेशिक शासन के खिलाफ एक सुर में आवाज उठाई थी। एक दूसरे को प्रेरित किया था। आज हम ग्लोबल साउथ के हितों, उनकी आशाओं, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं की आवाज बनकर एक साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में अफ्रीका के देशों के साथ हमारे सहयोग में गति आई है। हमारा आपसी व्यापार लगभग 100 अरब डॉलर हो गया है। रक्षा सहयोग और समुद्री सुरक्षा पर प्रगति हुई है। पिछले महीने, भारत और अफ्रीका के बीच पहला नौसैनिक अभ्यास ह्यऐक्यम्ह्न किया गया है। पिछले 10 वर्षों में हमने अफ्रीका में 17 नये दूतावास खोले हैं। 12 अरब डॉलर से अधिक के ऋण अफ्रीका के लिए आवंटित किये गये हैं। साथ ही अफ्रीका के देशों को 70 करोड़ डॉलर की अनुदान सहायता दी गई है। अफ्रीका के 8 देशों में व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र खोले गए हैं। अफ्रीका के 5 देशों के साथ डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा बनाने में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, किसी भी आपदा में, हमें अफ्रीका के लोगों के साथ, कंधे से कंधे मिलाकर, प्रथम प्रतिकर्ता की भूमिका अदा करने का सौभाग्य मिला है। भारत और अफ्रीकी संघ- हम प्रगति में साझीदार और वैश्विक दक्षिण के स्तंभ हैं। मुझे विश्वास है कि अंगोला की अध्यक्षता में, भारत और अफ्रीकी संघ के संबंध नई ऊंचाइयां हासिल करेंगे।

## अंगोला के राष्ट्रपति लौरेंको का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारत की चार दिवसीय यात्रा पर आए अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया। राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत के बाद लौरेंको ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। वहीं विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अंगोला के राष्ट्रपति लौरेंको से मुलाकात की। यह राष्ट्रपति लौरेंको की भारत की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट पर कहा कि भारत-अंगोला ग्लोबल साउथ पार्टनर का विशेष स्वागत। अंगोला के राष्ट्रपति लौरेंको को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में पहुंचने पर 21 तोपों की सलामी और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

राष्ट्रपति मुर्मू, राष्ट्रपति भवन और प्रधानमंत्री मोदी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा कि भारत की राजकीय यात्रा के दौरान अंगोला के राष्ट्रपति लौरेंको से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भारत के प्रति उनकी गर्मजोशी भरी भावनाओं और हमारी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उनके मार्गदर्शन की मैं सराहना करता हूं। मुझे विश्वास है कि आज प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी बातचीत भारत-अंगोला और भारत-अफ्रीका संबंधों के लिए विकास के नए रास्ते खोलेगी।

## विपक्ष की मांग के अनुरूप मानसून सत्र में सरकार ला सकती है जातीय जनगणना बिल

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार 2026 से जनगणना, जातीय जनगणना, परिसीमन, और महिला आरक्षण की प्रक्रिया को एकसाथ लागू करने की तैयारी में है। इसके लिए जरूरी विधायी प्रक्रियाएं मानसून सत्र से शुरू होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इससे देश की राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक संरचना में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। यह कदम विपक्षी दलों की लंबे समय से चली आ रही मांग के अनुरूप है, जो सामाजिक न्याय की नीतियों के लिए विस्तृत डेटा की मांग कर रहे हैं। जनगणना और परिसीमन की साझा टाइमलाइन जानकारी अनुसार जनगणना की प्रक्रिया 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगी, लेकिन इसके लिए दो शर्तें जरूरी होंगी। पहली प्रशासनिक सीमाओं को फ्रीज करना अब यह सीमा 31 दिसंबर 2025 तक बढ़ा दी गई है। दूसरी विधायी संशोधन जातीय गणना के लिए कानून में संशोधन आवश्यक होगा। परिसीमन आयोग का गठन भी 2026 में होगा, जो नए जनसंख्या आंकड़ों के आधार पर लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों की सीमाएं तय करेगा। इससे संसद और राज्यों में सीटों की संख्या और आरक्षण की स्थिति प्रभावित होगी। महिला आरक्षण की प्रक्रिया भी जुड़ेगी महिला आरक्षण अधिनियम के प्रावधान भी 2026 के जनगणना और परिसीमन के बाद ही लागू होंगे। यानी, तब जाकर महिलाओं के लिए आरक्षित सीटें तय की जा सकेंगी। लागत और प्रक्रिया का अनुमान जनगणना पर अनुमानित खर्चः 14,000 करोड़ रुपये प्रति नागरिक खर्चः लगभग 100 2019 में पहले ही मंजूर राशिः 8,754 करोड़ रु. (जनगणना) प्लस 3,941 करोड़ रु. (एनपीआर) प्रक्रिया की कुल समयावधिः जनगणना और परिसीमन मिलाकर 5-6 साल पृष्ठभूमि और राजनीतिक महत्त्व भारत में आखिरी बार जातीय जनगणना 1931 में ब्रिटिश शासन में हुई थी।


## पाकिस्तान पर भारत ने किया ट्रेड स्ट्राइक, आयात पर पूरी तरह से रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ एक और कदम उठाते हुए वहां से होने वाले आयात पर पूरी तरह से रोक लगा दिया है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड (डीजीएफटी) की ओर से साफ किया गया है कि पाकिस्तान से होने वाले आयात पर प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा और जनहित को ध्यान में रखते हुए लगाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से इस संबंध में जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार फॉरेन ट्रेड पॉलिसी 2023 में एक नया प्रावधान जोड़ा गया है। इस प्रावधान के तहत पाकिस्तान से प्रत्यक्ष या परोक्ष किसी भी तरह से इंपोर्ट या ट्रांजिट पर अगले आदेश तक के लिए पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस प्रतिबंध से किसी भी तरह की छूट के लिए भारत सरकार से मंजूरी लेनी होगी। फॉरेन ट्रेड पॉलिसी 2023 में 'पाकिस्तान से आयात पर प्रतिबंध' शीर्षक वाले नए प्रावधान में कहा गया है कि पाकिस्तान से आयात या निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के प्रत्यक्ष या परोक्ष इंपोर्ट या ट्रांजिट (पारगमन), चाहे वे स्वतंत्र रूप से आयात योग्य हों या किसी अन्य प्रकार से अनुमत हों, तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक प्रतिबंधित रहेगा। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को पहलगाम के पास बैसरान घाटी में आतंकवादियों ने पर्यटकों पर हमला किया था, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कूटनीति कदम उठाए, जिसमें पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सार्क वीजा छूट योजना को रद्द करने, पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों को निष्कासित करने, सिंधु जल संधि को निलंबित करने और अटारी बॉर्डर पर इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट को बंद करने जैसे कदम भी शामिल थे। अब भारत ने पाकिस्तान से होने वाले ट्रेड पर भी अगले आदेश तक पूरा प्रतिबंध लगा कर पड़ोसी देश को करारा झटका दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच के व्यापारिक संबंध पहले ही न्यूनतम स्तर पर पहुंचे हुए थे। क्योंकि दोनों देशों के बीच आधिकारिक तौर पर व्यापार प्रतिबंध पहले से ही लागू है। इसके बावजूद कुछ खास चीजों के लिए दोनों देश अनौपचारिक चैनल के जरिए एक दूसरे के साथ व्यापारिक संबंध बनाए हुए थे।

## राजनाथ सिंह रूस की 'विक्टरी डे परेड' में नहीं होंगे शामिल, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ लेंगे भाग

नई दिल्ली, एजेंसी




नई दिल्ली, तीन मई (भाषा) रक्षामंत्री राजनाथ सिंह रूस द्वारा नौ मई को मॉस्को में आयोजित 'विक्टरी डे परेड' में शामिल नहीं होंगे और उनके स्थान पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ वहां भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। मॉस्को में नौ मई को आयोजित वाले समारोह में रक्षा राज्य मंत्री सेठ को भेजने का कदम पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर भारत व पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव मद्देनजर उठाया गया है। रूस ने द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी पर सोवियत विजय की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित 'विक्टरी डे परेड' के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया था, लेकिन यह निर्णय लिया गया कि सिंह इसमें शिरकत करेंगे। सूत्रों ने बताया कि सेठ परेड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। रूस ने इस वर्ष 'विक्टरी डे परेड' में भाग लेने के लिए कई मित्र देशों के नेताओं को आमंत्रित किया है। प्रधानमंत्री मोदी पिछले वर्ष राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्षिक शिखर सम्मेलन और कजान में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो बार रूस गए थे। इस वर्ष रूसी राष्ट्रपति के वार्षिक शिखर सम्मेलन में शिरकत के लिए भारत आने की उम्मीद है।

**मणिपुर हिंसा** — हिंसा तीन मई, 2023 को शुरू हुई और अब भी जारी है। अभी दो दिन पहले ही तामेंगलांग जिले में हुई हिंसक झड़प में 25 लोग घायल हो गए थे....

## मणिपुर में हिंसा नहीं रुकी, प्रधानमंत्री राजधर्म निभाने में विफल: खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर में हिंसा की शुरूआत के दो साल पूरे होने पर शनिवार को दावा किया कि पूर्वोत्तर के इस राज्य में आज भी हिंसक घटनाएं नहीं रुकी हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजधर्म निभाने में एक बार फिर विफल रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि मणिपुर के लोगों के प्रति इतनी उदासीनता और तिरस्कार क्यों है तथा राजनीतिक जवाबदेही कहां है? मणिपुर में तीन मई, 2023 को हिंसा शुरू हुई थी। इस हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, मणिपुर में दो साल से हिंसा हो रही है, लेकिन प्रधानमंत्री के पैर वहां नहीं पड़े। हिंसा तीन मई, 2023 को शुरू हुई और अब भी जारी है। अभी दो दिन पहले ही तामेंगलांग जिले में हुई हिंसक झड़प में 25 लोग घायल हो गए थे। उन्होंने कहा कि 260 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 68,000 लोग विस्थापित हुए हैं तथा हजारों लोग अब ी राहत शिविरों में रह रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, नरेन्द्र मोदी जी, मणिपुर आपकी यात्रा, शांति और सामान्य स्थिति की वापसी का इंतजार कर रहा है। उन्होंने दावा किया, जनवरी, 2022 में मणिपुर में आपकी आखिरी चुनावी रैली के बाद से आपने दुनिया भर में 44 विदेशी दौरे और देश भर में 250 घरेलू दौरे किए हैं, फिर भी आपने मणिपुर में एक सेकंड भी नहीं बिताया है। खरगे ने सवाल किया, मणिपुर के लोगों के प्रति इतनी उदासीनता और तिरस्कार क्यों? राजनीतिक जवाबदेही कहां है? उन्होंने कहा कि मणिपुर की जनता ने खुद राष्ट्रपति शासन की मांग की, लेकिन जब भाजपा को कांग्रेस पार्टी द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा और प्रधानमंत्री की पार्टी



के विधायक नया मुख्यमंत्री तय नहीं कर सके तो 20 महीने बाद मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को हटाने मांग मानने के लिए प्रधानमंत्री को मजबूर होना पड़ा। खरगे ने प्रधानमंत्री से सवाल किया, डबल इंजन सरकार अपने नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने के अपने संवैधानिक कर्तव्य में विफल क्यों रही? आपने पहले मुख्यमंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया? उन्होंने दावा किया कि केंद्र और राज्य का प्रशासन अब भी मणिपुर में विफल है तथा हिंसा की घटनाएं नहीं रुक रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ह्यह्यआपने अपनी अक्षमता को छिपाने के लिए जल्दबाजी में आधी रात को दो बजे राष्ट्रपति शासन लागू करने का प्रस्ताव संसद में पारित करा दिया, जैसे कि किसी का आपके पापों पर ध्यान नहीं जाएगा। खरगे ने दावा किया कि मणिपुर की अर्थव्यवस्था को हजारों करोड़ का नुकसान हुआ है, इसके बावजूद राज्य के लिए अनुदान की मांग में कई सामाजिक व्यय में कटौती की गई। उन्होंने सवाल किया, गृह मंत्री द्वारा घोषित शांति समिति का क्या हुआ? आप दिल्ली में भी सभी समुदाय के प्रभावित लोगों से क्यों नहीं मिले? आपने राज्य के लिए विशेष पैकेज की घोषणा क्यों नहीं की? खरगे ने कहा, मोदी जी, आप राजधर्म निभाने में एक बार फिर विफल रहे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, आज से ठीक दो साल पहले मणिपुर में हिंसा की शुरूआत हुई थी। फरवरी 2022 में विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता ने भाजपा और उसके सहयोगियों को निर्णायक जनादेश दिया था, जिसके बाद यह आपदा उस पर हावी हो गई। उन्होंने दावा किया कि तीन मई, 2023 को जो शुरू हुआ, वह राज्य में तथाकथित डबल इंजन सरकार का पटरी से उतरना था। खरगे ने कहा कि इसके तीन महीने बाद उच्चतम न्यायालय को यह कहने के लिए मजबूर होना पड़ा कि राज्य में संवैधानिक तंत्र पूरी तरह से नष्ट हो गया है। रमेश ने कहा कि राज्य विधानसभा में कांग्रेस द्वारा लाए जाने वाले अविश्वास प्रस्ताव को देखते हुए मोदी सरकार ने मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया और अंततः 13 फरवरी 2025 को राष्ट्रपति शासन लगा दिया। उन्होंने कहा, मणिपुर आज भी पीड़ा से गुजर रहा है। राजनीतिक खेल खेले जा रहे हैं।

## गोवा में धार्मिक लैराई जात्रा के दौरान भगदड़, छह की मौत, 15 घायल, प्रधानमंत्री ने सांवत से की बात

पणजी, एजेंसी

पणजी। गोवा के शिरगांव में आज सुबह प्रसिद्ध धार्मिक लैराई जात्रा के दौरान मची भगदड़ में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। भगदड़ के दौरान रौंदने से 15 से अधिक लोग घायल हो गए। उत्तरी गोवा के पुलिस अधीक्षक यह घटना श्रीगाओ में लैराई देवी मंदिर में हुई। गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने दुख जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बातचीत कर इस कठिन समय में अपना पूरा समर्थन देने की पेशकश की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लैराई जात्रा में शामिल होने के लिए व्याकुल लोग अचानक बेकाबू हो गए। इससे अफरा-तफरी मच गई। कई श्रद्धालु एक-दूसरे पर गिर पड़े और स्थिति अनियंत्रित हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और आपदा प्रबंधन दल पहुंचे। घायलों को गोवा मेडिकल कॉलेज और उत्तरी गोवा के डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल मापुसा में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने अस्पताल पहुंचकर घायलों की स्थिति का जायजा लिया और उनके इलाज का पूरा खर्च वहन करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने एक्स पर लिखा, ''आज सुबह शिरगांव में लैराई जात्रा के दौरान हुई भगदड़ बेहद दुखद है। मैंने घायलों से मिलने के लिए अस्पताल का दौरा किया और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। मैं व्यक्तिगत रूप से स्थिति की निगरानी कर रहा हूं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हर आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुझसे बात की और स्थिति का विस्तृत जायजा लिया और इस कठिन समय में अपना पूरा समर्थन देने की पेशकश की।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण

नई दिल्ली, रविवार, 04 मई, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### नदी की भूमि पर कब्जा करने के मामले में मुकदमा

**देहरादून, एजेंसी।** राजपुर थानाक्षेत्र के हथड़ीवाला में नदी की भूमि पर कब्जा करने के मामले में पुलिस ने 30 अप्रैल को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने राजपुर थाने के उपनिरीक्षक मुकेश नेगी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। मामले में आरोपी कांग्रेस पार्टी का नेता बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष सैंकी कुमार के मुताबिक उपजिलाधिकारी कार्यालय से 16 अप्रैल को नोटिस प्राप्त हुआ था। इसमें राजीव जैन निवासी रानीचौरा माजरा के खिलाफ नदी की भूमि कब्जाने की शिकायत थी। आरोपी की ओर से नदी से लगती भूमि पर पुश्ते का निर्माण करवाया जा रहा था। आरोपी से जब इसके दस्तावेज देने की बात कही गई तो वह दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवा पाया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### फड़, खोखा और ठेली वालों का सत्यापन करना शुरू

**गदरपुर, एजेंसी।** एसडीएम के निर्देश पर पालिका प्रशासन की टीम ने नगर पालिका क्षेत्र में फड़, खोखा और ठेली वालों का सत्यापन करना शुरू कर दिया है। ईओ संजीव मेहरोत्रा ने बताया प्रशासन की ओर से पालिका क्षेत्र में कार्य कर रहे फड़, खोखा और ठेली वालों के सत्यापन के लिए तीन टीमें लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि पालिका सीमा में कई बाहरी लोग आकर कारोबार कर रहे हैं। अब तक 30 से अधिक फड़, खोखा और ठेली वालों का सत्यापन हो चुका है। टीम में वरिष्ठ लेखाकार मुकेश भंडारी, जयपाल शर्मा, मुकेश कुमार, अरुण कुमार, तौफीक अहमद, रोहन गुप्ता आदि थे।

### गीतांजलि मिस और निशांत मिस्टर फ्रेशर

**जसपुर, एजेंसी।** आरएलएस मेमोरियल डिग्री कॉलेज की छात्रा गीतांजलि भगत को मिस एवं छात्र निशांत बेलवाल को मिस्टर फ्रेशर के खिताब से नवाज कर सम्मानित किया गया। बृहस्पतिवार को छात्र-छात्राओं ने कॉलेज सभागार में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। संस्था के सचिव विनय चौहान एवं प्राचार्या डॉ. भुवनेश कुमारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित प्रस्तुत किए। इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं कन्या भ्रूण हत्या आदि विषय पर जागरूक किया। वहां विवेक, विपिन, दीपक, सचिन, कुनाल चौहान, आसमा परवीन, सलीम, सुभाष, गीता चैधरी, राजवीर आदि थे।

### जनता के साथ मित्रवत व्यवहार और अपराधियों लगाएं लगाम -कुमार

**खटीमा, एजेंसी।** एसएसबी महानिरीक्षक अमित कुमार ने भारत-नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा स्थित मेलाघाट चौकी का निरीक्षण किया। उन्होंने एसएबी जवानों को सीमावर्ती क्षेत्र में जनता के साथ मित्रवत व्यवहार के साथ ही अपराधियों और तस्करों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तस्करी गतिविधियों पर नकेल कसने और प्रतिबंधित सामग्रियों की जब्त करने में मिली सफलता की प्रशंसा की। उन्होंने जवानों को निर्देश दिए कि लगन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। एसएसबी महानिरीक्षक ने सीमा चौकी मेलाघाट के कर्मियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान की बात कही।

### किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया युवक, केस दर्ज

**सितारगंज, एजेंसी।** किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। उन्होंने किशोरी की सहेली पर उसके भागने में मदद करने का आरोप लगाया है। किशोरी की मां ने तहरीर में बताया कि 27अप्रैल को अपने परिवारजनों के साथ शादी में गई थी। इस बीच उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। तभी गांव टांडा कंचु, अमरिया (पीलीभीत) निवासी समीर उनके घर आया और उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया।

# गुप्तकाशी विद्युत सब स्टेशन के खिलाफ दायर याचिका हाईकोर्ट से खारिज

**नैनीताल, एजेंसी।**
रुद्रप्रयाग जिले के गुप्तकाशी क्षेत्र के रुद्रपुर गांव में 220 केवी विद्युत उप संस्थान और विद्युत लाइन के खिलाफ याचिका दायर करने वालों को बड़ा झटका लगा है. नैनीताल हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया है. हाईकोर्ट ने कहा है कि इस मामले में पहले से ही एक जनहित याचिका हाईकोर्ट में विचाराधीन है. वहीं, देहरादून की मशहूर चाय बागानों की भूमि का स्वरूप बदलने के मामले में भी हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. इस मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार समेत अन्य विपक्षियों से जवाब मांगा है.



रुद्रपुर गांव में विद्युत उप संस्थान लगाने के मामले पर सुनवाई- दरअसल, गुप्तकाशी के रुद्रपुर गांव निवासी रेखा देवी समेत अन्य लोगों की ओर से नैनीताल हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है. जिसमें उनका कहना था कि पिटकुल की ओर से जिस स्थान पर विद्युत उप संस्थान और विद्युत लाइन स्थापित की जा रही है, वो ग्रामीणों की गोचर भूमि है. लिहाजा, इस योजना को रोका जाए. वहीं, मामले में पिटकुल ने इस योजना के उद्देश्यों की जानकारी कोर्ट को दी. जिसमें पिटकुल की ओर से बताया गया कि 25 मार्च को जब विभागीय अधिकारी रुद्रपुर गांव में निर्माण कार्य के लिए गए तो ग्रामीणों ने उसका विरोध किया. जिनके खिलाफ गुप्तकाशी थाने में एफआईआर दर्ज है. कोर्ट के संज्ञान में लाया गया कि इस मामले में मंजू देवी की जनहित याचिका पहले से ही कोर्ट में लंबित है. पूरे मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया. साथ ही कहा कि याचिकाकर्ता पहले से ही लंबित जनहित याचिका में पक्षकार बन सकते हैं. देहरादून चाय बागान भूमि मामले में सुनवाई- देहरादून की मशहूर चाय बागानों की भूमि का स्वरूप बदलकर उस पर गन्ना, खीरा, तरबूज उगाए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज तिवारी एवं न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की. खंडपीठ ने राज्य सरकार समेत अन्य विपक्षियों को नोटिस जारी कर कोर्ट में जवाब पेश करने के आदेश दिए हैं. बता दें कि देहरादून के विकासनगर निवासी देवानंद नैनीताल हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है. जिसमें उन्होंने कहा है कि देहरादून के विकासनगर क्षेत्र टी बागान के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र था. इस क्षेत्र में इसके अलावा किसी तरह की खेती करने की अनुमति नहीं थी, लेकिन जब से इस भूमि का चाय के इतर सीजनल खेती के लिए किया जा रहा है, तब से चाय बागान का अस्तित्व खतरे में आ गया है. जनहित याचिका में राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि इसे टी स्टेट की धरोहर में ही विकसित किया जाए.

# आम जनता को फिर से महंगाई का झटका, आंचल डेरी ने बढ़ाए दूध के दाम

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
आम जनता को एक बार फिर से महंगाई का झटका लगा है. उत्तराखंड में आंचल डेयरी ने दूध और अन्य उत्पादों के दाम बढ़ाए है. नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ आंचल डेरी ने अपने दूध और दूध से बने पदार्थों के दामों में 2 प्रतिशत से लेकर 6 प्रतिशत तक की वृद्धि की है.

नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ ने बताया कि बीते दिनों अन्य कंपनी ने भी दूध के दामों में बढ़ोतरी की थी. इसके बाद नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ ने भी दामों में वृद्धि करने का निर्णय लिया है. बढ़े हुए दाम 4 मई से लागू होगा.

नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की नई रेट लिस्ट के अनुसार जहां पहले एक लीटर स्टैंडर्ड दूध की कीमत 58 थी तो वही अब चार मई से स्टैंडर्ड दूध 60 रुपये प्रति लीटर मिलेगा. इसी तरह फुल क्रीम दूध की कीमत भी दो रुपए बढ़ाई गई है. पहले फुल क्रीम दूध 66 रुपए लीटर था, जो अब बढ़ाकर 68 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है.

वहीं गाय के दूध के दाम भी दो रुपए ही बढ़े है. पहले जहां आंचल गाय का दूध 56 रुपए लीटर था, तो वहीं अब ये दाम बढ़ाकर 58 रुपए लीटर कर दिए गए. इसके साथ ही एक किलो देसी घी की कीमत भी 630 रुपए कर दी गई है. देसी घी के दामों में 20 रुपए की बढ़ोतरी हुई है. देसी घी के अलावा 500 ग्राम मक्खन के पैकेट भी 285 रुपए करा गया है. पहले 500 ग्राम मक्खन के पैकेट की कीमत 270 रुपए थी थी. इस तरह एक किलोग्राम आंचल क्रीम की कीमत 500 रुपए थी, जो बढ़ाकर 530 रुपए कर दी गई है. इसके अलावा एक किलो खोवा 400 रुपए की जगह पर अब 410 रुपए में मिलेगा.

# बड़ा खुलासा : पंक्चर वाले के प्यार में अंधी पूजा, लव जिहाद और धर्म परिवर्तन...मुश्ताक ने मजहब छिपाकर की थी शादी



**उधम सिंह नगर , एजेंसी।**
पूजा हत्याकांड में एक और बड़ा खुलासा हुआ है। मुश्ताक ने पूजा से मजहब छिपाकर शादी की थी। पूजा ने धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने की शिकायत की थी। हत्या से पहले एसएसपी को पत्र सौंपा था।

उधम सिंह नगर जिले के खटीमा में लव जिहाद की शिकार बनी नानकमत्ता निवासी पूजा मंडल ने हत्या से कुछ दिन पहले एसएसपी को पत्र देकर मुश्ताक की शिकायत की थी। परिजनों के अनुसार उसने मुश्ताक पर धर्म छिपाने और बाद में जबरन धर्म परिवर्तन करवाने का आरोप लगाया था। मामले में एसएसपी ने आगे के कार्रवाई के लिए कोतवाल सितारगंज को निर्देशित किया था। पूजा की बहन पुरमिला विश्वास ने बताया कि उसकी दीदी पूजा ने पांच नवंबर 2024 को एसएसपी को शिकायती पत्र देकर मुश्ताक पर धर्म छिपाकर मंदिर में शादी करने और बाद में जबरन धर्म परिवर्तन करने का आरोप लगाया था।

शिकायती पत्र में पूजा ने बताया था कि वह तलाकशुदा है। अक्तूबर 2021 में जब वह अपनी मां के साथ नानकमत्ता से दिल्ली जा रही थी। उस दौरान उसकी मुलाकात मुश्ताक से हुई थी। उसने अपना हिंदू नाम बता कर परिचय दिया था। इसके बाद दोनों के बीच दोस्ती हो गई। बाद में मुश्ताक ने पूजा के समक्ष विवाह करने का प्रस्ताव रखा। बहन पुरमिला का कहना है कि जनवरी 2022 में पूजा और मुश्ताक ने गुरुग्राम (हरियाणा) में हिंदू रीति रिवाज से शादी कर ली। दो साल तक दोनों एक साथ रहे। इसके बाद मुश्ताक उसे सितारगंज ले आया। 27 अक्तूबर को उसे मुश्ताक के मुस्लिम होने का पता चला। हकीकत का पता चलने पर उसने मुश्ताक से बात की तो वह उस सितारगंज में रह रहे परिवारजनों के पास ले गया। वहां आरोपी पिता, मां और भाई ने धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। विरोध करने पर उसके साथ गालीगलौज और मारपीट भी की। पुरमिला ने बताया कि शिकायत पत्र देने के बाद भी सितारगंज पुलिस ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की इसके बाद उन्होंने हरियाणा के गुरुग्राम पुलिस थाने में पूजा की गुमशुदगी दर्ज करवाई थी।

नदन्ना नहर में अंडर पास काली पुलिया के पास पूजा मंडल की सिर कटी लाश की बरामदगी के बाद बुधवार और बृहस्पतिवार को दिनभर पुलिस कटे सिर को ढूंढती रही, लेकिन टीम को कामयाबी नहीं मिल सकी। शुक्रवार को जल पुलिस ने नहर में सच अभियान नहीं चलाया। कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि नहर में काफी खोजबीन के बाद भी महिला का कटा हुआ सिर नहीं मिला। शुक्रवार को नानकमत्ता से जल पुलिस नहीं पहुंची। इधर, सूत्रों ने बताया कि सिर कटी लाश की बरामदगी को लेकर हरियाणा पुलिस आरोपी युवक मुश्ताक को कस्टडी रिमांड पर ले सकती है।

# नैनीताल दुष्कर्म केस : शहर का माहौल खराब करने वालों का होगा विरोध



**हल्द्वानी, एजेंसी।**
उत्तराखंड के नैनीताल शहर में 30 अप्रैल को 12 साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया था, तभी से शहर का माहौल तनावपूर्ण है. हालांकि, पुलिस 65 साल के आरोपी मो. उस्मान को जेल भी भेज चुकी है. बावजूद इसके लोगों का गुस्सा शांत नहीं हो रहा है. इसी बीच शुक्रवार को हिंदूवादी संगठनों ने हल्द्वानी कोतवाली का घेराव किया. इसके अलावा काठगोदाम के शीश महल रामलीला ग्राउंड में हिंदू संगठनों से बैठक भी की.

बैठक में बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के नेता पहुंचे. भाजपा के हिंदूवादी नेता विपिन पांडे ने कहा कि हल्द्वानी में बहुत से ऐसे लोग हैं, जो अपना असली नाम छिपाकर खाने-पीने की दुकानें संचालित कर रहे हैं, ऐसे लोगों का अब विरोध किया जाएगा. इसके अलावा उन लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी, जो बाहर से आकर शहर का माहौल खराब कर रहे हैं. उनका कहना था कि पुलिस ऐसे लोगों का सत्यापन तो कर रही है, लेकिन उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं ले रही है.

बैठक में लोगों से अपील की गई कि गई अपनी दुकानों ऐसे लोगों को किराये पर न दे, जो शहर का माहौल खराब कर रहे हों. साथ ही कहा गया कि महिलाओं के साथ अपराध किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. इसके अलावा जो लोग नाम छिपाकर अपने दुकान चला रहे हैं, उनकी दुकानों के नाम भी बदले जाएंगे. नैनीताल रेप की घटना के बाद लोगों में काफी गुस्सा है. पुलिस भी लगातार लोगों से अपील कर रही है कि किसी भी तरह की भ्रामक खबरों और अफवाहों पर भरोसा न करें. साथ ही पुलिस ने बताया कि शहर का माहौल शांतिपूर्ण है. पर्यटक नैनीताल आकर घूम सकते है.

# अतिक्रमण हटाने गई टीम के सामने युवक ने खुद पर छिड़का पेट्रोल, आत्मदाह की कोशिश

**रामनगर, एजेंसी।**
उत्तराखंड के रामनगर तहसील के ग्राम ढिकुली में शुक्रवार को एक तनावपूर्ण और चौंकाने वाली घटना सामने आई. यहां प्रशासन की टीम जब बरसाती नाले पर बने अवैध अतिक्रमण को हटाने पहुंची, तो एक युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया. इस सनसनीखेज़ घटनाक्रम के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. टीम को तुरंत कार्रवाई रोकनी पड़ी.

यह घटना रामनगर के ढिकुली गांव की है, जहां लंबे समय से एक व्यक्ति द्वारा बरसाती नाले पर अवैध निर्माण कर लिया गया था, इस मामले में एसडीएम कोर्ट में सुनवाई चल रही थी. हाल ही में अदालत ने इस अतिक्रमण को हटाने के आदेश जारी किए. आदेश के अनुपालन में सिंचाई विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई. जिसके बाद एक संयुक्त टीम गठित की गई. टीम गुरुवार को पहली बार अतिक्रमण हटाने पहुंची, लेकिन स्थानीय विरोध और सुरक्षा बल की कमी के कारण कार्रवाई अधूरी रह गई. शुक्रवार को टीम दोबारा मौके पर पहुंची. इस बार पुलिस बल भी साथ था. सिंचाई विभाग के अधिकारी नापजोख की कार्रवाई कर रहे थे, तभी घटनास्थल पर पहुंचे एक युवक ने अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया. उसने आग लगाने की कोशिश की. इससे मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई. पुलिस तुरंत सक्रिय हुई. मौके पर तैनात उप निरीक्षक तारा राणा ने अपने सहयोगियों के साथ युवक को पकड़कर आग लगाने से रोका. उसके शरीर पर पानी डाला गया. उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया. उप निरीक्षक तारा राणा ने बताया मौके पर अचानक युवक ने पेट्रोल डाल लिया. तुरंत कार्रवाई करते हुए युवक को बचा लिया गया.इस घटना के बाद प्रशासन की टीम ने तत्काल नापजोख की कार्रवाई रोक दी. युवक को कोतवाली ले जाया गया है. जहां उससे पूछताछ जारी है.



सहायक अभियंता सिंचाई विभाग जगत नारायण सिंह रावत ने बताया हमने आज सिर्फ नापजोख की कार्रवाई की थी. पुलिस बल कम था, इसलिए विध्वंस की प्रक्रिया नहीं हो सकी. शनिवार को फिर से पूरी तैयारी के साथ अतिक्रमण हटाया जाएगा.

# छह सीड प्लांटों का प्रशासन की टीम ने किया निरीक्षण

**काशीपुर।** प्रशासन की टीम ने दो दिनों में काशीपुर के अंतर्गत आने वाले छह सीड प्लांट्स का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी मंडी समिति सचिव, बीज प्रमाणीकरण अधिकारी, मंडी समिति के निरीक्षकों एवं आरएफसी के विपणन निरीक्षक की संयुक्त टीम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान कुलवंत राइस एंड सीड्स, शंकर सीड्स, पैगिया सीड्स, हिमालयन सीड्स, निरंकार सीड्स व आरएस सीड्स पर टीम पहुंची। उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि टीम ने सीड प्लांटों पर गेहूं के स्टॉक एवं रिकॉर्ड की जांच की। गेहूं का स्टॉक रिकॉर्ड के अनुसार मिला और गेहूं के असंसाधित बीजों के रखरखाव की व्यवस्था अच्छी पाई गई है।

# नैनीताल दुष्कर्म पीड़िता के समर्थन में सड़क पर उतरे महिला संगठन

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
नैनीताल में 12 साल की बच्ची के साथ बुजुर्ग ठेकेदार द्वारा दुष्कर्म की घटना के खिलाफ लोगों का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा है. नैनीताल में चल रहे विरोध प्रदर्शनों की आंच हल्द्वानी तक पहुंच गई है. पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए महिला संगठन भी सड़कों पर उतर गए हैं. ये लोग आरोपी उस्मान को मृत्युदंड की मांग कर रहे हैं.

बच्ची से दुष्कर्म के खिलाफ प्रदर्शन- नैनीताल में नाबालिग बच्ची के साथ 72 वर्षीय बुजुर्ग उस्मान द्वारा दुष्कर्म की घटना को लेकर पूरे प्रदेश में आक्रोश है. पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए नैनीताल के साथ-साथ हल्द्वानी में भी पिछले दो दिनों से धरना प्रदर्शन चल रहा है. शनिवार को महिला संगठन दुष्कर्म पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए एसडीएम कोर्ट पहुंच गए. वहां पर जमकर प्रदर्शन किया. महिलाओं ने सरकार और शासन से पीड़िता को जल्द से जल्द न्याय दिलाने और आरोपी उस्मान को मृत्युदंड देने की मांग की.




महिला संगठनों ने आरोपी उस्मान को फांसी देने की मांग की- महिला संगठनों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि 72 वर्षीय बुजुर्ग ने 12 वर्षीय बच्ची के साथ जिस तरह का जघन्य अपराध किया, उससे आम लोगों में रोष है. महिला संगठनों ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजते हुए मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने और आरोपी को मृत्युदंड देने की मांग की है. साथ ही महिलाओं ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि इस घटना के बाद से पिछले तीन दिनों से नैनीताल जिले में सांप्रदायिक सौहार्द भी बिगड़ा है. जिला प्रशासन को चाहिए कि इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए सांप्रदायिक सौहार्द को बिगड़ने से रोके.

बुजुर्ग पर 12 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का आरोप है- गौरतलब है नैनीताल में 72 वर्षीय विशेष समुदाय के बुजुर्ग द्वारा 12 वर्षीय बच्ची के साथ कई महीनों से दुष्कर्म की घटना सामने आई थी. मामला सामने आने के बाद से आम जनता में आक्रोश फैल गया है. पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर हल्द्वानी के साथ-साथ नैनीताल में भी जगह-जगह धरना प्रदर्शन चल रहे हैं.

स्थिति को सामान्य करने के लिए पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन लगातार काम कर रहे हैं. स्थिति ये है कि नैनीताल जैसे शांत पर्यटक स्थल में सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्स तैनात की गई है. पुलिस लगातार फ्लैग मार्च कर रही है. आरोपी उस्मान को जेल भेजा जा चुका है.

# यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आई मध्यप्रदेश की महिला की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल ले जाते समय मौत



**बड़कोट(उत्तरकाशी) , एजेंसी।**
यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आई मध्यप्रदेश की महिला श्रद्धालु की अचाकन तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक महिला ने दम तोड़ दिया।

यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आई महिला श्रद्धालु जानकीचट्टी पैदल मार्ग पर नौ कैंची में अचानक बेहोशी हालत में गिर गई, जिसे पुलिस एवं परिजनों की मदद से जानकीचट्टी चिकित्सालय लाया गया, लेकिन यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

डॉक्टर हरदेव सिंह पंवार ने बताया कि मध्यप्रदेश की 60 वर्षीय रामी बाई गुजर अपने परिजनों के साथ सुबह यमुनोत्री धाम जा रही थी। अचानक तबीयत बिगड़ी तो परिजनों द्वारा जानकीचट्टी अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक महिला की मौत हो गई थी। घटना की जानकारी पुलिस दी गई।

# डीयू के नए पाठ्यक्रम में कश्मीर, मणिपुर फिलिस्तीन मुद्दा शामिल करने पर विवाद

●स्थायी समिति की बैठक में सदस्यों ने जताई आपत्ति, पैनल का किया गठन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के मनोविज्ञान विभाग ने नए पाठ्यक्रम में कश्मीर मुद्दा, इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष और डेटिंग ऐप्स से जुड़ी आत्महत्याओं जैसे कई संवेदनशील विषयों को प्रस्तावित किया है। स्थायी समिति की बैठक में मंजूरी के लिए आए पाठ्यक्रम पर आपत्ति जताई गई है और मामले में एक पैनल का गठन कर दोबारा लिखकर लाने और विवादित विषयों को हटाने के लिए कहा गया है। संभव है कि प्रस्तावित पाठ्यक्रम पूरी तरह से बदल दिया जाए। मनोविज्ञान के पाठ्यक्रम में एक पेपर की चौथी यूनिट में कॉन्फ्लिक्ट एंड कॉन्फ्लिक्ट रिवॉल्यूशन में कश्मीर मुद्दा, फिलिस्तीन-इजराइल संघर्ष, उत्तर पूर्व के मणिपुर और नगालैंड जैसे विवादों को शामिल किया है। इन पर बैठक में आपत्ति जताई गई। स्थायी समिति की सदस्य ने आरोप लगाया कि समिति के अध्यक्ष प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि कश्मीर मुद्दा हल हो चुका है और हमें इजराइल-फिलिस्तीन पढ़ाने की जरूरत नहीं है। एक अन्य सदस्य ने कहा कि कश्मीर को भारत की संसद ने विवादित मुद्दा नहीं माना है। छात्रों को इसे पढ़ाने का कोई औचित्य नहीं है। उत्तर पूर्व में सात राज्य हैं और दो राज्य मणिपुर और नगालैंड का चयन किया गया है, जहां विवाद खड़ा हो रहा है। मनोविज्ञान से इस तरह के विवादों का कोई सीधा संबंध नहीं है। स्नातक पाठ्यक्रमों में इन्हें शामिल करने से छात्रों पर बुरा असर पड़ेगा। एक अन्य सदस्य ने बताया कि नए पाठ्यक्रम के स्थान पर महाभारत और भगवद गीता जैसे भारतीय महाकाव्यों को शामिल करने की बात कही गई है। शिक्षकों का कहना है कि यह बदलाव वैश्विक शांति अध्ययन के परिप्रेक्ष्य को सीमित कर पाठ्यक्रम की व्यापकता को प्रभावित करेगा। इसके साथ ही मनोविज्ञान विभाग द्वारा प्रस्तावित एक और संशोधन में डिजिटल मीडिया खंड के अंतर्गत डेटिंग ऐप्स और उनके मनोवैज्ञानिक प्रभाव को शामिल करने का सुझाव था। विभाग का तर्क था कि हाल के दिनों में डेटिंग एप्स के गलत इस्तेमाल से आत्महत्या के कई मामले सामने आए हैं, इसलिए छात्रों को इस पर शोध और समझ होनी चाहिए। समिति में इसे भारतीय पारिवारिक प्रणाली के खिलाफ पश्चिमी विचार कहकर अस्वीकार कर दिया। बैठक में माइनारिटी स्ट्रेस थ्योरी, विविधता का मनोविज्ञान, जातिगत भेदभाव और पितृसत्ता जैसे विषयों पर भी आपत्ति जताई गई। स्थायी समिति की एक महिला सदस्य ने कहा कि विभाग की अकादमिक स्वायत्तता पर राजनीतिक दखलअंदाजी हावी हो रही है।

## क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, । अपराध शाखा ने क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये आईपीएल 2025 के मैच पर सट्टा लगा रहे थे। इनके कब्जे से तीन लैपटॉप, नौ मोबाइल, दो नोटबुक, एक टीवी स्क्रीन और अन्य गैजेट बरामद किए गए है।

अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सेक्टर-11, द्वारका निवासी हिमांशु गुलाटी, किरण गार्डन, उत्तम नगर निवासी अमित कुमार और उत्तम नगर निवासी अमित माकोल के रूप में हुई है।

पूछताछ के दौरान, यह पता चला कि आरोपी अमित एप की मदद से सट्टेबाजी का संचालन कर रहा था और सट्टा लाइव आईपीएल मैच स्ट्रीम के दौरान प्रत्येक दांव को अमित द्वारा नोटपैड में मैन्युअल रूप से नोट कर लगाया जा रहा था। सट्टेबाजी की दरें स्क्रीन पर प्रदर्शित की जा रही थीं।

# जापानी पार्क में पेड़ से लटका मिला नाबालिग लड़की का शव, आत्महत्या का संदेह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली के रोहिणी इलाके में जापानी पार्क में शनिवार सुबह एक नाबालिग लड़की का शव पेड़ से लटका मिला। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि लड़की की उम्र 14 से 16 साल के बीच है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। पुलिस उपायुक्त (रोहिणी) अमित गोयल ने कहा, ह्लशव को सुबह करीब पौने सात बजे एक राहगीर द्वारा देखे जाने पर प्रशांत विहार थाने को सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो लड़की का शव दुपट्टे से पेड़ से लटका हुआ मिला।ह्व पेड़ के नीचे लड़की की चप्पलें पड़ी मिलीं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसने यह कदम उठाने से पहले उन्हें उतार दिया था। डीसीपी ने बताया कि शव पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए। घटनास्थल की जांच के लिए अपराध शाखा तथा फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम को बुलाया गया है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में सुरक्षित रख दिया गया है। पुलिस ने बताया कि लड़की की पहचान स्थापित करने के प्रयास जारी हैं, इसके लिए लापता लोगों की रिपोर्ट खंगाली जा रही हैं और आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पूरी घटना की तथ्यों के साथ जांच की जा रही है, ताकि वास्तविक कारणों और घटनाक्रम का पता लगाया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस, हल्की बारिश की संभावना

नई दिल्ली,। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसत से 2.5 डिग्री कम है। मौसम विभाग ने दिन में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश की भी संभावना जताई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, सफदरजंग मौसम केंद्र ने देर रात ढाई बजे से सुबह साढ़े आठ बजे तक मात्र छह घंटों में 77 मिमी बारिश दर्ज की। यह मई महीने में दिल्ली में 24 घंटे के भीतर हुई दूसरी सबसे अधिक वर्षा थी, जब से 1901 में रिकॉर्ड रखना शुरू हुआ। अब तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड 119.3 मिमी है, जो मई 2021 में एक ही दिन में दर्ज किया गया था।


### दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लावारिस बैग मिला, जांच के लिए बम निरोधक दस्ता, दमकल अधिकारी भेजे गए

नई दिल्ली,। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के एक गेट पर शनिवार को एक लावारिस बैग मिला जिसके बाद बम निरोधक दस्ते तथा श्वान दस्तों को मौके पर भेजा गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने बताया कि एक दमकल गाड़ी को भी मौके पर भेजा गया है और अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने कहा कि सुबह सात बजकर 55 मिनट पर सूचना मिली कि स्टेशन के गेट नंबर आठ पर एक लावारिस बैग पड़ा है। अधिकारी ने कहा, ह्यह्यइससे संदेह पैदा हुआ और हमने घटनास्थल पर एक दमकल गाड़ी भेजी।ह्लह्ल उन्होंने कहा कि अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है और तलाश अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्ते घटनास्थल पर मौजूद हैं।

### मयूर विहार में एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने का आरोपी किशोर हिरासत में लिया गया

नई दिल्ली,। पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार इलाके में झगड़े के दौरान एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने के आरोप में एक किशोर को हिरासत में लिया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोपी ने बुधवार को झगड़े के दौरान पीड़ित राकेश के पेट के बाएं हिस्से पर चाकू से हमला करके घायल कर दिया था। अधिकारी ने कहा, ह्यह्यराकेश को पहले लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया और बाद में उन्नत उपचार के लिए दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर में स्थानांतरित कर दिया गया। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मयूर विहार पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करके गहन जांच शुरू की गई है।ह्लह्ल प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पुरानी रंजिश के कारण हमला किया गया। अधिकारी ने बताया, तीखी झड़क के दौरान किशोर ने राकेश के पेट में चाकू मार दिया और भाग गया। अंततः किशोर को बृहस्पतिवार की सुबह त्रिलोकपुरी के 31 ब्लॉक से पकड़ लिया गया। आरोपी के पास से हमले में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पढ़ाई छोड़ चुका है और उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है।

## भाजपा नेता रविंदर कुमार का निधन, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सहित कई नेताओं ने जताया शोक




नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और चांदनी चौक से पूर्व निगम पार्षद रहे रविंदर कुमार, जिन्हें रवि कप्तान के नाम से जाना जाता था, का शुक्रवार देर शाम गुरुग्राम के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से दिल्ली भाजपा में शोक की लहर है। रवि कप्तान वर्ष 2017 से 2022 तक चांदनी चौक वार्ड से नगर निगम पार्षद रहे थे। हालांकि 2022 में हुए नगर निगम चुनाव में उन्हें उसी सीट से हार का सामना करना पड़ा। रविंदर कुमार वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व विधायक वासुदेव कप्तान के पुत्र थे। उनके निधन पर दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा, हमने एक समर्पित, लोकप्रिय और अनुभवी कार्यकर्ता को खो दिया है। भाजपा दिल्ली के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने भी भावुक शब्दों में श्रद्धांजलि दी और कहा कि रविंदर कुमार न केवल उनके व्यक्तिगत मित्र थे, बल्कि एक धार्मिक और गरीबों के हितचिंतक नेता भी थे।

# वर्ल्ड एजुकेशन समिट 2025 का हुआ आयोजन, शिक्षाविदों को मिला सम्मान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्लीः एशिया टुडे मीडिया द्वारा आयोजित वर्ल्ड एजुकेशन समिट 2025 के दौरान, राज भूषण चौधरी, माननीय राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा, विकसित भारत को दुनिया की सच्चाई बनाने के लिए मोदी सरकार ने दूरदर्शिता के साथ अनेक ठोस कदम उठाए हैं। नई शिक्षा नीति और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छ भारत अभियान, जल जीवन मिशन और हर घर नल जैसी योजनाओं से देश के हर कोने में विकास की रोशनी पहुंच रही है। मोदी सरकार की सोच समावेशी है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। यही नीति भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा रही है। कार्यक्रम में देश-विदेश से आए शिक्षाविदों ने शिक्षा के बदलते तरीकों, तकनीक के इस्तेमाल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। सम्मानित होने वालों में एसआरएम यूनिवर्सिटी एपी, जॉनसन ग्रामर स्कूल आईसीएसई और आईएससी , मल्लापुर, एडमिशनज्ञान एजुकेशन कंसल्टेंसी, इंटरनेशनल स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज फॉर विमेन, श्री सिद्धार्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, राठौड़ूस आईएएस एकेडमी और श्री पी. वेंकटा रमेश सहित कई प्रतिष्ठित संस्थान और शिक्षा विशेषज्ञ शामिल रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथियों के रूप में राज भूषण चौधरी, माननीय राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, निलेश रोनिल कुमार, काउंसलर, फिजी हाई कमीशन, और मोहन सिंह बिष्ट, विधायक, दिल्ली विधानसभा उपस्थित रहे। सम्मेलन में शिक्षकों, प्राचार्यों और शिक्षा संस्थानों के प्रतिनिधियों ने मिलकर इस बात पर चर्चा की कि कैसे तकनीक और खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले समय में पढ़ाई-लिखाई के तरीकों को बदल सकता है। शिक्षाविदों ने बताया कि छात्रों को आज के समय के हिसाब से तैयार करना जरूरी है और इसके लिए शिक्षकों को भी नई तकनीकों की जानकारी होनी चाहिए। कार्यक्रम में यह भी चर्चा हुई कि किस तरह से स्कूलों और कॉलेजों में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए नए तरीके अपनाए जा सकते हैं। साथ ही, शिक्षा में हो रहे बदलावों और नई शिक्षा नीति 2020 के असर पर भी विचार किया गया।

## दिल्ली नगर निगम के 12 वार्डों में उपचुनाव की तारीखों का ऐलान जल्द



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के खाली पड़े 12 वार्डों में उपचुनाव की प्रक्रिया अब तेज हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने इन सभी वार्डों के लिए रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त कर दिए हैं और संभावना जताई जा रही है कि अगले सप्ताह तक उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया जाएगा। चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद संबंधित अधिसूचना जारी होगी और प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करने का अवसर मिलेगा। इस बार आयोग ने वर्ष 2024 की अद्यतन मतदाता सूची को मान्यता देने का निर्णय लिया है। राजनीतिक समीकरणों में बदलाव की संभावना इन 12 सीटों में से 9 पर पूर्व में भाजपा का कब्जा था जबकि 3 सीटें आम आदमी पार्टी के पास थीं। ऐसे में इस उपचुनाव से दोनों प्रमुख दलों के लिए नगर निगम में अपनी स्थिति मजबूत करने या गंवाने का खतरा बना हुआ है। बता दें कि हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा के आठ और आप के तीन पार्षद विधायक निर्वाचित हुए थे। विधायकी की शपथ लेने के बाद इन सभी ने निगम पार्षद पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके अलावा, भाजपा की वरिष्ठ नेता कमलजीत सहरावत के सांसद बनने के बाद उनके वार्ड की सीट भी रिक्त हो गई थी। इस प्रकार, कुल 12 वार्डों में उपचुनाव आवश्यक हो गया है। ऐसे में उपचुनावों के मद्देनजर दिल्ली की राजनीति एक बार फिर गरमाने लगी है।

## दिल्ली-एनसीआर में बारिश का येलो अलर्ट, 08 मई तक मौसम खराब रहने का अंदेशा

### 77 मिमी बारिश से टूटा मई का औसत रिकॉर्ड

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार सुबह तेज आंधी और झमाझम बारिश ने जहां तापमान में जबरदस्त गिरावट दर्ज की, वहीं जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ। इसी के साथ भारतीय मौसम विभाग ने शनिवार को भी बारिश और तेज हवाओं के लिए येलो अलर्ट जारी किया। शंका जाहिर की गई है कि ऐसा मौसम आगामी 08 मई तक बना रह सकता है। आईएमडी के मुताबिक दिल्ली में बीते 24 घंटों में 77 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई, जो मई महीने की औसत 30.7 मिमी बारिश से कहीं अधिक है। इससे अधिकतम तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। तूफानी हवाओं और तेज बारिश के चलते सड़क और हवाई यातायात पर भी असर पड़ा, कई उड़ानें विलंब से रवाना हुईं। शनिवार को मौसम विभाग ने गरज के साथ हल्की बारिश और 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की है। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। वायु गुणवत्ता में आया सुधार केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार शनिवार सुबह 6:30 बजे तक दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 127 रहा, जो मध्यम श्रेणी में आता है। हालांकि, कुछ इलाकों में एक्यूआई 200 के पार भी गया। आईजीआई एयरपोर्ट पर सबसे अधिक 275 और मुंडका में 223 एक्यूआई दर्ज किया गया। दिल्ली के 10 इलाकों में एक्यूआई 100 से नीचे रहा, जिनमें मंदिर मार्ग (66), एनएसआईटी द्वारका (87), पूसा (97) और लोधी रोड (87) शामिल हैं। वहीं, आनंद विहार (140), अशोक विहार (173), वजीरपुर (187), रोहिणी (147) और जहांगीरपुरी (187) जैसे क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता अभी भी खराब श्रेणी के करीब है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में बारिश के चलते वायु गुणवत्ता में और सुधार हो सकता है।

# पंजाब के युवकों के लिए फर्जी शेंगेन वीजा का इंतजाम करने वाला एजेंट गिरफ्तार

नई दिल्ली,। दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश के 29 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिस पर पंजाब के दो यात्रियों को रोम के रास्ते अवैध रूप से स्वीडन की यात्रा करने के लिए फर्जी ह्यशेंगेन वीजाह्ल हासिल करने में कथित रूप से मदद करने का आरोप है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभिनेश सक्सेना को दो यात्रियों को जाली पासपोर्ट देने के आरोप में हिरासत में लिया गया है, जिन्हें दोहा के रास्ते रोम जाने वाली उड़ान में सवार होने का प्रयास करते समय हवाई अड्डे पर रोका गया था। शेंगेन वीजा यूरोप के कुछ देशों में अल्पावधि के लिए दिया जाता है। दोनों यात्री अपने एक रिश्तेदार के माध्यम से लल्ली नामक एजेंट के संपर्क में आए थे, जिसने उनके यात्रा दस्तावेजों और टिकटों की व्यवस्था के लिए कथित तौर पर 31 लाख रुपये की मांग की थी। उनके निर्देश पर अभिनेश ने दोनों के रवाना होने से पहले दिल्ली के महिपालपुर स्थित एक होटल में फर्जी दस्तावेज पहुंचा दिए। अधिकारी ने बताया कि यात्रियों की पहचान 18 वर्षीय तरनवीर सिंह और 20 वर्षीय गगनदीप सिंह के रूप में हुई है और दोनों पंजाब के होशियारपुर के निवासी हैं। अप्रैल महीने में 21-22 तारीख की मध्य रात्रि को वे आईजीआई हवाई अड्डे पर निकासी के लिए आव्रजन डेस्क पर थे, जहां उन्हें हिरासत में ले लिया गया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (आईजीआई) उषा रंगनानी ने कहा, ह्यजांच के दौरान आव्रजन अधिकारियों ने पाया कि उनके भारतीय पासपोर्ट पर लगे शेंगेन वीजा नकली थे। उन्होंने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और पासपोर्ट अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान दोनों ने पुलिस को बताया कि वे रिश्ते के भाई हैं और अपने रिश्तेदारों के पास स्वीडन जाने की कोशिश कर रहे थे। दोनों ने बताया कि उनके रिश्तेदार बेहतर आर्थिक अवसरों की तलाश में पहले ही वहां (स्वीडन) चले गए थे। पंजाब में लल्ली का पता लगाने के लिए कई छापे मारे गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। तकनीकी निगरानी से सक्सेना का पता लगाने में मदद मिली, जिसे दिल्ली में एक ठिकाने से गिरफ्तार किया गया।

## अब दिल्ली में सिर्फ काम दिखेगा, बहाने नहीं : प्रवेश वर्मा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली के लोक निर्माण मंत्री परवेश साहिब सिंह वर्मा ने शुक्रवार को पीडब्लूडी अधिकारियों को एक कड़ा संदेश देते हुए विभाग की कार्यशैली में व्यापक बदलाव की घोषणा की। उन्होंने स्पष्ट किया, ह्लअब दिल्ली में सिर्फ काम दिखेगा, बहाने नहीं चलेंगे। वर्मा ने राजधानी की सूरत बदलने के लिए 21 दिनों का विशेष स्वच्छता और सुधार अभियान शुरू करने की घोषणा की। इसके अंतर्गत सड़कों, नालों, सार्वजनिक स्थलों और फ्लाईओवर्स के नीचे की जगहों की सफाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीडब्लूडी की छवि जनता की नजरों में नकारात्मक हो चुकी है और यह विश्वास फिर से बहाल करना जरूरी है। मंत्री ने कहा कि विभागीय अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ह्लसरकार चाहे जो हो, आपको अपना काम ईमानदारी से करना होगा। जॉब सेतिसफेक्सन तभी मिलेगा जब आपका काम सड़कों पर नजर आए।ह्व वर्मा ने चेतावनी दी कि अनुशासनहीनता पर अब सिर्फ जूनियर इंजीनियरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि जरूरत पड़ी तो चीफ इंजीनियर तक को सस्पेंड किया जाएगा।मंत्री ने फ्लाईओवर्स के नीचे पसरी गंदगी, अंधेरा और नशाखोरी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह दिल्ली की सुंदरता के साथ अन्याय है और इस पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने ठेकेदारों को अनुशासित करने की भी बात कही। ह्लअगर आप जानबूझकर काम में देरी कर रहे हैं, तो आप भी जिम्मेदार हैं,ह्व उन्होंने कहा, हर प्रोजेक्ट की टाइमलाइन तय होगी और उसकी सख्ती से निगरानी की जाएगी। अंत में वर्मा ने सभी अधिकारियों से आह्वान किया कि वे इस बदलाव के नेतृत्वकर्ता बनें। उन्होंने इसे केवल एक सरकारी निर्देश नहीं, बल्कि पीडब्लूडी की साख को दोबारा स्थापित करने का प्रयास बताया।

# आयुष्मान वय वंदन योजना

●प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना

●विधायक सहायता कैंप कार्यालय का शुभारंभ

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली : आज विधायक कार्यालय में आयुष्मान व वंदन योजना जो तीन दिन पहले माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी ने तीन दिन पहले प्रारंभ किया था वह आज विधायक कार्यालय में आयुष्मान कार्ड सहायता कैंप प्रारंभ किया गया है। यह एक माह के लिए विशेष कैंप आयोजित किया गया है जिसमें कंप्यूटर ऑपरेटर विशेष रूप से लगाए गए हैं जो 70 प्लस हमारे वरिष्ठ हैं उनको कार्ड बनाने में आसानी हो जिससे 5 + 5 यानी पांच लाख केंद्र का 5 लाख विधि सरकार का स्वास्थ्य बीमा का अब लाभ ले पाएंगे, जिससे दिल्ली का हर बुजुर्ग वंचित था अब तक पिछली सरकार ने दिल्ली वालों को इस सुविधा का लाभ जो आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पूरे देश के लिए दिया था वह दिल्ली से दूर रखा गया था जिसका बड़ा दुष्परिणाम हमने कोरोना काल में देखा था अब से यह दिल्ली में लागू हो गया है और अब जाकर के यहां पर सारी सुविधाएं मौजूद है सिर्फ आधार कार्ड लेकर के आये और मैं घोंडा विधानसभा के सभी लोगो से यह कहना चाहता हूँ आपके आसपास में गली मोहल्ले में समाज में मार्किट में और फ्लअ२ में जो भी 70+ हो उन सबके लिए हमारा विधायक कार्यालय सेवा के लिए तत्पर खड़ा है। आप उन्हें लेकर के आये उनका आयुष्मान कार्ड बनवाये यह भी एक यज्ञ के बराबर फल आपको मिलने वाला है। सबसे बड़ी कंपनी दुनिया की 70 साल से ऊपर का हेल्थ इंश्योरेंस नहीं करता थी। भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंदर मोदी जी ने भारत का बेटा होने का श्रवण कुमार होने का फर्ज निभाया और दिल्ली के मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी ने दिल्ली की बेटी होने का अपना धर्म निभाया इसलिए दिल्ली में 5 + 5 लाख की यह योजना प्रारंभ हुई है हमने आज अपने विधायक कार्यालय से इसका शुभारम्भ कर दिया है जिसमे हमारी जिला अध्यक्षा श्रीमती पूनम चौहान जी, पार्षदा श्रीमती रेखा रानी जी, पार्षदा श्रीमती प्रीति गुप्ता जी, मण्डलो के अध्यक्ष और अनेक वरिष्ठगण एवं साथीगण लोग मौजूद रहे। आज के दिन कार्यालय में 48 आयुष्मान कार्ड बनाये गए है और 10 लोगो को कार्ड सुपुर्द किये गए।

## मालवीय नगर में घर के अंदर व्यक्ति का सड़ी-गली अवस्था में शव मिला

नई दिल्ली,। दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में एक बंद घर के अंदर से 32 वर्षीय एक व्यक्ति का सड़ी-गली अवस्था में शव मिला है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी थी। पुलिस को शुक्रवार को एक महिला का फोन आया, जिसने बताया कि उसका भाई सुभब्रत घोष चौधरी पिछले लगभग एक सप्ताह से लापता है और उसका फोन भी बंद आ रहा है। पुलिस की एक टीम चौधरी के घर गई, जहां उसका एक चचेरा भाई पहले से ही मौजूद था। एक अधिकारी ने बताया, ह्यघर अंदर से बंद था। जब टीम ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर सड़ी-गली अवस्था में सुभब्रत का शव मिला।ह्व अधिकारी ने बताया कि शव काफी सड़ चुका था, लेकिन प्रारंभिक जांच में किसी आपराधिक गतिविधि के संकेत नहीं मिले हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 194 (अप्राकृतिक, संदिग्ध मौतों से संबंधित) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## चरणजीत चन्नी की टिप्पणी पर भाजपा का हमला, पात्रा ने कांग्रेस पर कसा तंज अब पीडब्ल्यूसी हो गई है

नई दिल्ली,। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने शनिवार को कांग्रेस नेता और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के सर्जिकल स्ट्राइक वाले बयान की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि जिस सर्जिकल स्ट्राइक ने पूरे पाकिस्तान में खलबली मचा दी थी, जिस सर्जिकल स्ट्राइक को पाकिस्तानी के सभी सैन्य अधिकारियों ने स्वीकार किया था, अब उसके सबूत मांगकर चरणजीत सिंह ने यह साबित कर दिया है कि ह्यकांग्रेस वर्किंग कमेटीह्ल (सीडब्ल्यूसी) अब पीडब्ल्यूसी यानी पाकिस्तान वर्किंग कमेटी में तब्दील हो चुकी है। यह सिर्फ बाहर से सीडब्ल्यूसी दिखती है, जबकि अंदर से यह पूरी तरह पीडब्ल्यूसी है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, रविवार, 04 मई, 2025

# दिल्ली सरकार के 70 दिन पूरे, उट रेखा गुप्ता ने 70 विधानसभा के लिए 70 गाड़ियां रवाना की

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को आयुष्मान भारत योजना के तहत मोबाइल पंजीकरण अभियान की शुरूआत की, जिसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को प्रधानमंत्री वय वंदना योजना (PMVVY) में पंजीकृत करना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अगले 70 दिनों तक दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में 70 वाहन 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के पंजीकरण के लिए तैनात किए जाएंगे। उन्होंने कहा, यहां एक वैन और दो कंप्यूटर ऑपरेटर हैं। यह वाहन 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को ढटश्श में पंजीकृत करने के लिए है। उन्होंने आगे कहा, यह अभियान दिल्ली सरकार के 70 दिन पूरे होने के अवसर पर शुरू किया गया है। ये वाहन दिल्ली के हर वरिष्ठ नागरिक तक पहुंचेंगे। सीएम ने अरविंद केजरीवाल पर साधा निशाना मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को दिल्ली में लागू करने में बाधा डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, केजरीवाल ने इस केंद्र की योजना को रोका, जिससे दिल्ली के लोगों को भारी नुकसान हुआ। वृद्धों के लिए पेंशन योजना है वय वंदना योजना प्रधानमंत्री वय वंदना योजना एक पेंशन योजना है, जिसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना और भविष्य में ब्याज आय में कमी से उनकी रक्षा करना है। दिल्ली में इसके लिए केवल आधार कार्ड और मोबाईल नंबर से ही रजिस्ट्रेशन हो जाएगा।

# दिल्ली के आनंद पर्वत लूट कांड में बड़ा खुलासा भाई से बदला के लिए बहन से लूटे 25 लाख

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। दिल्ली के आनंद पर्वत की शांत बस्ती में 30 अप्रैल की रात उस समय सन्नाटा छा गया जब चार हथियारबंद युवक एक महिला के घर में घुस गए। बदमाशों ने पिस्तौल की नोक पर महिला को बंधक बनाने के बाद 25 लाख रुपये की लूट की वारदात को फिल्मी अंदाज में अंजाम दिया। आरोपियों ने लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। लूट की वारदात की सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने महज 48 घंटे में केस का खुलासा कर राजधानी के लोगों को राहत की सांस लेने का मौका दिया। आनंद पर्वत इलाके में लूट की यह कहानी महज पैसों की नहीं बल्कि पांच साल पुरानी क्राइम की घटना से से भी जुड़ी है। मुख्य आरोपी मनीष उर्फ जतिन पहले पीड़िता के भाई के साथ हत्या के प्रयास से जुड़े मामले में सह-आरोपी था। इस मामले में पीड़िता के भाई से विवाद होने के बाद मनीष ने साल 2024 में बदला लेने की ठानी थी। उसे पता था कि पीड़िता का परिवार कपड़े के कारोबार में है। कारोबारी होने की वजह से घर में अक्सर बड़ी रकम रखी जाती है। उसने लूट की योजना बनाई और अपने साथी आयुष उर्फ ईशू को इसकी जिम्मेदारी सौंपी। आयुष ने राहुल उर्फ मिर्जा, जतिन उर्फ बॉबी और सचिन उर्फ गौरव को इस योजना में शामिल कर लिया। एक अन्य आरोपी भी देशी पिस्टल लेकर आने के बाद इस योजना में शामिल हो गया। 30 अप्रैल की रात करीब 8 बजे सभी आरोपी आनंद पर्वत स्थित मकान में घुसे। महिला को बंदूक की नोक पर कमरे में ले जाकर बांधा और तिजोरी से 25 लाख नकद और मोबाइल फोन लूट लिए। जाते-जाते वे महिला को अंदर ही बंद कर फरार हो गए। डर और सदमे से कांपती महिला ने किसी तरह मदद बुलाई। इस मामले को लेकर शिकायत मिलने के बाद दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में छापेमारी कर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने पुरानी रंजिश का बदला लेने के मकसद से इस वारदात को अंजाम दिया।

# संस्कृत संभाषण शिविर का भव्य समापन समारोह

**छात्रों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने मोहा मन, अतिथियों ने बढ़ाया उत्साह**



प्रात : किरण : मनोज जैन

गांधीनगर स्थित डीएवी विद्यालय क्रमांक 1 में आज संस्कृत संभाषण शिविर का समापन समारोह अत्यंत गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक श्री मनोहर जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि श्री कौशल तिवारी जी ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्रों को संबोधित किया। विद्यालय के अध्यक्ष श्री नरेश शर्मा जी एवं शिविर संचालक श्री करणवीर जी भी मंचासीन रहे। समापन कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने संस्कृत समूह गीत, एकल गीत, एक्शन गीत, स्व-अनुभव और दैनिक व्यवहार में प्रयुक्त शब्दों पर आधारित विविध प्रस्तुतियाँ दीं। इन सभी कार्यक्रमों ने न सिर्फ श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि संस्कृत भाषा में आज भी वह जीवंतता है जो जनमानस को जोड़ने का कार्य कर सकती है। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता ने संस्कृत के महत्व, उससे मिलने वाले संस्कारों तथा जीवन में उसके प्रयोग की प्रेरणा दी। अंत में श्री मुरली जी ने सभी उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों व शिविर के आयोजकों का विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का समापन किया।

# धूमधाम से चल रही थी जन्मदिन की पार्टी तभी युवक पर कुल्हाड़ी से किया हमला

नई दिल्ली,। ज्योति नगर इलाके में दोस्त के जन्मदिन की पार्टी में एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पार्टी के दौरान पीड़ित का कुछ लोगों से गाना बजाने को लेकर विवाद हो गया था। हमलावरों ने युवक पर कुल्हाड़ी से वार कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। हमले के दौरान ही गश्त कर रहे पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए और एक युवक को दबोच लिया। पुलिस हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर भागे हुए आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। घायल युवक की पहचान बुराड़ी निवासी अरविंद पांडेय के रूप में हुई है। मूलतः सहरसा बिहार का रहने वाला अरविंद बिजली कंपनी में काम करता है। जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि 30 अप्रैल की देर रात करीब 12 बजे इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल पर तैनात पुलिसकर्मी ज्योति नगर इलाके में गश्त कर रहे थे। पुलिसकर्मियों ने लोनी गोल चक्कर के पास कुछ लोगों को झगड़ा करते देखा। वहां पहुंची पुलिस ने हमला कर रहे एक युवक को पकड़ा जबकि घायल युवक को तुरंत जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस पकड़े गए युवक सूरज को थाने लेकर गई। उसके बाद पुलिस टीम अस्पताल पहुंची। अरविंद ने बताया कि उसके दोस्त राज का जन्मदिन था। उसने लोनी गोल चक्कर के पास पार्टी दी थी। वह अपने दोस्त हिमांशु के साथ पार्टी में पहुंचा था। वहां राज के करीब 20 से अधिक दोस्त मौजूद थे। पार्टी के दौरान उसकी गाना बजाने को लेकर शिवम और सूरज से विवाद हो गया।

# कृष्णा नगर में कुमार गौरव जैन के खिलाफ नारेबाजी, पुलिस की तत्परता से मामला शांत

**● कुमार गौरव जैन का कहना, मैंने कोई गलत शब्द नहीं लिखा था पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्थिति को किया शांत**

प्रति : किरण, मनोज जैन



शुक्रवार रात कृष्णा नगर में जैन समाज के सैकड़ों लोग कुमार गौरव जैन के घर के बाहर एकत्र हो गए और उनके खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस नारेबाजी का कारण कुमार गौरव द्वारा सोशल मीडिया पर एक जैन साधु के खिलाफ कथित रूप से अपत्तिजनक शब्द लिखना था। जैसे ही यह मामला तूल पकड़ा, कृष्णा नगर थाना पुलिस को सूचना मिली और तत्परता से मौके पर पहुंची। कुमार गौरव जैन ने पुलिस के सामने स्पष्ट किया कि उन्होंने जानबूझकर कोई ऐसे शब्द नहीं लिखे थे जिससे किसी को आपत्ति हो। उन्होंने कहा, ह्लमुझे बताइए, मैंने तो कोई ऐसा शब्द नहीं लिखा जिसमें लोगों को परेशानी हो। यह पूरी स्थिति एक गलतफहमी का परिणाम है, और मेरी सोच को गलत तरीके से पेश किया गया है ह्व कुमार गौरव ने पूरी तरह से आरोपों से इनकार किया और अपनी बात पुलिस के सामने रखी। इसके बावजूद, जैन समाज के लोग नाराज थे और उनका गुस्सा अपने उच्चतम स्तर पर था। कृष्णा नगर थाने के एसएचओ मुकेश राणा और अतिरिक्त एसएचओ अर्जुन सिंह ने पूरे मामले को सुलझाने के लिए सक्रियता दिखाई। पुलिस ने नारेबाजी कर रहे सभी लोगों को वहां से हटाया और उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से स्थिति को समझने की कोशिश की। हालांकि, कुछ लोग जो कुमार गौरव के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे, उन्हें पुलिस ने थाने बुलाया। थाने में कुमार गौरव से मुलाकात के बाद पुलिस ने उन्हें समझाया और दोनों पक्षों के बीच आपसी तालमेल स्थापित किया। इस प्रयास से मामला शांत हुआ और पूरे समाज में आपसी भाईचारा कायम हो गया। पुलिस की सूझबूझ और तत्परता से एक गंभीर स्थिति को संभालते हुए जैन समाज और कुमार गौरव के बीच सुलह कराई गई।

# आईजीआई पुलिस ने दिल्ली के एजेंट को गिरफ्तार किया



प्रात : किरण संवाददाता

आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने फजीर्वाड़ा करने के मामले में एक एजेंट को गिरफ्तार किया है। आरोप है, की उसने पंजाब के रहने वाले एक शख्स के लिए फर्जी पासपोर्ट का इंतजाम किया था। जब वह शख्स जसप्रीत सिंह फ्रांस से आईजीआई एयरपोर्ट 28 अप्रैल को पहुंचा और उसके डॉक्यूमेंट की जांच की गई, तो गड़बड़ी का पता चला। उसने पूछताछ में बताया कि वह दिल्ली के रहने वाले एक एजेंट रोहित से नया पासपोर्ट तैयार करवाया था। फिर उस आरोपी की निशानदेही पर दिल्ली के शाहदरा में रहने वाले एजेंट रोहित वेद को एसीपी वीके पीएस यादव की देखरेख में एसएचओ सुशील गोयल, सुमित, हेड कांस्टेबल बिरजू की टीम ने इसके बारे में पता लगाकर गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ हुई तो बताया कि काम के सिलसिले में जब वह कई देशों को यात्रा किया तो उसका संपर्क दूसरे एजेंट से हो गया। और शॉर्ट कर्ट से पैसा कमाने के लिए इस तरह के धंधे में शामिल हो गया।

# विश्व प्रेस दिवसः श्री वेंकटेश्वरा में अभिव्यक्ति की आजादी विषय पर संगोष्ठी एवं मूट कोर्ट का आयोजन

**● क्रान्तिकारियों से कम नहीं कलमकारों/ पत्रकारों का योगदानः सुधीर गिरि**

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा/गजरौला।श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर संस्थान के पत्रकारिता विभाग एवं कानून (विधि) विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अभिव्यक्ति की आजादी विषय पर संगोष्ठी एवं मूट कोर्ट का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए वरिष्ठ इतिहासकार एवं कानूनविद प्रो. (डा.) उदयवीर सिंह ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का मतलब है कि इस देश में अन्तिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी निडर होकर बिना किसी दबाव के अपनी भावनाओं, विचारों एवं सूचनाओं को समाज एवं सरकार तक पहुंचा सके, लेकिन दुखद पहलू यह है कि सोशल मीडिया जैसे कुछ बिना सम्पादकीय नियंत्रण वाले मीडिया प्लेटफार्म तथ्यहीन, बेबुनियाद भ्रामक एवं झूठी खबरों को प्रचारित -प्रसारित कर समाज एवं देश में वैमनस्य पैदा करने का काम कर रहे है। विश्व पत्रकारिता स्वतन्त्रता दिवस पर आइये हम सब मिलकर शपथ लेते है कि आम आदमी की आवाज बनकर उनको न्याय दिलाने का काम करेंगे। श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय के मूट कोर्ट सभागार में विश्व प्रेस स्वतन्त्रता दिवस परअभिव्यक्ति की आजादी विषय पर आयोजित संगोष्ठी एवं मूट कोर्ट सेरेमनी का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, मुख्य अतिथि कानूनविद प्रो. उदयवीर सिंह, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, डीन ऑफ लॉ डा. राजवर्धन सिंह आदि ने भी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि मीडिया लोकतन्त्र का चौथा सबसे मजबूत स्तम्भ है जो आम आदमी की आवाज सरकार तक पहुंचाकर उसको न्याय दिलाता हैं, एवं समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम करता है। संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि ने कहा कि आजाद भारत के विकास में मीडिया की रचनात्मक भूमिका हम सब देख रहे है। वही देश की आजादी में भी कलमकारों का योगदान क्रान्तिकारों के बराबर था।

# दिल्ली की अदालत ने बीजेपी सांसद योगेंद्र चंदोलिया के खिलाफ आरोप तय किए

नई दिल्ली,। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 5 साल पुराने एक एक आपराधिक मामले में भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया के खिलाफ शनिवार को आरोप तय कर दिए हैं। चंदोलिया पर एक सरकारी कर्मचारी पर हमला करने का आरोप है। इस मामले में चंदोलिया के खिलाफ 2020 में दिल्ली के प्रसाद नगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) नेहा मित्तल की कोर्ट ने आज इस मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी चंदोलिया के खिलाफ आईपीसी की धारा 341, 353, 356 के तहत आरोप तय किए। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें आईपीसी की धारा 186 के तहत आरोपमुक्त कर दिया। आरोप तय किए जाने के समय चंदोलिया अदालत में कोर्ट थे। चंदोलिया की ओर से वकील हरिओम गुप्ता के साथ वकील सुकृत और अनन्या कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने इस मामले को अगली सुनवाई के लिए 22 मई को सूचीबद्ध किया है। कोर्ट ने कहा कि डिटेल ऑर्डर अभी अपलोड किया जाना है। वर्ष 2020 में कथित रूप से एक सरकारी कर्मचारी को उसकी ड्यूटी करने से रोकने और उसके खिलाफ आपराधिक बल का प्रयोग करने और शिकायतकर्ता हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार से मोबाइल फोन छीनने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई थी। एडवोकेट हरिओम गुप्ता ने बताया कि चंदोलिया के खिलाफ धाराएं नहीं बनती हैं, क्योंकि कोई गवाह नहीं है, कोई एमएलसी नहीं है और मोबाइल फोन की बरामदगी भी नहीं हुई है। हमने इस एफआईआर को रद्द करने के लिए पहले ही याचिका दायर कर दी है, जिस पर 19 मई को सुनवाई होगी। यह मामला प्रसाद नगर थाने में धारा 186, 353, 356, 341 आदि के तहत दर्ज एफआईआर से जुड़ा है।

# हरियाणा से लाया 101 कार्टून में भरकर 5050 क्वार्टर शराब जब्त



प्रात : किरण संवाददाता

मुंडका पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है, जो हरियाणा से शराब की खेप लेकर आया था। उसके पास से पुलिस ने 5050 क्वार्टर अवैध शराब का बरामद किया गया। जो एक गाड़ी में भरकर लाया था। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल गाड़ी को भी जप्त किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रभाकर के रूप में की गई है। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया कि बरामद शराब 101 कार्टून में भरकर लाया गया था। लेकिन इसकी इनफॉरमेशन पुलिस टीम को मिल गई। हेड कांस्टेबल सुनील और कांस्टेबल अंकुश की टीम ने ट्रैप लगाकर गाड़ी को रोका और उसकी तलाशी ली गई। जिससे शराब की पेटियां बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ दिल्ली एक्साइज एक्ट के तहत मुंडका थाना में एफआईआर दर्ज कर लिया गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# एक राष्ट्र एक चुनाव आज भारत के लिए सबसे बड़ी जरूरतः धर्मपाल सिंह लोधी

प्रात : किरण संवाददाता

रामपुर।एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर अजीतपुर स्थित सांवरिया फार्म हाउस में जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह लोधी उपस्थिति रहे।सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए धर्मपाल सिंह लोधी ने कहा, एक राष्ट्रीय एक चुनाव आज भारत की सबसे बड़ी जरूरत है, जिसको भारतीय जनता पार्टी ने ही समझा है, देश के आर्थिक विकास के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है, हम सभी जानते हैं भारत में हर समय कहीं ना कहीं, किसी प्रदेश में चुनाव चलता रहता है, चाहे वह 5 साल में आने वाला लोकसभा चुनाव हो या फिर किसी भी राज्य में चल रहा विधानसभा चुनाव इसके अतिरिक्त भी नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम प्रधान, जिला पंचायत और ब्लॉक प्रमुख की जैसे चुनाव भी चलते रहते हैं जिससे भारत का प्रशासन कहीं ना कहीं व्यस्त रहता है और विकास कामों में हमेशा देरी रहती है आप खुद ही सोच सकते हैं अगर कहीं ना कहीं चुनाव चलता रहेगा तो आचार संहिता लागू रहेगी और आचार संहिता में ना ही कोई विकास कार्य हो पाते हैं ना ही जनता की सुनवाई हो पाती है, अगर हमारे भारत को विकसित राष्ट्र बना है और हम सबको मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना, जो कि भारत को विश्व गुरु बनाने का है उसे साकार होते देखना है तो हमें एक राष्ट्र एक चुनाव के मुद्दे पर अपना समर्थन सरकार को अवश्य देना होगा।सदर विधायक आकाश सक्सेना ने सभी को संबोधित करते हुए कहा आप सब ने हमेशा बढ़-चढ़कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार की सभी योजनाओं का समर्थन किया है और आज आप सभी से एक राष्ट्र एक चुनाव में भी समर्थन की अपेक्षा है। देश के विकास के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव बेहद आवश्यक है।इस मौके पर विधायक आकाश सक्सेना, राजबाला, जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, पिछड़ा राज आयोग उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, पूर्व विधायक यूसुफ अली, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष भटनागर, महिला आयोग सदस्य सुनीता सिंह सैनी, ब्लॉक प्रमुख जगपाल यादव, बैंक चेयरमैन मोहन लाल सैनी, जिला महामंत्री अशोक बिश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनुज सक्सेना, पंकज लोधी, रवि रूहेला, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी , ओबीसी मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी संजीव कुमार वर्मा, संजय पाठक, भारत भूषण गुप्ता, विकास दीक्षित, कृष्ण अवतार लोधी, देवेन्द्र चौधरी, महेन्द्र सैनी, तुषार शर्मा, आशीष गुप्ता, पारुल अग्रवाल , शकुंतला लोधी, दीपक गुप्ता, अमित दिवाकर, कुंवर बहादुर लोधी ,अनु सक्सेना, विवेक रुहेला, भाव उप्पल, कमल लोधी अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कलावती इंटर कॉलेज में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर भव्य महिला सम्मेलन का आयोजन

**● महिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री गुलाब देवी ने महिलाओं को किया संबोधित**

प्रात : किरण संवाददाता



रामपुर। एक देश एक चुनाव पर महिलाओं को संबोधित करते हुए गुलाबो देवी ने कहा, एक राष्ट्र एक चुनाव आज भारत की सबसे बड़ी जरूरत है, जिसको भारतीय जनता पार्टी ने ही समझा है, देश के आर्थिक विकास के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है, हम सभी जानते हैं भारत में हर समय कहीं ना कहीं,किसी प्रदेश में चुनाव चलता रहता है, चाहे वह 5 साल में आने वाला लोकसभा चुनाव हो या फिर किसी भी राज्य में चल रहा विधानसभा चुनाव इसके अतिरिक्त भी नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम प्रधान, जिला पंचायत और ब्लॉक प्रमुख की जैसे चुनाव भी चलते रहते हैं जिससे भारत का प्रशासन कहीं ना कहीं व्यस्त रहता है और विकास कामों में हमेशा देरी रहती है आप खुद ही सोच सकते हैं अगर कहीं ना कहीं चुनाव चलता रहेगा तो आचार संहिता लागू रहेगी और आचार संहिता में ना ही कोई विकास कार्य हो पाते हैं ना ही जनता की सुनवाई हो पाती है, अगर हमारे भारत को विकसित राष्ट्र बना है और हम सबको मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सपना, जो कि भारत को विश्व गुरु बनाने का है उसे साकार होते देखना है तो हमें एक राष्ट्र एक चुनाव के मुद्दे पर अपना समर्थन सरकार को अवश्य देना होगा। सदर विधायक आकाश सक्सेना ने भी महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा, महिलाओं ने हमेशा बढ़-चढ़कर भारतीय जनता पार्टी के सभी निर्णय का साथ दिया है और भारतीय जनता पार्टी ने भी हमेशा महिलाओं के सम्मान को प्राथमिकता दी है, और इसका प्रमाण महिलाओं से जुड़ी विभिन्न योजनाएं और हाल ही में दिया 33 प्रतिशत आरक्षण है, मैं आप सभी को बताना चाहता हूं प्रत्येक चुनाव में एक वाटर पर भारत सरकार के करीब 1400 खर्च होते हैं और हमारे देश में 96 करोड़ वोटर है, अर्थात 14,000 करोड़ एक चुनाव में खर्च हो जाता है और यह बात भी किसी से छुपी नहीं के प्रत्येक वर्ष देश में विभिन्न राज्यों में अनेकों चुनाव से हमें गुजरना पड़ता है, देश के विकास के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव बेहद आवश्यक है।मिलक शाहबाद विधायक श्रीमती राजबाला ने भी महिला सम्मेलन में सभी को संबोधित करते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव देश की सबसे बड़ी जरूरत बताई और जनता से एक राष्ट्र एक चुनाव का समर्थन करने को कहा। जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने सभी को संबोधित करते हुए महिलाओं का धन्यवाद किया और महिला सम्मेलन में बढ़-चढ़कर सहभागिता के लिए उनका अभिवादन किया विधायक आकाश सक्सेना, राजबाला, जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार, बीना भारद्वाज, चेयरमैन दीक्षा गंगवार, महिला आयोग सदस्य सुनीता सैनी, ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, बैंक चेयरमैन मोहन लाल सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष भटनागर, जिला उपाध्यक्ष जगपाल यादव, पंकज लोधी, रवि रूहेला, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, ओबीसी मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी संजीव कुमार वर्मा,आशीष गुप्ता, पारुल अग्रवाल , शकुंतला लोधी, दीपक गुप्ता, देवेंद्र चौधरी, प्रतिभा अग्रवाल, अमित दिवाकर, हिमांशु गंगवार, पूनम सागर, ममता अत्री, ऋषि पांडे, मनोज पांडे, नन्हे राम पांडे , मधु बाला गुगलानी, हेमा रानी, देवेन्द्र राजपाल, देवराज गंगवार, योगेन्द्र गंगवार, अंकित गंगवार अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्यमंत्री गुलाबो देवी ने यूपी बोर्ड के टॉपर्स को किया सम्मानित

रामपुर। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री गुलाबो देवी ने कलावती कन्या इंटर कालेज के यूपी बोर्ड परीक्षा में रामपुर जनपद टॉप करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया। उन्होंने हाईस्कूल की जिला टॉपर आरूषि, इंटरमीडिएट की जिला टॉपर गुल्फिशा और टॉपटेन की सूची में छठा स्थान प्राप्त करने वाली अनस अंसारी को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि इन मेधावियों ने सीमित संसाधनों के बावजूद परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 80,000 करोड़ रुपये के जीएसटी बकाया का समाधान करने की जरूरत : दिल्ली मुख्यमंत्री




प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि विवादों और अन्य कारणों से दिल्ली सरकार का 80,000 करोड़ रुपये का जीएसटी बकाया लंबित है, जिसे हल करने की जरूरत है। उन्होंने साथ ही वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली को फेसलेस और पारदर्शी बनाने पर भी जोर दिया। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के एक कार्यक्रम में गुप्ता ने कहा कि उन्होंने जीएसटी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अगर व्यवसायी पहले से ही अदालत में पेश हो रहे हैं तो उन्हें अपने कार्यालयों में न बुलाया जाए। उन्होंने कहा, ह्लहमारी प्रणाली को फेसलेस बनाएं। कर को परेशानी मुक्त तरीके से एकत्र करना चाहिए।ह्व उन्होंने कर विवादों को सुलझाने और आर्थिक वृद्धि में योगदान देने के लिए सनदी लेखाकारों (सीए) की तारीफ की। लंबित जीएसटी बकाया का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, केवल सीए समुदाय ही इन सभी मुद्दों को सुलझाने में मदद कर सकता है।

# सर्जिकल स्ट्राइक पर सबूत मांगना पागलपन, पूर्व सीएम चन्नी पर भड़के मोहन सिंह बिष्ट

नई दिल्ली,। दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष और मुस्तफाबाद सीट से भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के बयान पर तल्ख टिप्पणी करते हुए शनिवार को कहा कि उनकी मानसिक स्थिति अब ठीक नहीं रही और आतंकवादी हमलों जैसे गंभीर मुद्दों पर उनका इस प्रकार का बयान संवेदनहीनता को दर्शाता है। मोहन सिंह बिष्ट ने कहा,जो व्यक्ति पंजाब का मुख्यमंत्री रहा हो, वह इस तरह की टिप्पणियां करता है, तो साफ है कि उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उन पर पागलपन सवार हो गया है। अगर उनके परिवार का कोई सदस्य ऐसी घटना का शिकार हुआ होता, तो उन्हें दर्द का एहसास होता। यह साफ है कि उनके अंदर पागलपन छा गया है, बल्कि पागलपन की हद हो गई है। मैं यही मानता हूं। उन्होंने कहा कि अगर चन्नी सरकार के साथ खड़े हैं, जैसा उन्होंने बाद में कहा, तो फिर उन्होंने सबूत क्यों मांगा? इस तरह के बयान केवल आतंकवादियों के मनोबल को बढ़ाते हैं और देश की सुरक्षा एजेंसियों का अपमान करते हैं। पहलगाम की घटना बेहद दर्दनाक है और सरकार इस पर निश्चित रूप से कार्रवाई करेगी। पाकिस्तान को करारा जवाब मिलेगा। उल्लेखनीय है कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने शुक्रवार को कांग्रेस कार्य समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा था, ह्लहमारे देश में कोई बम गिरे तो पता नहीं चलेगा? कहते हैं कि हमने पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक किया, कुछ नहीं हुआ। कहीं नहीं दिखे सर्जिकल स्ट्राइक, किसी को नहीं पता चला।ह्व उन्होंने कहा कि वह हमेशा से सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगते रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद सरकार की क्षमता पर सवाल उठने लगा है। पूरा देश इंतजार कर रहा है कि पाकिस्तान को कब जवाब दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि साल 2016 में हुए सर्जिकल स्ट्राइक के बाद भी विपक्ष के नेताओं ने सरकार से सबूत मांगे थे, जिसके बाद विपक्ष सत्तारूढ़ दल के निशाने पर आ गया था। एक बार फिर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने उसी सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाते हुए सबूत मांगे हैं।


देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 04 मई, 2025



# हरियाणा-पंजाब पानी विवादः उट नायब सैनी का बड़ा बयान, बोले- मैं मान साहब से कहना चाहता हूं

प्रात : किरण संवाददाता



हरियाणा और पंजाब के बीच चल रहे जल-बंटवारे के विवाद के बीच, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को दोनों राज्यों के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि सर्वदलीय बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया था कि पंजाब सरकार को भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड द्वारा हरियाणा के हिस्से का पानी जारी करने के निर्णय को लागू करना चाहिए। चंडीगढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, हरियाणा के सीएम ने कहा कि राज्य पीने के पानी से संबंधित मुद्दों का सामना कर रहा है। हरियाणा के सीएम सैनी ने कहा,मैं मान साहब (पंजाब के सीएम भगवंत मान) से कहना चाहता हूं कि यह पानी सिर्फ पंजाब का नहीं, बल्कि पूरे देश का है... 23 अप्रैल को भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड ने हरियाणा को 8,500 क्यूसेक पानी देने का फैसला किया था, लेकिन मान सरकार ने इस फैसले का सम्मान नहीं किया। 30 अप्रैल को बीबीएमपी की बैठक में 23 अप्रैल के फैसले को लागू करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। हरियाणा को 10.67 एमएएफ पानी दिया गया, जबकि उसे 12.55 एमएएफ पानी दिया गया... पंजाब अपने हिस्से से ज्यादा पानी का इस्तेमाल कर रहा है। हरियाणा को मूल रूप से आवंटित पानी से 17 फीसदी कम पानी मिल रहा है... कम से कम पीने के पानी पर राजनीति न करें... आज हरियाणा में पीने के पानी से जुड़ी समस्याएं हैं। हरियाणा के सीएम ने कहा कि पंजाब सरकार को पंजाब के हिस्से का पानी देना चाहिए। दोनों राज्यों में शांति बनाए रखने की मांग हरियाणा के सीएम ने कहा,ह्वआज सर्वदलीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मान सरकार (पंजाब सरकार) को हमारे हिस्से का पानी छोड़ना चाहिए। हमने यह प्रस्ताव भी पारित किया है कि पंजाब सरकार को 23 अप्रैल को बीबीएमपी द्वारा हरियाणा के हिस्से का पानी छोड़ने के निर्णय को लागू करना चाहिए। हम दोनों राज्यों के लोगों से शांति बनाए रखने की भी अपील करते हैं। सीएम सैनी ने बुलाई सर्वदलीय बैठक भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) ने हाल ही में आदेश दिया था कि हरियाणा को अतिरिक्त 8,500 क्यूसेक पानी छोड़ा जाए। इससे पहले आज, नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने चंडीगढ़ में हरियाणा में सर्वदलीय बैठक बुलाई। यह बयान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा 1 मई को प्रमुख जलाशयों में घटते जल स्तर पर चिंता जताए जाने के बाद आया है। उन्होंने उल्लेख किया कि पोंग बांध, भाखड़ा बांध और रंजीत सागर बांध में जल स्तर क्रमशः पिछले साल के स्तर से 32 फीट, 12 फीट और 14 फीट नीचे है। मान ने पंजाब को हरियाणा को 8,500 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्देश देने के लिए भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) पर भी निशाना साधा। सीएम मान ने इस निर्देश का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि पंजाब पहले से ही आगामी धान की बुवाई के मौसम और घटते भूजल स्तर के कारण अपनी पानी की जरूरतों से जूझ रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### टास्क के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद, । साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने टेलीग्राम पर टास्क दिलाने के नाम पर 3.72 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपी हितेश चंद को राजस्थान के बाड़मेर से गिरफ्तार किया है। गांव जवां निवासी युवक को लिंक भेजकर पहले कुछ पैसे भेजे गए, फिर विश्वास में लेकर उससे मोटी रकम ऐंठ ली गई। आरोपी बीएससी, बीएड पास है और उसका बैंक खाता ठगों ने इस्तेमाल किया था, जिसमें 56,229 रुपये आए थे। फिलहाल पुलिस ने उसे तीन दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### महिलाओं के लिए रोजगार और जागरूकता पर जोर

फरीदाबाद, रेणु भाटिया ने महिला पार्षदों से जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार के अवसर दिलाने और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने पॉक्सो एक्ट और घरेलू हिंसा कानूनों की जानकारी साझा कर अन्य महिलाओं को जागरूक करने की अपील की।हेल्पलाइन नंबर करें प्रचारित चेयरपर्सन ने कहा कि महिला प्रतिनिधि हेल्पलाइन नंबर 112 और 1930 की जानकारी हर महिला तक पहुंचाएं और इन्हें हमेशा अपने पास रखें, ताकि आपात स्थिति में तुरंत मदद मिल सके।

### जिला जज ने पदभार ग्रहण किया

ग्रेटर नोएडा, । सूरजपुर स्थित कोर्ट परिसर में शनिवार को नवनियुक्त जिला जज मलखान सिंह ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रमेंद्र भाटी, सचिव अजीत नागर सहित कई अधिवक्ताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। मलखान सिंह ने सभी समस्याओं के निस्तारण के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और बार-बेंच में बेहतर तालमेल बनाए रखने पर बल दिया। इस अवसर पर अजीत भाटी, चरण सिंह भाटी, महेश गुप्ता आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### एनसीसी कैडेट्स को सौंपा प्रमाणपत्र

ग्रेटर नोएडा, । धूम मानिकपुर गांव स्थित नोएडा कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन में शनिवार को एनसीसी की 37वीं बटालियन में, उत्तीर्ण बी और सी कैडेट को प्रमाणपत्र दिए गए। कर्नल संदीप पांडे ने सत्र 2024- 25 में उत्तीर्ण कैडेटों को प्रमाणपत्र सौंपे। इस दौरान एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. मनोज कुमार शर्मा, पीआई स्टाफ सूबेदार अशोक कुमार, अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार राजपूत, प्राचार्य डॉ. आशुतोष राय मौजूद रहे।

### सीमाओं से बाहर सोचने पर दिया जोर

ग्रेटर नोएडा, । जीएल बजाज सेंटर फॉर रिसर्च एंड इन्क्यूबेशन में शुक्रवार को दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ। डॉ. एसपी मिश्रा ने छात्रों को पारंपरिक सीमाओं से बाहर सोचने पर जोर दिया। संदीप जैन ने विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता बेहतर करने के लिए कहा। अभिषेक तिवारी ने स्टार्टअप निर्माण, जोखिम प्रबंधन और नवाचार बनाए रखने की रणनीतियों पर जोर दिया। इस दौरान चेयरमैन पंकज अग्रवाल, प्रो. डॉ. शशांक अवस्थी, प्रो. डॉ.राजेश सिंह मौजूद रहे।

### ट्रक से दवाइयों के 78 बॉक्स चोरी

ग्रेटर नोएडा, । कासना कोतवाली क्षेत्र के सिरसा गांव में ट्रक से बड़ी मात्रा में दवाइयां चोरी होने का मामला सामने आया है। सुल्तानपुर निवासी ट्रक चालक मनोज यादव ने बताया कि दवाइयों के 78 बॉक्स चोरी हुए हैं। वह महाराष्ट्र के भिवंडी से दवाइयों की खेप लेकर 18 अप्रैल को गाजियाबाद के लिए रवाना हुआ था। ट्रक चालक मनोज यादव ने बताया कि 22 अप्रैल की रात करीब 12:30 बजे वह ग्रेनो के सिरसा स्थित डीएफएम कंपनी पहुंचा। थकावट के कारण वह ट्रक को वहीं खड़ाकर सो गया। सुबह उठने पर ट्रक का ताला और डब्बों की सील टूटी मिली। उसे संदेह हुआ और वह गाजियाबाद पहुंचकर गिनती करने पर 78 बॉक्स गायब मिले। कासना थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों से ट्रक के आसपास संदिग्ध गतिविधियों की जांच कर रही है।

### फर्जी सिम से ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

पलवल, । साइबर क्राइम थाना पलवल पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत फर्जी सिम से ठगी करने वाले दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी इरफान उर्फ ईफर को हथीन रोड से पकड़ा गया। उसके पास से एक मोबाइल मिला जिसमें फर्जी सिम चल रही थी। यह सिम महेंद्रगढ़ निवासी मोहन सिंह के नाम थी। मोबाइल डेटा से ठगी के सबूत भी मिले। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा। जांच में मथुरा निवासी अमन को भी पकड़ा गया। साइबर थाना ने जनता से सतर्क रहने और अनजान कॉल या स्कीम से बचने की अपील की है।

## फरीदाबाद : अवैध हथियार सहित दो युवक गिरफ्तार



फरीदाबाद, । फरीदाबाद पुलिस का अवैध हथियार रखने वालों पर कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से देसी कट्टे बरामद किए है। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि क्राईम ब्रांच सैंट्रल व क्राईम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम ने अपने गुप्त सुत्रो से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्रमशः आसिफ निवासी गांव हुसैनी, मथुरा उत्तर प्रदेश हाल किसान मजदूर कॉलोनी, फरीदाबाद को शमशान घाट खेडीपुल की पार्किंग के पास से व अजहर निवासी रोशन नगर, पल्ला फरीदाबाद को कॉवरा मोड, फरीदाबाद से देशी कट्टा सहित काबू किया। जिनके विरुद्ध संबंधित थानों में शास्त्र अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत मामले दर्ज किए गए। दोनो आरोपियो को पुछताछ के बाद न्यायालय मे पेश कर जेल भेज दिया।

## डीसीपी प्रशांत गौतम की अगुवाई में थाना कृष्णा नगर में जनसुनवाई, जनता को मिला समाधान का भरोसा

प्रात : किरण : मनोज जैन




शाहदरा जिले के थाना कृष्णा नगर में डीसीपी प्रशांत गौतम के निदेर्शानुसार आज जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में गांधी नगर क्षेत्र के बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और अपने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कार्यक्रम में किरायेदारी के विवाद, पति-पत्नी के आपसी मतभेद, शिक्षा से जुड़ी चिंताएं, मोहल्ले में होने वाले झगड़े जैसे विषय प्रमुखता से उठे। अधिकतर शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि कुछ मामलों में समय लेकर कानूनी प्रक्रिया के तहत हल निकाले जाने का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई में थाना कृष्णा नगर के एसएचओ मुकेश राणा की अगुवाई में अतिरिक्त एसएचओ अर्जुन सिंह व सचिन वर्मा, एसीपी गांधी नगर कार्यालय से नीरज शर्मा, गीता कॉलोनी थाना एवं गांधी नगर थाना से अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से सुना और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दो मामलों में, जिनमें विवाद बढ़ने की आशंका थी, संबंधित पक्षों को सख्ती से समझाया गया और चेताया गया कि यदि भविष्य में फिर विवाद हुआ तो पुलिस कार्यवाही निश्चित रूप से की जाएगी। डीसीपी प्रशांत गौतम की संवेदनशील सोच और जनहित में तत्परता ही है कि जनसुनवाई जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जनता की छोटी-बड़ी समस्याएं सीधे पुलिस के सामने रखी जा रही हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता ने शाहदरा जिले में पुलिस और जनता के बीच विश्वास की एक मजबूत कड़ी बना दी है।

## एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन मे व्यापारी सम्मेलन आयोजित

- भारत में आजादी के बाद भी एक ही चुनाव हुआ करता था, लेकिन ततकालीन सरकार ने अपने स्वार्थ के लिए अलग-अलग चुनाव कराने लगीं : विनीत अग्रवाल शारदा

प्रात : किरण ब्यूरो, इकरामुद्दीन मलिक




अमरोहा। एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थक में निशा पैलेस बिजनौर रोड पर एक व्यापारी सम्मेलन राकेश वर्मा जिला महामंत्री के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षाता व्यापारी सुरक्षा फॉर्म के प्रदेश अध्यक्ष अनिल जैन ने की एवं कार्यक्रम उपरांत पंडित कपिल शर्मा के प्रतिष्ठान टीपी चौराहा पर प्रेस वार्ता की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनीत अग्रवाल शारदा प्रदेश संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा ने कहा कि देश में आजादी उपरांत उस समय तक एक चुनाव हुआ करते थे। उन्होंने कहा कि उस समय की तत्कालीन सरकार ने अपने स्वार्थ के लिए देश की जनता का गला घोट दिया और समय-समय पर अलग-अलग चुनाव कराने लगी। उन्होंने कहां की देश की आजादी को 77 वर्ष हो चुके हैं। जिसमें 1951 से 1967 तक एक चुनाव हुआ करते थे। भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1971 में लगा कि उनकी सरकार डूब गई है तो उन्होंने इन चुनाव पर रोक लगा दी और 1975 में इमरजेंसी लगाकर देश भक्तों को 19 महीने के लिए जेल में डाल दिया उसके बाद चुनाव की स्थिति बदलती गई और चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव विधानसभा चुनाव जिला पंचायत चुनाव नगर निगम चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे और जनता का विश्वास लोकतंत्र से हटने लगा उन्होंने कहा कि अरबों रुपए का टैक्स देने वाले व्यापारीयों की गाड़ी कमाई चावन में चली गई उद्योग बंद होते चले गए युवाओं की गति रुकने लगी उन्होंने कहा कि मेरे व्यापारी जो अरबो रुपए का टैक्स पेयर करते हैं और चुनाव का खर्चा होता है उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी देश में होने वाली लोकसभा विधान सभा के चुनाव को एक साथ कराने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित किया है उसके लिए समाजिक स्तर पर जन समर्थन जुट आने की मांग की है उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति महामहिम कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई जो 18000 पन्नू की रिपोर्ट सौपी गई उन्होंने कहा कि जिस में से 47 राजनीतिक दलों ने उसका समर्थन किया और 14 राजनीतिक दलो जैसे सपा बसपा कांग्रेस ममता सरकार केजरीवाल सरकार तमिलनाडु सरकार आदि ने इनका विरोध किया। जिन्होंने श्री राम को नहीं माना हम श्रीराम को मानने वाले लोग हैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं फिर से देश सोने की चिड़िया बने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक लक्ष्य है सबका साथ सबका विकास उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र पर विश्वास करती है उन्होंने कहां की यह लोग कहते थे कि कश्मीर से यदि धारा 370 हटी तो देश में आग लग जाएगी। लेकिन कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद कश्मीर कमल की तरह खिला। उन्होंने तीन तलाक कानून पर बोलते हुए कहा कि हमने तीन तलाक खत्म कर दिया जिससे मुस्लिम बहू बेटियों को मान सम्मान बड़ा है। उन्होंने कहा कि गरीब मुसलमान का हक दिलाने की बात भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। देश की जातीय जनगणना होगी तो देश नई ऊंचाइयों को छूएगा। कांग्रेस के शहजादे सपा के शहजादे अपनी अपनी वाह वाहि लेना चाह रहे हैं जबकि 57 वर्ष कांग्रेस ने राज किया और बाप बेटे की पार्टी सपा पार्टी में जातीय जनगणना क्यों नहीं कराई। यह लोग तो जयचंद की जिन्ना की औरंगजेब की गौरी की बाबर की मानसिकता के लोग हैं।

## दुकान दिलाने के नाम पर 42.25 लाख की ठगी




नोएडा, । बिल्डर ग्रुप के प्रोजेक्ट में दुकान दिलाने के नाम पर तीन लोगों ने एक व्यक्ति से 42 लाख से अधिक की धोखाधड़ी की। रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने तीनों के खिलाफ सेक्टर-126 थाने में केस दर्ज कराया है। ग्रेटर नोएडा निवासी देवा सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी बेटी अनामिका और पत्नी छाया के नाम पर सेक्टर-133 स्थित भूटानी एवेन्यू में दो दुकानें बुक कराई थीं। दोनों दुकान दिलवाने की बात प्रॉपर्टी डीलर आशीष शर्मा से हुई थी। आशीष का ऑफिस सेक्टर-132 में है। आशीष ने अपने यहां काम करने वाले अमन चौधरी और सुधीर चौहान को एक अप्रैल 2024 को शिकायतकर्ता के पास रुपये लेने के लिए भेजा। उनसे कहा गया कि ये लोग बिल्डर के यहां रुपेय जमा करा देंगे। दोनों ने एक दुकान के नाम पर देवा सिंह से 17.50 लाख रुपये ले लिए। स्लिप पर हस्ताक्षर करा कर भी दे दिए। इसके बाद 25 अप्रैल 2024 को दूसरी दुकान के लिए 24 लाख 75 हजार रुपये ले लिए। कुछ दिन बाद जब पीड़ित ने भूटानी बिल्डर के दफ्तर जाकर पता किया तो जानकारी मिली कि रुपये जमा नहीं किए गए हैं। सोसाइटी में जाकर जब शिकायतकर्ता ने रुपये लेने वाले दोनों व्यक्तियों के बारे में जानकारी जुटाई तो सामने आया कि आशीष शर्मा का असली नाम आसिफ खान है। अमन चौधरी का असली नाम दानिश खान है। दोनों नाम बदलकर व्यापक स्तर पर फजीर्वाड़ा कर रहे हैं। धोखाधड़ी की जानकारी होने के बाद जब शिकायतकर्ता ने कथित आशीष से अपने पैसे मांगे तो उसने रकम देने के इनकार कर दिया। बार-बार टोकने पर आशीष और उसके साथियों ने शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी दी।इस मामले में पुलिस ने आशीष शर्मा उर्फ आसिफ खान, अमन चौधरी उर्फ दानिश खान और सुधीर चौहान के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। नामजद आरोपियों से पूछताछ करने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

## एक करोड़ से अधिक की ठगी में दो गिरफ्तार



फरीदाबाद, । एक व्यक्ति से डेटिंग एप के जरिए दोस्ती कर ठगों ने 1 करोड़ 10 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर ली। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को कानपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को 4 दिन के रिमांड पर लिया है ताकि ठगी के नेटवर्क का पूरा खुलासा किया जा सके। साइबर थाना सेंट्रल में शिकायत देने वाले सेक्टर-14 निवासी व्यक्ति ने बताया कि एक लड़की से डेटिंग एप पर उसकी बातचीत शुरू हुई जो बाद में व्हाट्सएप पर चलती रही। लड़की ने निवेश के नाम पर एक ऐप का लिंक भेजा और लॉगिन करवाया। फिर धीरे-धीरे 1.10 करोड़ से ज्यादा रुपये अलग-अलग ट्रांजेक्शन में ठगों के खाते में डलवा लिए गए। जब शिकायतकर्ता ने पैसे वापस मांगे, तो 24 लाख रुपये और मांगे गए। तब उसे ठगी का अहसास हुआ और शिकायत दर्ज कराई गई। साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के कानपुर से सत्यम और राज कपूर नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि राज कपूर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध करवाता था और सत्यम का खाता उसने इसी मकसद से इस्तेमाल किया। इस खाते में 10 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे।

## बेटियों को सशक्त और सुरक्षित बनाने के लिए जागरूकता जरूरी : रेणु भाटिया




पलवल, । हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए समाज में जागरूकता फैलाना और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए बने कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बेटियों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर और सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। रेणु भाटिया ने बेटियों को अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने की सलाह भी दी। पलवल के सरस्वती महिला महाविद्यालय में शनिवार को आयोजित जागरूकता सेमिनार में उन्होंने कहा कि हर दिन महिलाओं का है, न कि केवल एक दिन। जब एक महिला आगे बढ़ती है, तो वह परिवार, समाज और देश को प्रगति की राह पर ले जाती है। उन्होंने महिला आयोग की ओर से महिलाओं के अधिकारों के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला और आयोग की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। रेणु भाटिया ने कहा कि प्रदेश के स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्राओं की नियमित काउंसलिंग की जा रही है। उन्होंने चिंता जताई कि आज शिक्षा का स्तर बढ़ रहा है, लेकिन समाज में संस्कारों की कमी के कारण कई समस्याएं पैदा हो रही हैं। उन्होंने माता-पिता से अपील की कि वे अपने बच्चों को संस्कारवान बनाएं, ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव आए। उन्होंने आश्वासन दिया कि महिला आयोग हर मामले की गंभीरता से जांच कर महिलाओं को उचित न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। सेमिनार में पुलिस विभाग की ओर से एएसआई देवी सिंह ने छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव के उपाय बताए। वहीं, लीगल सेल की एडवोकेट भानु प्रिया ने पॉक्सो एक्ट=ट, घरेलू हिंसा और अन्य कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं और शिक्षिकाओं ने गीत और सामूहिक नृत्य के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम में सरस्वती महिला महाविद्यालय की डायरेक्टर मनीषा मंगला, प्राचार्य डा. वंदना त्यागी, समाजसेविका अल्पना मित्तल सहित बड़ी संख्या में छात्राएं और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। इस सेमिनार ने छात्राओं में अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## तीन जगह से ऑटो, बाइक और स्कूटी चोरी

बल्लभगढ, । शहर के अलग-अलग इलाकों में वाहन चोरी की तीन घटनाएं सामने आई हैं। चोरों ने ऑटो, बाइक और स्कूटी चोरी कर ली। तीनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सराय ख्वाजा के सुभाष नगर निवासी राजीव कुमार ऑटो चलाते हैं। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल की रात वे सवारी छोड़ने के लिए सेक्टर-62 आदर्श नगर बल्लभगढ़ गए थे। ऑटो को सड़क किनारे खड़ा कर वह पास ही खुले में शौच के लिए गया था। जब लौटे तो ऑटो मौके से गायब था। काफी तलाशने के बावजूद ऑटो नहीं मिला। ऑटो में उनके जरूरी दस्तावेज भी थे, जिनमें आधार कार्ड और पैन कार्ड शामिल हैं।

## मेडिकल स्टोर संचालक ने फांसी लगाकर जान दी, जेब से सुसाइड नोट बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

हसनपुर। मेडिकल स्टोर संचालक का शव शनिवार सुबह घर के नजदीक आम के पेड़ पर प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटका मिला। उसकी जेब से सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें कर्ज के बोझ तले दबे होने की वजह से सुसाइड की बात कही गई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर खुर्द निवासी 35 वर्षीय नौरंग पुत्र चेतराम शुक्रवार रात किसी समय घर से निकल गया। सुबह में खेतों पर जा रहे ग्रामीणों ने घर से 50 मीटर की दूरी पर आम के पेड़ पर रस्सी के सहारे नौरंग का शव लटका देखकर गांव में खबर की। परिवार व गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। तलाशी के दौरान पुलिस को मृतक की जेब से सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसमें 11 लाख रुपये का कर्ज होने की बात कहते हुए सुसाइड का जिक्र किया गया है। अपील की गई है कि उसके परिजनों को कर्ज अदायगी के लिए परेशान न किया जाए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतक अपने पीछे पत्नी प्रियंका, मासूम बेटे विनीत तथा बेटी वंदनी और निधि को रोते-बिलखते छोड़ गया है। परिजनों के मुताबिक मृतक पर काफी कर्ज था। कोतवाल वरुण कुमार ने बताया कि मामला सुसाइड का है। मृतक एक सुसाइड नोट छोड़ गया है, जिसमें लिखा है कि मेरे ऊपर 11 लाख का कर्ज है। मेरे घर वालों को परेशान ना किया जाए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

## फरीदाबाद : निवेश के बहाने करोड़ों की ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद, । निवेश करवाने के बहाने करोड़ों रुपये की ठगी के मामले में साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने शनिवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार साइबर थाना सैंट्रल में सेक्टर-14, फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि एक डेटिंग एप पर उसकी एक लडकी से बात हुई, जिसके बाद उनकी बातें व्हाट्सएप पर होने लगी। जिसने शिकायतकर्ता को ट्रैडिंग कर मुनाफा कमाने की बात कही और उसने शिकायतकर्ता के पास एक एप का लिंक भेज कर लॉगिन करवाया और शिकायतकर्ता के एक करोड़ दस लाख 85 हजार छह सौ रुपये को ठगों के खाता में भिजवाया। जब पैसे निकालने को कहा तो उससे 24 लाख रुपए की मांग की गई। जिसके बाद उसे पता चला कि उसके साथ फ्राड हुआ है। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में मामला दर्ज किया गया। साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सत्यम व राज कपूर वासी कानपुर, उतर प्रदेश को कानपुर से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पाया गया कि आरोपी राज कपूर ठगों के लिए खाता उपलब्ध करवाता था और इसने सत्यम का खाता लेकर आगे ठगों को दिया था जिसके खाता में ठगी के 10 लाख रुपए आये थे। अधिक पूछताछ के लिए आरोपियों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में 15 शिकायतों पर मौके पर निस्तारण

प्रात : किरण संवाददाता

ग्रेटर नोएडा, । जिले की दादरी, सदर और जेवर तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 139 शिकायतें दर्ज की गईं,जिसमें 15 शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने दादरी तहसील में लोगों की समस्याएं सुनीं। डीएम ने जिला समाज कल्याण विभाग एवं जिला प्रोबेशन विभाग द्वारा लगाए गए पेंशन शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान पेंशन के लिए उपस्थित लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांगजन पेंशन के लिए प्राप्त सभी नए आवेदनों का सत्यापन पूरी पारदर्शिता एवं गंभीरता से किया जाए। दादरी तहसील में कुल 114 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 13 का समाधान मौके पर किया गया। इस अवसर पर सीडीओ विद्यानाथ शुक्ला, सीएमओ डॉ. नरेंद्र कुमार, एसडीएम अनुज नेहरा, एसीपी दादरी सौम्या सिंह, डीडीओ शिव प्रताप परमेश, तहसीलदार ओमप्रकाश पासवान आदि अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं जेवर तहसील में एडीएम वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 21 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 1 का शिकायत का निस्तारण मौके पर किया गया। सदर तहसील में एडीएम प्रशासन मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 4 शिकायतें दर्ज की गईं, जिसमें 1 शिकायत का निस्तारण मौके पर किया गया।

## संभल हिंसा पर अभद्र टिप्पणी में मौलवी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

रबूपुरा, । संभल हिंसा पर अभद्र टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने वीडियो में टिप्पणी करते दिख रहे मौलाना को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया और मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सूट वाली क्षेत्र के निलोनी गांव में नूरानी मस्जिद में मूलरूप से बिहार के अररिया स्थित कुरसैल गांव निवासी मोहम्मद गजनफर रहते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वह टिप्पणी करते दिख रहे हैं। आरोप है कि मौलवी की टिप्पणी से क्षेत्र का माहौल खराब हुआ है। कोतवाली प्रभारी सुजीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि वीडियो दो-तीन माह पुराना है। मामले में आईटी एक्ट में संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मौलवी को गिरफ्तार किया गया है।

## फरीदाबाद : अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, खोखे हटाए

फरीदाबाद, । फरीदाबाद में डीटीपी और एफएमडीए की टीमों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ग्रीन बेल्ट से अवैध अतिक्रमण हटाया। यह कार्रवाई ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर 89, सेक्टर 29 और अमृता अस्पताल के पास बने मास्टर रोड के किनारे की गई। नगर निगम फरीदाबाद, एफएमडीए और डीटीपी की टीमें शहर में अवैध अतिक्रमण और निर्माण के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही हैं। मास्टर रोड के पास ग्रीन बेल्ट पर स्थित एक शराब ठेके के बाहर बने खोखे को हटा दिया गया है। शराब ठेके को एक हफ्ते के भीतर शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया है। डीटीपी राहुल सिंगला ने शनिवार को बताया कि ग्रेटर फरीदाबाद में मास्टर रोड पर 30 मीटर के दायरे में सभी अतिक्रमण हटाए जाएंगे। इस क्षेत्र में 18 मीटर ग्रीन बेल्ट और 12 मीटर सर्विस रोड का निर्माण है। तोडफोड़ टीम ने स्पष्ट किया कि जिन स्थानों पर अवैध अतिक्रमण हैं, वहां नोटिस जारी किए गए हैं। यदि कोई स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाता है तो प्रशासन कार्रवाई करेगा और दोषियों के खिलाफ उचित कदम उठाए जाएंगे।

## डिजिटल युग में मीडिया की भूमिका अत्यंत संवेदनशील

ग्रेटर नो नोएडा, । गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया अध्ययन विभाग ने शनिवार को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल केतकर ने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता तभी सार्थक होती है जब वह अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं संवेदनशीलता से करे। मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो. वंदना पांडेय ने कहा कि डिजिटल मीडिया के युग में मीडिया की भूमिका अत्यंत संवेदनशील हो गई है। इस मौके पर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विमलेश कुमार, डॉ. कुमार प्रियतम, डॉ. आशुतोष कुमार मौजूद रहे।

## आध्यात्मिक चिकित्सा का चमत्कारी विज्ञान है - रेकी और आभामंडल (Aura) से उपचार

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



वर्तमान समय में, जब आधुनिक चिकित्सा ने कई रोगों पर विजय प्राप्त की है, फिर भी ऐसी कई समस्याएं हैं जहाँ परंपरागत उपाय या आधुनिक चिकित्सा सीमित प्रभाव डालती है। ऐसे में रेकी और आभामंडल (Aura) से जुड़ी चिकित्सा पद्धतियाँ एक नया और प्रभावशाली विकल्प बनकर उभर रही हैं। यह पद्धति न केवल शरीर बल्कि मन और आत्मा को भी संतुलित करती है। रेकी एक जापानी शब्द है जिसका अर्थ है ईश्वरीय ऊर्जा या कायनात की ऊर्जा। यह एक ऐसी वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति है जिससे शरीर में ऊर्जा के प्रवाह को संतुलित कर विभिन्न शारीरिक और मानसिक समस्याओं को दूर किया जाता है। रेकी में उपचारक अपने हाथों के माध्यम से ऊर्जा को स्थानांतरित करता है। यह पद्धति शारीरिक तनाव, चिंता, दर्द, गठिया, दमा, कैंसर, अनिद्रा, मधुमेह, मोटापा, मानसिक विकार, स्त्री रोग, बांझपन, और यहां तक कि मानसिक रोगों में भी सहायता करती है। रेकी के संबंध में मान्यता है कि हमारे शरीर के चारों ओर एक ऊर्जा क्षेत्र होता है जिसे आभामंडल (Aura) कहते हैं। जब यह ऊर्जा क्षेत्र कमजोर या अशुद्ध होता है, तब बीमारियाँ और मानसिक समस्याएँ जन्म लेती हैं। रेकी मास्टर अपने हाथों के माध्यम से इस Aur को शुद्ध करता है और ऊर्जा का प्रवाह सामान्य करता है। यह प्रक्रिया शरीर के 24 प्रमुख ऊर्जा केंद्रों (चक्रों) को संतुलित कर मानव के आंतरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाती है। आभामंडल (Aura) एक सूक्ष्म ऊर्जा परत है जो हमारे शरीर के चारों ओर 4 से 6 इंच या अधिक तक फैली होती है। यह हमारे विचारों, भावनाओं और स्वास्थ्य का प्रतिबिंब करती है। स्वस्थ व्यक्ति का आभामंडल (Aura) विस्तृत और उज्जवल होता है, तनावग्रस्त या बीमार व्यक्ति का आभामंडल (Aura) सिकुड़ जाता है और साधु-संतों, ध्यानयोगियों और पवित्र जीवन जीने वालों का आभामंडल (Aura) कई मीटर तक फैला होता है। आभामंडल (Aura) का रंग और विस्तार मानसिक और भावनात्मक स्थिति को दर्शाता है। मानव शरीर में 7 प्रमुख और 24 कुल ऊर्जा केंद्र होते हैं। ये चक्र हमारे जीवन की हर भावना, व्यवहार, और स्वास्थ्य पर प्रभाव डालते हैं। यदि ये चक्र बाधित होते हैं, तो इसका प्रभाव सीधा हमारे शरीर और मन पर पड़ता है। मानव शरीर के प्रमुख चक्रों में, मूलाधार चक्र (Root), स्वाधिष्ठान चक्र (Scrl), मणिपुर चक्र (Solr Plexus), अनाहत चक्र (Hert), विशुद्धि चक्र (Throt), आज्ञा चक्र (Third Eye) और सहस्रार चक्र (Crowf) शामिल हैं। रेकी इन चक्रों को संतुलित कर उन्हें सक्रिय करती है, जिससे व्यक्ति शांति, स्थिरता और शक्ति महसूस करता है। आभामंडल (Aura) को शुद्ध और शक्तिशाली बनाने के लिए नमक और नींबू जैसे- समुद्री नमक, हींग, नींबू रस, लेवेंडर ऑयल, चंदन और गुलाब जल मिलाकर स्नान करने से, आभामंडल (Aura) की सफाई होती है और मानसिक तनाव दूर होता है। प्राकृतिक जल जैसे- नदी, झरना, या समुद्र में स्नान करने से, आभामंडल (Aura) की सफाई होती है। हिन्दू धर्म में गंगा स्नान इसी कारण से पवित्र माना गया है। बारिश में चलने यानि बारिश के समय टहलना और जल बूंदों को शरीर पर महसूस करना आभामंडल (Aura) को स्वाभाविक रूप से साफ करता है। क्रिस्टल का प्रयोग जैसे- Qurtz, Amethyst, Moofstofe, Lbrdorite आदि क्रिस्टल Aura को मजबूत बनाते हैं। इन्हें लॉकेट, अंगूठी, ब्रासलेट या घर में पेपर वेट के रूप में उपयोग किया जा सकता है, और ध्यान एवं मंत्र जाप जैसे- रोजाना 10 मिनट ध्यान लगाकर ओम या कोई अन्य सकारात्मक मंत्र जपने से मानसिक शांति मिलती है और आभामंडल (Aura) में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आभामंडल (Aur) को अब आधुनिक तकनीक से भी मापा जा सकता है। आभामंडल (Aura) स्कैनिंग मशीन व्यक्ति के आभामंडल (Aura) के रंग, संतुलन और ऊर्जा स्तर को जांचने में सक्षम है। यह मशीन यह भी बताती है कि कौन सी दवा किस व्यक्ति पर ज्यादा असरकारक होगी, कौन सा रत्न और उसका टुकड़ा किसके लिए उपयुक्त होगा, क्या कोई व्यक्ति पितृ दोष या नजर दोष से पीड़ित है और आभामंडल (Aura) के माध्यम से ग्रह-नक्षत्र के प्रभावों का विश्लेषण भी संभव है।

## प्रेस स्वतंत्रता दिवसः जब पत्रकारिता ज़िंदा थी

हर साल 3 मई को जब ह्यप्रेस स्वतंत्रता दिवसह्ण आता है, तो एक गहरी चुप्पी के साथ यह सवाल भी उठता है कि क्या अब भी पत्रकारिता वाकई स्वतंत्र है? क्या यह दिन अब भी उस निडरता, जिम्मेदारी और सच्चाई का प्रतीक है, जिसे किसी जमाने में पत्रकारिता कहा जाता था? या अब यह दिन भी बस एक रस्मी औपचारिकता बनकर रह गया है-जैसे किसी मृत परंपरा की बरसी? जिस पत्रकारिता की कभी सत्ता से टकराने की हिम्मत होती थी, आज वही सत्ता की गोद में बैठी दिखाई देती है। कलम अब धारदार नहीं रही, वह विज्ञापनों और प्रायोजनों की रोशनी में चमकने लगी है। संपादकीय नीति अब मूल्य आधारित नहीं, बाजार आधारित हो गई है। न्यूज चैनल्स पर खबरों की जगह चिल्लाहट है, बहस की जगह शोर, और सच्चाई की जगह स्क्रिप्ट। यही वो दौर है जब एक नई जमात ने जन्म लिया-सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर। ये वो लोग हैं जिनके पास पत्रकारिता की कोई औपचारिक शिक्षा नहीं, पर कैमरे के सामने आने की कला है। इन्होंने सच्चाई की जगह फिल्टर, और रिसर्च की जगह रील को महत्व दिया। इनके लिए हर मुद्दा एक ह्यकंटेंट आइडियाह्ण है-चाहे वो किसी किसान की आत्महत्या हो या किसी लड़की के साथ हुआ अत्याचार। आज के इन्फ्लुएंसर उस भूमिका में आ गए हैं, जो कभी पत्रकार निभाया करते थे। फर्क सिर्फ इतना है कि पत्रकार किसी खबर के पीछे सच्चाई खोजता था, जबकि इन्फ्लुएंसर सिर्फ दृश्य और एंगेजमेंट खोजता है।

पत्रकार गलत साबित हो सकता है, लेकिन वह जवाबदेह होता है; इन्फ्लुएंसर सिर्फ व्यूज के आंकड़े गिनता है-चाहे उसकी बात का कोई आधार हो या नहीं। पत्रकार की रिपोर्ट अगर जनता तक न पहुंचे, तो उसे उसकी ईमानदारी का इनाम बेरोजगारी में मिलता है। वहीं इन्फ्लुएंसर अगर भावुक रील बना दे, तो उसे ब्रांड डील और फॉलोवर मिलते हैं। पत्रकार अगर सत्ता से सवाल करे तो देशद्रोही कहा जाता है, लेकिन इन्फ्लुएंसर अगर वही बात हँसते हुए कर दे, तो उसे ह्यबोल्डह्ण कहा जाता है।

वास्तव में, आज हम एक ऐसे दौर में हैं जहां जनता ने भी सच सुनने की आदत छोड़ दी है। लोग तथ्य नहीं चाहते, वे भावनाएँ चाहते हैं। उन्हें विश्लेषण नहीं चाहिए, उन्हें मनोरंजन चाहिए। सवाल पूछना अब अवसाद पैदा करता है, और चुटकुले राहत देते हैं।


यही वजह है कि प्रेस की चुप्पी हमें खलती नहीं, बल्कि रीलों का शोर हमें राहत देता है। कल्पना कीजिए, आने वाले समय में 3 मई को हम ह्यप्रेस स्वतंत्रता दिवसह्ण नहीं, बल्कि ह्यइन्फ्लुएंसर दिवसह्ण मनाया करेंगे। स्कूलों में बच्चों से पूछा जाएगा-ह्वबेटा बड़े होकर क्या बनोगे?ह्व और जवाब मिलेगा-ह्ववीडियो बना के देश बदलूँगा।ह्व मंचों पर ट्रेंडिंग रीलर्स आमंत्रित होंगे, जो बताएंगे कि लोकतंत्र पर रील कैसे बनती है। और प्रेस? वह किसी कोने में बैठी होगी-भूली-बिसरी यादों की तरह। यह एक हास्यास्पद यथार्थ है, पर उतना ही सच्चा भी।

क्योंकि लोकतंत्र की आत्मा, उसकी स्वतंत्र प्रेस में होती है। और अगर वो आत्मा अब इंस्टाग्राम के फॉलोवर गिनने में खो जाए, तो संविधान की प्रास्तावना भी किसी प्रोफाइल बायो जैसी लगने लगेगी। कवियों, लेखकों, विचारकों और पत्रकारों को मिलकर इस गिरावट को समझना होगा। लोकतंत्र सिर्फ चुनाव से नहीं चलता, वह विचारों की अभिव्यक्ति और सत्य की खोज से चलता है। हमें फिर से उस पत्रकारिता को पुनर्जीवित करना होगा जो सवाल करे, सच्चाई बताए, और सत्ता के सामने झुके नहीं। वरना वह दिन दूर नहीं जब हम सोशल मीडिया पर एक ट्रेंड चलाएंगे-#ळॅं१ङ्मद्घ‘ळङ्मखङ्म४१ल्ल’२, और उस दिन की सबसे वायरल रील होगीः ह्लजब पत्रकारिता ज़िंदा थी.

# खुफिया सूचना पूरी तरह पुख्ता क्यों नहीं हो पाती है

इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का गैप रहना पूरी सूचना उपलब्ध न हो पाने की स्थिति पैदा करेगा जिसमें सरकार के किसी भी विंग के पास पहले से ही किसी न किसी रूप में उपलब्ध तकनीकी बिंदुओं सहित खुफिया जानकारी नीति या कार्रवाई में बदलाव संभव नहीं होता है। बैसारन (पहलगाम, कश्मीर) में नरसंहार के सिलसिले में कुछ रिपोर्टों ने दावा किया कि यह एक खुफिया या सुरक्षा विफलता थी। अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि अमरनाथ मंदिर से 50 किलोमीटर दूर पर्यटकों के लोकप्रिय पिकनिक स्थल बैसारन घास के मैदानों को एकीकृत कमान के तहत काम करने राज्य के किसी भी सुरक्षा समूह द्वारा असुरक्षित क्यों छोड़ दिया गया था? एक अपुष्ट रिपोर्ट में कहा गया है कि पिकनिक स्थल को आधिकारिक तौर पर खोला नहीं गया था और इसलिए सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तार से तैयारी नहीं की गई थी। यह प्रयास इस चूक के लिए किसी को दोषी ठहराना नहीं बल्कि यह समझाना है कि सामान्य रूप से सरकारों द्वारा सुरक्षा के लिए उत्पन्न खतरों को कैसे प्रोसेस किया जाता है





वाप्पला बालाचंद्रन

(लेखक)

कच्ची और अपुष्ट सूचनाओं का संग्रहण, मिलान, विश्लेषण, प्रसार, मध्यस्थता, नीति अधिनिर्णय और निर्णय लेने की प्रक्रिया के बाद ही कार्रवाई के लिए नीति बनायी जाती है। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का गैप रहना पूरी सूचना उपलब्ध न हो पाने की स्थिति पैदा करेगा जिसमें सरकार के किसी भी विंग के पास पहले से ही किसी न किसी रूप में उपलब्ध तकनीकी बिंदुओं सहित खुफिया जानकारी नीति या कार्रवाई में बदलाव संभव नहीं होता है। बैसारन (पहलगाम, कश्मीर) में नरसंहार के सिलसिले में कुछ रिपोर्टों ने दावा किया कि यह एक ह्यखुफियाह्ण या ह्यसुरक्षाह्ण विफलता थी। अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि अमरनाथ मंदिर से 50 किलोमीटर दूर पर्यटकों के लोकप्रिय पिकनिक स्थल बैसारन घास के मैदानों को ह्यएकीकृत कमानह्ण के तहत काम करने राज्य के किसी भी सुरक्षा समूह द्वारा असुरक्षित क्यों छोड़ दिया गया था? एक अपुष्ट रिपोर्ट में कहा गया है कि पिकनिक स्थल को आधिकारिक तौर पर खोला नहीं गया था और इसलिए सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तार से तैयारी नहीं की गई थी। यह प्रयास इस चूक के लिए किसी को दोषी ठहराना नहीं बल्कि यह समझाना है कि सामान्य रूप से सरकारों द्वारा ह्यसुरक्षा के लिए उत्पन्न खतरोंह्ण को कैसे प्रोसेस किया जाता है और इनमें ह्यफासलाह्ण कैसे रखा जाता है। चूंकि जम्मू-कश्मीर एक संवेदनशील क्षेत्र है इसलिए राज्य पुलिस खुफिया विभाग के अलावा यहां देश भर के असैनिक नागरिक, सैन्य और अर्द्ध सैनिक विभागों से संबंधित खुफिया एजेंसियों की बड़ी संख्या में मौजूदगी है। यद्यपि राष्ट्रीय खुफिया एजेंसियां अपने मुख्यालय को रिपोर्ट करती हैं, इसके अलावा वे उप राज्यपाल और उनके अधीन ह्यएकीकृत कमानह्ण को सुरक्षा परिदृश्य में किसी भी बदलाव से अवगत कराते हैं ताकि स्थानीय खतरे की अवधारणा के आधार पर निवारक तंत्र में उपयुक्त रूप से बदलाव किया जा सके। हालांकि इस तरह की खुफिया जानकारी जब उप राज्यपाल (जम्मू-कश्मीर में कानून और व्यवस्था अभी भी उनके अधीन है) जैसे उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट की जाती है तो उसे सावधानीपूर्वक सत्यापित किया जाना चाहिए क्योंकि इस तरह के अलर्ट के बाद की कार्रवाई के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव होते हैं। कच्ची और अपुष्ट सूचनाओं का संग्रहण, मिलान, विश्लेषण, प्रसार, मध्यस्थता, नीति अधिनिर्णय और निर्णय लेने की प्रक्रिया के बाद ही कार्रवाई के लिए नीति बनायी जाती है। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का गैप रहना पूरी सूचना उपलब्ध न हो पाने की स्थिति पैदा करेगा जिसमें सरकार के किसी भी विंग के पास पहले से ही किसी न किसी रूप में उपलब्ध तकनीकी बिंदुओं सहित खुफिया जानकारी नीति या कार्रवाई में बदलाव संभव नहीं होता है। इसकी वजह से ह्यखुफिया या सुरक्षा विफलताह्ण का अभाव महसूस होता है। खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों को अक्सर बेतरतीब तरीके से, टुकड़ों-टुकड़ों में आधी-अधूरी जानकारी मिलती है जो पूरी तस्वीर का खुलासा नहीं करती हैं, खासकर जब रुझान अल्पकालिक होते हैं। कई मौकों पर एजेंसियों के पास सुरक्षा संबंधी विषयों पर विविध, अपूर्ण या यहां तक कि परस्पर विरोधी खुफिया जानकारी होती है जिसके कारण नीति संबंधी निर्णय लेने वालों को एक परिपूर्ण तस्वीर प्राप्त करने के लिए सूचना के ह्यआंतरिक मतभेदोंह्ण को सुलझाने के लिए एक सक्षम मध्यस्थ की आवश्यकता होती है। यह ह्यइंटेलिजेंस आर्बिट्रेशनह्ण की प्रक्रिया है। यदि यह विफल रहता है तो सूचनाओं में अनेक रिक्त स्थान रह जाते हैं। ऐसा कई बार हुआ है। एक खुफिया मध्यस्थ भी खुफिया में लापता रिक्त स्थानों को भरने के लिए अपने स्वयं के दृष्टिकोण का उपयोग करता है। इसके लिए वह मीडिया जानकारी तक का उपयोग करता है जिसे ह्यओपन-सोर्स इंटेलिजेंसह्ण (ओएसआई) कहा जाता है। कानून और व्यवस्था अधिकारियों तथा राष्ट्रीय सूचना एजेंसियों द्वारा तैयार की गई सूचना के प्रसंस्करण में बहुत अंतर है। जहां राष्ट्रीय एजेंसियां ह्यरणनीतिकह्ण खुफिया जानकारी देती हैं वहीं राज्य इकाइयां ह्यसामरिकह्ण जानकारी का मंथन करती हैं। ह्यरणनीतिकह्ण जानकारी आम तौर पर पूरे देश को प्रभावित करने वाला दीर्घकालिक संकेत या लंबे समय सीमा का होता है जबकि ह्यसामरिकह्ण सूचना अल्पकालिक रुझान है जो पुलिस कार्रवाई जैसे छोटे क्षेत्रों को प्रभावित करता है। हालांकि, विशेष रूप से विदेशी हस्तक्षेप के साथ आतंकवाद विरोधी कार्रवाई रणनीतिक और सामरिक आयाम ग्रहण कर सकती है जिसके लिए यह अध्ययन करने और अनुमान लगाने की क्षमता की आवश्यकता होती है कि विदेशी सरकारों या विदेश आधारित संगठन जैसे लश्कर हमारे खिलाफ कैसे काम करेंगे जिसे संभालने में केवल राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियां ही सक्षम हैं। फिर भी, ऐसे मामले हैं जब यह प्रक्रिया पश्चिमी देशों में भी विफल रही थी। यूएस 9/11 आयोग ने अपनी रिपोर्ट ह्यफोरसाइट एंड हाइन्ड्साइटह्ण (पूवार्नुमान और घटना के बाद उसकी कारण मीमांसा करना) के अध्याय 11 में इन रुझानों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में ओसामा बिन लादेन की बड़े पैमाने पर अमेरिका विरोधी गतिविधियां जारी रहने के बावजूद किसी भी एजेंसी ने 9/11 जैसे परिदृश्य का अंदाजा नहीं लगाया था। इस हमले में अमेरिकी यात्री विमानों को अमेरिका के खिलाफ हथियार बनाया गया थाः ह्यसीआईए ने संभावित अपहरण परिदृश्यों का कोई विश्लेषणात्मक आकलन नहीं लिखा थाह्ण जबकि उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड ने सामूहिक विनाश के हथियार ले जाने में विदेशी विमान के उपयोग का अनुमान लगाया था। किसी ने नहीं सोचा था कि अल-कायदा अमेरिकी विमानों का इस्तेमाल करेगा। आयोग ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका में खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी संख्या के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हो गयी एवं जिम्मेदारी कम हो गई थी। ऐसी चेतावनी जारी करने की जिम्मेदारी के लिए सीआईए में खाड़ी युद्ध के बाद 1992 में बनाए गए ह्यनेशनल इंटेलिजेंस ऑफिसर फॉर वार्निंगह्ण का पद खत्म कर दिया गया और काउंटर-टेररिज़्म सेंटर (सीटीसी) को यह जिम्मेदारी दी गई। हालांकि सीटीसी ने यात्री विमानों में हथियार रखने की संभावना पर एक भी चेतावनी जारी नहीं की। दूसरे शब्दों में, एक शीर्ष-भारी भरकम खुफिया संरचना होने के कारण बेहतर अलर्ट जारी नहीं हुए।

# मैनेजमेंट के मखमली पर्दे के पीछे दम तोड़ती पत्रकारिता

खासकर पीआर एजेंसियों और मीडिया प्रबंधन ने पत्रकारों को अपनी मुट्ठी में इस तरह से जकड़ लिया है कि उनका असली काम-सच सामने लाना-अब एक दम से परे हो गया है। यह सच है कि पत्रकारों का जीवन कभी भी आसान नहीं था, लेकिन आज के दौर में उनकी स्थिति पहले से कहीं ज्यादा कठिन हो गई है। एक तरफ जहां पीआर मैनेजमेंट कंपनियां लाखों की फीस लेकर अपने ग्राहकों के लिए सुविधाएँ और ग्लैमरस इमेज तैयार करती हैं, वहीं दूसरी तरफ वही पत्रकार जो असल में सच्चाई को सामने लाने की जिम्मेदारी उठाते हैं, उन्हें अपनी टूटी फूटी बाइक पर सवार होकर दुनिया की कड़वी सच्चाई से निपटना पड़ता है। यही आज का मीडिया परिदृश्य है। पीआर और मीडिया का व्यापारिकरण हमारे समाज में आज मीडिया की भूमिका, पत्रकारिता की नींव के बजाय एक व्यापार बन गई है।





डॉ. सत्यवान सौरभ

लेखक

आजकल के मीडिया और पत्रकारिता के परिवेश में जिस तरह से व्यावसायिकता, ब्रांडेड कंटेंट और पीआर मैनेजमेंट की छाया बढ़ी है, वह पत्रकारिता के लिए एक बड़ा संकट बनता जा रहा है। पहले जहाँ पत्रकारिता को समाज का प्रहरी माना जाता था, वहीं आज वह व्यापार, लाभ और स्वार्थ की जुबान में तब्दील हो चुकी है। खासकर पीआर एजेंसियों और मीडिया प्रबंधन ने पत्रकारों को अपनी मुट्ठी में इस तरह से जकड़ लिया है कि उनका असली काम-सच सामने लाना-अब एक दम से परे हो गया है। यह सच है कि पत्रकारों का जीवन कभी भी आसान नहीं था, लेकिन आज के दौर में उनकी स्थिति पहले से कहीं ज्यादा कठिन हो गई है। एक तरफ जहां पीआर मैनेजमेंट कंपनियां लाखों की फीस लेकर अपने ग्राहकों के लिए सुविधाएँ और ग्लैमरस इमेज तैयार करती हैं, वहीं दूसरी तरफ वही पत्रकार जो असल में सच्चाई को सामने लाने की जिम्मेदारी उठाते हैं, उन्हें अपनी टूटी फूटी बाइक पर सवार होकर दुनिया की कड़वी सच्चाई से निपटना पड़ता है। यही आज का मीडिया परिदृश्य है। पीआर और मीडिया का व्यापारिकरण हमारे समाज में आज मीडिया की भूमिका, पत्रकारिता की नींव के बजाय एक व्यापार बन गई है। यह भी सही है कि मीडिया कभी पूरी तरह से स्वतंत्र नहीं रही है, लेकिन आज यह पूरी तरह से विज्ञापन, ब्रांडेड कंटेंट और राजनीतिक दवाब का शिकार हो चुकी है। पिछले कुछ वर्षों में, पीआर मैनेजमेंट ने मीडिया की धारा को इस कदर बदल दिया है कि अब पत्रकारिता में असल मुद्दे कम होते जा रहे हैं और साजिश, स्क्रिप्टेड खबरें और राजनीतिक एजेंडे ज्यादा होते हैं। आजकल ज्यादातर मीडिया चैनल्स और अखबार पीआर एजेंसियों की मदद से खबरें चलाते हैं, जिसमें उनका मुख्य उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ व्यापारिक फायदे होते हैं। क्या कभी हमें सोचना चाहिए कि जिस वक्त हम खबर देख रहे होते हैं, क्या वह खबर सही है या किसी के हित के लिए तैयार की गई है? यह सवाल आज पत्रकारिता के असली उद्देश्य पर गंभीर संकट खड़ा करता है। पत्रकारिता, जो कभी जनता का मंच हुआ करती थी, आज एक उत्पाद बन गई है, जिसे खरीदी और बेची जा सकती है। पत्रकार की संघर्षमय जिंदगी यह स्थिति उस पत्रकार के लिए और भी कष्टप्रद होती है, जो सच्चाई के रास्ते पर चलता है। वह पत्रकार जो बिना किसी स्वार्थ के, जनता के हित में आवाज उठाता है, उसे आज भी उसी स्थिति में काम करना पड़ता है जैसे कभी पुराने समय में किया जाता था-टूटी बाइक, कम वेतन और सरकारी दवाब। यहां तक कि कई पत्रकारों को अपनी नौकरी की सुरक्षा के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है। एक समय था जब पत्रकारिता को समाज का चौथा स्तंभ माना जाता था, लेकिन आज के समय में यह स्तंभ हिल चुका है। पत्रकार अपनी टूटी हुई बाइक पर बैठे अपनी ज़िम्मेदारी का निर्वाहन कर रहा है, जबकि वही मीडिया मैनेजर, जिनका काम सिर्फ विज्ञापन और पीआर प्रबंधन है, वह शानदार लाइफ जी रहे हैं। लग्जरी कारों में घूमना, आलीशान दफ्तरों में बैठना और महंगे खाने-पीने की चीजों का सेवन करना-यह सब उनके लिए आम बात हो चुकी है। और इसका सबसे दुखद पहलू यह है कि यह सब कुछ उसी समाज के पैसों से हो रहा है, जिसकी सच्चाई को उजागर करने का काम पत्रकारों ने किया है। व्यावसायिक दबाव और पत्रकारिता का संकट एक और समस्या, जो आज के पत्रकारिता परिदृश्य में देखने को मिलती है, वह है-व्यावसायिक दबाव। मीडिया हाउसेस और चैनल्स को अब ज्यादा से ज्यादा विज्ञापन और ब्रांडेड कंटेंट चाहिए होता है। इसके लिए खबरों को संपादित और तैयार किया जाता है, ताकि वे लोगों के दिलों में उत्तेजना पैदा करें और अधिक से अधिक व्यूज और विज्ञापन मिले। अब पत्रकारिता की जगह चटपटी खबरें, पॉपुलर सेंसशन्स और सनसनी फैलाने वाली रिपोट्र्स ने ले ली है। क्या कभी किसी चैनल या अखबार में आपको यह महसूस हुआ कि जो खबर आप पढ़ या देख रहे हैं, क्या वह सच है? क्या यह किसी एजेंडे के तहत तैयार की गई है? क्या यह पत्रकारिता का असली रूप है? अगर नहीं, तो हमें यह समझने की जरूरत है कि आज पत्रकारिता अपने असल कर्तव्य से कितनी भटक चुकी है। प्रेस और समाज की जिम्मेदारी हमारे लोकतंत्र में पत्रकारिता का जो महत्वपूर्ण स्थान है, उसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। जिस तरह से अन्य संस्थाएं अपने कार्यों को लेकर जवाबदेह हैं, उसी तरह पत्रकारिता भी अपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकती। पत्रकारिता का उद्देश्य कभी भी पैसे कमाना नहीं था, बल्कि यह लोगों की आवाज बनना था। यह वही आवाज थी, जो सत्ता के दुरुपयोग, भेदभाव, भ्रष्टाचार और समाज में फैली असमानता को उजागर करती थी। जब प्रेस को अपनी स्वतंत्रता का प्रयोग करना ही नहीं मिलता, तो यह सवाल उठता है कि क्या हमारी लोकतांत्रिक संस्थाएं सुरक्षित हैं? अगर मीडिया भी व्यापारिक दवाब में काम करेगा, तो कैसे हम उन सच्चाइयों तक पहुँच सकते हैं जो हमारे समाज के लिए जरूरी हैं? आज जो पत्रकार अपनी टूटी बाइक पर चलकर इन सवालों का सामना कर रहा है, उसे किसी अच्छे वेतन या सम्मान की उम्मीद नहीं होती, बस उसे उम्मीद होती है कि वह अपनी आवाज सुना सके। पत्रकारिता का भविष्य आज के पत्रकारिता के परिप्रेक्ष्य में, एक बड़ा सवाल खड़ा होता है-क्या हम कभी मीडिया की स्वतंत्रता को बहाल कर पाएंगे? क्या वह दिन कभी आएगा जब पत्रकार फिर से समाज के वास्तविक मुद्दों पर बात करेंगे और उसे मीडिया में जगह मिलेगी? क्या पीआर एजेंसियों का दबाव मीडिया पर कम होगा और पत्रकार फिर से अपनी कलम का सही इस्तेमाल करेंगे?

# धर्म, जाति, असमानता का संकट एक चेतावनी

देश की आत्मा पर चोट करने वाले दृश्य आज बार-बार सामने आ रहे हैं। ह्यवो मजहब पूछ कर मारता हैह्ण- यह वाक्य अब कोई प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति नहीं रही, बल्कि भयावह यथार्थ बन चुकी है। एक ओर धार्मिक पहचान के आधार पर हिंसा बढ़ रही है, दूसरी ओर असंख्य ऐसी सामाजिक बुराइयां मौजूद हैं जो हर दिन देश के भीतर लोगों के स्वाभिमान की चुपचाप हत्या कर रही हैं। यह एक विचित्र युग है जहां हत्या करने वाला पहले यह पूछता है कि तुम किस धर्म के हो, फिर हथियार उठाता है। आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2024 में भारत में सांप्रदायिक दंगों में 84 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष भर में 59 सांप्रदायिक घटनाएं हुईं, जिनमें 13 निर्दोष नागरिकों ने अपनी जान गंवाई। इनमें से अधिकांश घटनाएं धार्मिक त्योहारों या जुलूसों के दौरान उभरीं, जब भीड़ ने धर्म के नाम पर उन्माद का प्रदर्शन किया। इन दंगों के मुख्य केंद्र महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्य रहे, जहां बार-बार धार्मिक भावनाओं को उकसाकर जनता के बीच नफरत बोई गई। भीड़ द्वारा हत्या के मामले भी चिंता का विषय बने हुए हैं। 2024 में भीड़ हिंसा के 13 मामले सामने आए, जिनमें 11 लोगों की मौत हो गई थी। इन हत्याओं में बहुलांश मुसलमान समुदाय से थे। गौहत्या के आरोप, अंतरधार्मिक विवाह के संदेह या धार्मिक प्रतीकों के आधार पर लोगों को पीट-पीट कर मार दिया गया। यह न केवल मानवता का अपमान है, बल्कि संविधान की आत्मा पर सीधा हमला है। लेकिन यह सिलसिला यहीं थमता नहीं है। धर्म के अलावा भी अनेक ऐसी सामाजिक बुराइयां हैं जो प्रतिदिन लाखों लोगों के जीवन को यातना बना रही हैं। जातिगत भेदभाव आज भी भारतीय समाज के लिए कलंक बना हुआ है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार 2022 में अनुसूचित जातियों के खिलाफ अपराधों में 35 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी और 2024-25 में भी यह प्रवृत्ति कम होने का नाम नहीं ले रही है। हर दिन औसतन 158 मामले दलित उत्पीड के दर्ज किए जाते हैं। अपमान, सार्वजनिक रूप से बेइज्जती, सामाजिक बहिष्कार, शारीरिक हमले और भूमि विवादों में भेदभाव जैसी घटनाएं उन नागरिकों के जीवन को जहरीला बना रही हैं जिन्हें भारतीय संविधान ने बराबरी का दर्जा देने का वादा किया था। सिर्फ जाति नहीं, आर्थिक असमानता भी लगातार बढ़ती जा रही है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी के ताजातरीन आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2025 में भारत की बेरोजगारी दर 8.1 फीसदी रही। यह आंकड़ा महज एक प्रतिशत नहीं, बल्कि लाखों युवाओं के टूटे हुए सपनों का संकेत है। शिक्षित युवा बड़ी उम्मीदों के साथ डिग्रियां लेकर निकलते हैं, लेकिन उन्हें स्थायी नौकरियां नहीं मिलतीं। स्वरोजगार का प्रोत्साहन एक आकर्षक नारा बनकर रह गया है, जबकि धरातल पर रोजगार की अनुपलब्धता युवाओं में हताशा फैला रही है। बेरोजगारी न केवल आर्थिक त्रासदी है बल्कि मानसिक तनाव और सामाजिक अस्थिरता को भी जन्म देती है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 11 फीसदी वृद्धि हुई थी और यह सिलसिला 2024-25 में भी बरकरार है। बलात्कार, घरेलू हिंसा, दहेज हत्याएं, ऑनर किलिंग जैसे अपराध समाज की बर्बर मानसिकता को उजागर करते हैं। बाल विवाह, महिला भ्रूण हत्या और कार्यस्थलों पर यौन शोषण के मामले भी बड़े पैमाने पर सामने आते हैं। एक ऐसा देश जो नारीशक्ति की पूजा के आदर्शों पर गर्व करता है, वहां महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की वास्तविक स्थिति बेहद निराशाजनक है। सामाजिक तनाव की स्थिति सिर्फ धार्मिक या जातिगत आधार पर ही नहीं बनी है। क्षेत्रीय अस्मिताओं और आर्थिक असमानताओं के कारण भी विद्रोह और हिंसा हो रही है। मणिपुर में मई 2023 से शुरू हुई जातीय हिंसा 2025 तक भी पूरी तरह से शांत नहीं हो पाई है। 258 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है और 60000 से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। उत्तराखंड के हल्द्वानी में अवैध मदरसे के विध्वंस के बाद हिंसा भडकी जिसमें 6 लोगों की जान गई। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ अधिनियम संशोधन के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन हिंसक हो उठे और कई जानें गईं। इसी कड़ी में, हाल ही में अप्रैल 2025 में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने फिर एक बार देश को दहला दिया। इस हमले में निर्दोष तीर्थयात्रियों और सुरक्षाकर्मियों की जान गई। आतंकियों ने सुनियोजित तरीके से हमला किया, जिसका उद्देश्य न केवल जानमाल का नुकसान करना था, बल्कि देश के भीतर और अधिक धार्मिक और क्षेत्रीय तनाव फैलाना भी था। यह हमला इस बात का ज्वलंत प्रमाण है कि नफरत और हिंसा जब संगठित रूप लेती है, तो उसका परिणाम पूरे समाज को झकझोर देता है। ये घटनाएं इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि भारतीय समाज के भीतर कितना असंतोष दबा बैठा है जो किसी भी क्षण विस्फोटक रूप ले सकता है। सामाजिक मीडिया के माध्यम से अफवाहें फैलाकर नफरत का वातावरण बनाना अब बेहद सरल हो गया है। फेक न्यूज, एडिटेड वीडियो और भ्रामक सूचनाएं मिनटों में पूरे समाज को उग्र बना देती हैं। जिम्मेदारियों से विमुख मीडिया संस्थानों और राजनीतिक दलों द्वारा भी अक्सर ऐसा माहौल तैयार किया जाता है जिसमें धर्म, जाति और क्षेत्रीयता के नाम पर जनता को बांट दिया जाता है। सत्ता की राजनीति आज भी धर्म और जाति की सीढ़ी चढकर शिखर तक पहुंचने के खेल में लगी हुई है। भारत जैसे विशाल और विविधता भरे देश के लिए यह बेहद खतरनाक संकेत हैं।

# इटावा में छात्रा की आत्महत्या मामला, सड़क पर उतरे लोग, ऊसराहार प्रभारी को निलंबित करने की उठाई मांग

प्रात : किरण/एजेंसी

इटावा। इटावा के ऊसराहार में संप्रदाय विशेष के युवक की छेड़खानी और धमकियों से परेशान बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इससे आक्रोशित ग्रामीण शव घर में रखकर थाना प्रभारी मंसूर अहमद को निलंबित करने की मांग की। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 12 पुलिसकर्मी, पीएसी के जवान, दो सीओ समेत एसडीएम मौके पर मौजूद हैं।

इटावा ऊसराहार संप्रदाय विशेष के युवक की छेड़खानी और धमकियों से परेशान 19 वर्षीय छात्रा ने जहर खा लिया था। इलाज के दौरान शुक्रवार को सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में छात्रा ने दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने पहले ही युवक के खिलाफ थाने में शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि शिकायत के बावजूद आरोपी लगातार बात करने के लिए धमकाता रहा और दबाव बनाता रहा, जिससे आहत होकर छात्रा ने यह कदम उठाया।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर मुख्य आरोपी और एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। स्थिति को देखते हुए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। मामले की जांच जारी है ।बता दें कि घटना ऊसराहार थाना क्षेत्र के एक गांव की है। छात्रा के पिता दिल्ली में मजदूरी करते हैं। घर पर मां और बेटी रहती थीं। पड़ोस में रहने वाला युवक लंबे समय से छात्रा को मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेज रहा था और मुलाकात के लिए दबाव डाल रहा था। छात्रा के भाई ने बताया कि 24 अप्रैल को आरोपी ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। 26 अप्रैल को परिजनों ने थाने में आरोपी व उसके दो साथियों के खिलाफ तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया ।परिजनों का कहना है कि शिकायत के बाद भी आरोपी और उसके साथी धमकाने पीड़ित के घर पहुंच गए। हताश छात्रा ने उसी रात जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। देर रात पुलिस ने 115/2, 352/351(3) बीएनएस एवं 66डी आईटी एक्ट आत्महत्या को उकसाने के लिए मुकदमा दर्ज करते हुए दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया। आरोप है कि शुक्रवार देर रात जब छात्रा का शव पोस्टमार्टम हाउस लाया गया तो कर्मचारियों ने उसे खराब डीप फ्रीजर में रखने का प्रयास किया। इस पर परिजनों ने हंगामा किया। आधे घंटे बाद दूसरे चालू फ्रीजर में शव को स्थानांतरित किया गया। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि शव को मौत के दस घंटे बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया जिससे शरीर की स्थिति और बिगड़ गई।



## संक्षिप्त खबरें

### यूपी में मिले मंकीपॉक्स के पहले मरीज की हालत स्थिर

देवरिया। उत्तर प्रदेश में मंकीपॉक्स की एंट्री हो गई है। संक्रमित युवक बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। मरीज की हालत अब स्थिर है। मंकीपॉक्स के संक्रमित युवक को दुबई में होने वाले इलाज के बाद देवरिया लौटाया गया था, लेकिन उसकी स्थिति मेडिकल कॉलेज में हैरानी में डाल देने वाली है। उसके विनिमय छूते और फफोलों के मौजूद होने से डॉक्टरों ने उसकी जीनोम सीक्वेंसिंग करने का फैसला किया है। अब उसके स्वास्थ्य की जांच के लिए बड़ी संख्या में डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ मरीज की देखभाल कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार युवक एक हफ्ते पहले बीमार हो गया था। उसको तेज बुखार के साथ शरीर में चकत्ते और फफोले पड़ रहे थे। दुबई में कंपनी के अधिकारियों ने युवक को इलाज करने की सलाह दी। दुबई के अस्पताल में उसका प्रारंभिक इलाज हुआ। इसी दौरान चिकित्सकों ने एहतियातन विभिन्न बीमारियों की जांच के लिए नमूने ले लिए और फिर कंपनी के अधिकारियों ने उसे वापस भारत भेज दिया। वह बुधवार को फ्लाइट से दिल्ली से लखनऊ पहुंचा। जहां से वह सड़क मार्ग से देवरिया के बनकटा पहुंच गया। मंकीपॉक्स की सूचना के बाद से आईसीएमआर भी हरकत में आ गया है। नेशनल इंस्टीट्यूट आफ वायरोलॉजी पुणे के वैज्ञानिकों से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने संपर्क किया है। मरीज की जिनोम सीक्वेंसिंग होनी है। आरएमआरसी ने शुक्रवार को मरीज के खून, पसीना व लार का नमूना पुणे भेज दिया है। डॉक्टर ने बताया कि देश में अब तक मंकीपॉक्स के ३० मरीज मिले हैं। इसमें १५ केरल में और १५ दिल्ली में मिले थे। यूपी में पहली बार मंकी पॉक्स की एंट्री हुई है। मरीज के घाव सूख रहे हैं। बुखार नियंत्रित है। बुधवार को दुबई प्रशासन ने भारतीय दूतावास को युवक के बीमार होने की सूचना दी। उसकी जांच रिपोर्ट में मंकीपॉक्स पॉजिटिव मिला था। इसके बाद भारतीय दूतावास ने विदेश मंत्रालय को सूचित किया। वहां से एयरपोर्ट अथॉरिटी और प्रदेश सरकार को इसकी जानकारी मिली।

### अविवादित वरासत मामलों का निस्तारण 15 दिन में अनिवार्य होगा : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अधिकारियों को निर्देश दिये कि अविवादित वरासत के मामलों का निस्तारण अधिकतम १५ कार्यदिवस के भीतर किया जाए ।राजस्व विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में शनिवार को मुख्यमंत्री ने दो महत्वपूर्ण बिंदुओं ह्यराजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण और भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरणह्ल को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि इन कार्यों को प्रत्येक स्तर पर तीव्र गति से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी विवादों का शीघ्र समाधान न केवल जनविश्वास, बल्कि राज्य में निवेश और विकास के लिए भी आवश्यक है, वहीं लैंड रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण पारदर्शी, भ्रष्टाचार-मुक्त और उत्तरदायी शासन प्रणाली की नींव है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि शेष भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण शीघ्र पूर्ण किया जाए और शहरी क्षेत्रों का लैंड रिकॉर्ड तैयार कर उसे प्राथमिकता से ऑनलाइन पोर्टल पर सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने राजस्व परिषद के पोर्टल की रीडिजाइनिंग की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यह अधिक उपयोगकर्ता अनुकूल और परिणाममूलक होना चाहिए। साथ ही लेखपाल से लेकर आयुक्त स्तर तक एकीकृत डैशबोर्ड विकसित करने का निर्देश दिया, ताकि विभागीय निगरानी सरल हो सके और आमजन को सीधा लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्राधिकरणों के लैंडयूज डेटा को खतौनी पर प्रदर्शित किया जाए और धारा ८० के अंतर्गत भू-उपयोग परिवर्तन प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाया जाए। परिवारों को डीबीटी के माध्यम से सहायता राशि उपलब्ध कराई गई।

### बदायूं में छह बंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिले, जहर दिए जाने का संदेह

बदायूं (उप्र)। बदायूं जिले में छह बंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए और पुलिस ने उन्हें जहर दिए जाने का संदेह जताया है ।एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार को उसहैत थाना क्षेत्र के नगला शिंभू इलाके में हुई जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है ।अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया, ह्यह्यछह बंदरों की मौत की सूचना मिलने पर हमने जांच के लिए दो टीम बनाई हैं। स्थानीय निवासियों से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार संदेह है कि गांव के ही किसी व्यक्ति ने बंदरों को जहर दिया है। हम फिलहाल उस व्यक्ति की पहचान करने में जुटे हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में दावा किया गया है कि एक स्थानीय ग्रामीण ने समुदाय में तनाव भड़काने के लिए बंदरों को जहर खिलाया। श्रीवास्तव ने कहा, गांव में स्थिति शांतिपूर्ण है। मृत मिले बंदरों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की कि अभी तक कोई औपचारिक शिकायत (तहरीर) दर्ज नहीं की गई है।

# बहराइच में सैयद सालार गाजी मसूद की दरगाह पर प्रशासन ने जेठ मेला की अनुमति देने से इनकार किया

**प्रशासन की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पहलगाम हमला, संभल हिंसा व वक्फ बोर्ड संशोधन को लेकर देश भर के जनमानस में विरोध व आक्रोश के मद्देनजर प्रशासन ने मेला कराने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। आगामी 15 मई से 15 जून तक बहराइच के दरगाह शरीफ में सैयद सालार मसूद गाजी की मजार पर हर साल ह्यजेठ मेलाह्ल लगना था। मेले में देश-विदेश से करीब 15 लाख लोगों के आने का अनुमान था ।पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) पहुप कुमार सिंह ने शनिवार को एक वीडियो बयान में कहा कि ह्यबहराइच में हर साल जेठ मेला का आयोजन होता रहा है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों जैसे पहलगाम में आतंकी हमला, वक्फ बिल संशोधन व संभल हिंसा को लेकर जनमानस में विरोध व आक्रोश की स्थिति बनी हुई है। जेठ मेले में लाखों की भीड़ आती है, इसलिए शांति व सुरक्षा के दृष्टिगत इस आयोजन की अनुमति नहीं दी जा रही है।**

प्रात : किरण/एजेंसी

बहराइच। बहराइच में सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर हर साल आयोजित होने वाले प्रसिद्ध 'जेठ मेले' के लिए इस बार जिला प्रशासन ने अनुमति देने से इनकार कर दिया है। प्रशासन की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पहलगाम हमला, संभल हिंसा व वक्फ बोर्ड संशोधन को लेकर देश भर के जनमानस में विरोध व आक्रोश के मद्देनजर प्रशासन ने मेला कराने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है।

आगामी 15 मई से 15 जून तक बहराइच के दरगाह शरीफ में सैयद सालार मसूद गाजी की मजार पर हर साल ह्यजेठ मेलाह्ल लगना था। मेले में देश-विदेश से करीब 15 लाख लोगों के आने का अनुमान था ।पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) पहुप कुमार सिंह ने शनिवार को एक वीडियो बयान में कहा कि ह्यबहराइच में हर साल जेठ मेला का आयोजन होता रहा है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों जैसे पहलगाम में आतंकी हमला, वक्फ बिल संशोधन व संभल हिंसा को लेकर जनमानस में विरोध व आक्रोश की स्थिति बनी हुई है। जेठ मेले में लाखों की भीड़ आती है, इसलिए शांति व सुरक्षा के दृष्टिगत इस आयोजन की अनुमति नहीं दी जा रही है। नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने कहा कि ह्यदरगाह शरीफ प्रबंध समिति अध्यक्ष ने 15 अप्रैल को जिलाधिकारी को संबोधित पत्र में वार्षिक जेठ मेला आयोजन की बैठक के लिए आग्रह किया था। इस क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर), उपजिलाधिकारी सदर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत से आख्या मांगी गयी थी। इन सभी ने अपनी आख्या में स्पष्ट कहा है कि कानून व्यवस्था व उत्पन्न परिस्थितियों के कारण इस समय वार्षिक जेठ मेला की संस्तुति व अनुमति देना उचित नहीं है। इस स्थिति के क्रम में दरगाह मेला प्रबंधक को अवगत भी करा दिया गया है।



गौरतलब है कि हिंदूवादी संगठन बीते कई वर्षों से महाराजा सुहेलदेव को अपना आदर्श और सैयद सालार मसूद को आक्रांता बताते रहे हैं। जिस स्थान पर मेला लगता है उसे हिंदूवादी संगठन सूर्य कुंड बताते हैं।

20 मार्च को एक कार्यक्रम में बहराइच आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण में महाराजा सुहेलदेव के शौर्य की सराहना की थी। अपने भाषण में योगी ने कहा था कि 'आक्रांता (गाजी) का महिमामंडन करना मतलब देशद्रोह की नींव को पुख्ता करना है और स्वतंत्र भारत ऐसे किसी भी देशद्रोही को स्वीकार नहीं कर सकता। बीते दिनों सैयद सालार मसूद गाजी के नाम पर संभल में लगने वाले ह्यनेजा मेलाह्ल को वहां के प्रशासन ने अनुमति देने से इनकार किया था। बीती 23 मार्च को मेला प्रबंध समिति ने बहराइच के ह्यजेठ मेलेह्ल के लिए होने वाले ठेकों की नीलामी अचानक स्थगित कर दी थी, जिससे मेला लगने की संभावनाओं पर आशंका जताई जाने लगी। लेकिन कुछ ही दिन बाद 27 मार्च को नीलामी सम्पन्न हो जाने से मेला ना होने की आशंकाएं निर्मूल लगने लगीं और बहराइच में मेला कराए जाने के कयास लगाए जाने लगे थे। हालांकि हिंदूवादी संगठन लगातार मेले को रद्द करने की मांग कर रहे थे।

## मथुरा में भीषण सड़क हादसा, 4 लोगों की मौके पर मौत, मुख्यमंत्री योगी ने लिया संज्ञान

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा में शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई ।बताया जा रहा है कि यह भीषण टक्कर थाना जैत क्षेत्र के छटीकरा देवी-आटस मार्ग पर कृष्णा कुटीर के समीप एक मोड़ पर हुई, जहां एक तेज रफ्तार थार और सवारी टेम्पो के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टेम्पो और थार के परखच्चे उड़ गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के कुछ ही देर बाद ही पीछे से आ रहा एक डंपर अनियंत्रित होकर घटनास्थल पर पहुंचा और घायलों पर चढ़ गया, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई और चार लोगों की जान चली गई ।घटना की जानकारी मिलते ही ट्रैफिक सीओ और जैत थाने के इंस्पेक्टर अश्विनी मौके पर पहुंचे और तत्काल यातायात सुचारू कराया। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य में तेजी लाते हुए घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया ।वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा सड़क हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि राहत कार्यों में कोई लापरवाही न हो और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाकर उनका समुचित इलाज कराया जाए। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की ।फिलहाल पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी गई है ।बता दें कि कुछ दिनों पहले ही यूपी के रायबरेली में भीषण सड़क हादसा हो गया था, जिसमें दो लोगों की मौत हुई थी। क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार ने बताया था कि रायबरेली के जगतपुर थाना क्षेत्र के जिगना इलाके में दो गाड़ियों में आमने-सामने की टक्कर हुई थी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी ।उन्होंने बताया था कि दो लोग प्रयागराज के और एक आगरा के रहने वाले थे। इसमें एक महिला कांस्टेबल घायल थी। सभी प्रयागराज से आ रहे थे, तभी यह हादसा हो गया, जिसमें दो लोगों ने दम तोड़ दिया, जबकि महिला कांस्टेबल घायल थी।

## संभल: 51 लाख रुपये की बीमा राशि हासिल करने के लिए दिव्यांग की हत्या की, चार लोग गिरफ्तार

संभल (उप्र)। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में पुलिस ने 51 लाख रुपये के जीवन बीमा दावे के लिए एक दिव्यांग दलित व्यक्ति की हत्या की साजिश का पदार्फाश किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी ।पुलिस ने बताया कि इस मामले में दो भाइयों, दोषी अपराधी और बीमा एजेंट को गिरफ्तार किया है।

एक संवाददाता सम्मेलन में शुक्रवार को संभल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार बिश्नोई ने खुलासा किया, ह्यह्ययह एक सड़क दुर्घटना नहीं थी। पीड़ित दिव्यांग दरियाब जाटव के बीमा दावे के लिए उसकी हत्या की गई। हत्यारों ने पहले उसके सिर पर हथौड़े से वार किया और फिर उसे दुर्घटना का रूप देने के लिए वाहन से कुचल दिया ।चंदौसी पुलिस थाने में पिछले साल एक अगस्त को एक प्राथमिकी दर्ज की गई जिसमें कहा गया कि सैनिक चौराहे के पास एक ह्यहिट-एंड-रनह्ल में दरियाब की मौत हो गई। बदायूं जिले के ढिलवारी गांव निवासी उसके भाई राजेंद्र ने शिकायत दर्ज कराई थी। कोई सुराग न मिलने पर पुलिस ने मामले को दुर्घटना मानकर बंद कर दिया और दिसंबर में अंतिम रिपोर्ट (एफआर) दाखिल कर दी ।एसएसपी के मुताबिक नौ माह बाद सच्चाई तब सामने आई, जब बीमा कंपनी के पास 50.68 लाख रुपये का संदिग्ध बीमा दावा पहुंचा ।बीमाकर्ता ने पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा और उनकी टीम ने दोबारा जांच की। जांच में कई विसंगतियां सामने आईं ।अपर पुलिस अधीक्षक शर्मा ने बताया, दरियाब दिव्यांग था और अपने घर से 27 किलोमीटर दूर नहीं चल सकता था, फिर भी दावे में कहा गया कि उसकी मौत उसके घर से दूर रात करीब 10 बजे एक दुर्घटना में हुई। इससे गंभीर संदेह पैदा हुआ ।संदिग्धों से पूछताछ के बाद आखिरकार मामला खुला।

पुलिस ने बताया, ह्यह्यहत्या की साजिश दो भाइयों हरिओम और विनोद ने रची थी, जिन्हें पैसों की सख्त जरूरत थी। उन्हें ह्यमैक्स लाइफह्ल के ह्यएक्सिस बैंकह्ल के बीमा एजेंट पंकज राघव ने सलाह दी थी कि वे किसी गंभीर रूप से बीमार या शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्ति का बीमा कराएं। एक साल के दौरान उन्होंने दरियाब के नाम पर कई जीवन बीमा पॉलिसी लीं। जब पॉलिसी परिपक्व हो गई, तो साजिशकताओं ने हत्या को अंजाम देने के लिए पहले से एक अन्य मामले मे दोषी ठहराए जा चुके प्रताप को 50,000 रुपये दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा, ह्यह्यघटना की रात विनोद ने दरियाब पर हथौड़े से वार किया। इसके बाद प्रताप ने दुर्घटना दिखाने के लिए उसे कार से कुचल दिया। आरोपी बीमा भुगतान से 15.68 लाख रुपये प्राप्त करने में सफल हो गए, लेकिन फजीर्वाड़े का पता चलने पर शेष राशि रोक दी गई। चारों आरोपियों हरिओम, विनोद, प्रताप और बीमा एजेंट पंकज राघव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 1.5 लाख युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य

प्रात : किरण/एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत डेढ़ लाख युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है तथा लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में कार्य जारी है। शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी।

बयान के अनुसार इस दिशा में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार ने बैंकों से भी हाथ मिलाया है और मुख्यत केंद्रीय बैंकों के साथ मिलकर युवाओं को इस अभियान में लाभान्वित किया जा रहा है। बयान में कहा गया है कि इन बैंकों द्वारा अभियान के अंतर्गत पंजीकरण, आवेदन स्वीकृति व धनावंटन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है और सभी बैंकों को बाकायदा निर्देश हैं कि लंबित आवेदनों के निस्तारण का एक उचित फ्रेमवर्क विकसित किया जाए तथा आवेदनों को तयशुदा वक्त में स्वीकृत किया जाए। बयान के अनुसार इसके बाद धनावंटन की प्रक्रिया में भी तेजी लाई जाए जिससे उद्यम की स्थापना में मदद मिले।




बयान में कहा गया है कि इस कार्य की बाकायदा निगरानी हो रही है और खुद योगी भी राज्य में योजना के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति व उससे संबंधित पहलुओं की जानकारी लेते रहते हैं।

बयान के अनुसार सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग द्वारा प्रदेश में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की प्रगति को लेकर हाल ही एक समीक्षा बैठक में लक्ष्य, विस्तृत कार्ययोजना और अद्यतन स्थिति से जुड़े विभिन्न तथ्य प्रस्तुत किए गए थे। बयान में कहा गया है कि इसमें प्रदेश में वित्त वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य से अधिक प्राप्त आवेदनों की संख्या को देखते हुए वित्त वर्ष 2025-26 में लक्ष्य को बढ़ाकर डेढ़ लाख कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि इसी क्रम में, प्रदेश में बैंकों के द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लेकर तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

# स्विस तकनीक से गंगा एक्सप्रेसवे की गुणवत्ता और सुविधा सुनिश्चित करेगी उत्तर प्रदेश सरकार

प्रात : किरण/एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार गंगा एक्सप्रेसवे को विश्वस्तरीय बनाने के लिए स्विटजरलैंड की अत्याधुनिक तकनीक के जरिये गंगा एक्सप्रेसवे की गुणवत्ता व सुविधा सुनिश्चित करेगी। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी ।बयान में कहा गया कि स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख की ईटीएच यूनिवर्सिटी और आरटीडीटी लैबोरेट्रीज एजी के साथ हुए करार के तहत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) और सेंसर-आधारित तकनीक से सड़क की गुणवत्ता और सुविधा की जांच की जा रही है। बयान के अनुसार यह तकनीक निर्माण के दौरान ही खामियों को पकड़कर सुधारने में सक्षम है। गंगा एक्सप्रेसवे पर इस तकनीक का उपयोग करने के बाद इसे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर भी लागू करने की योजना है ।उल्लेखनीय है कि 594 किलोमीटर लंबा गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ से प्रयागराज तक 12 जिलों को जोड़ेगा और भविष्य में इसे बलिया तक विस्तारित किया जाएगा, जिससे यह देश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे बन जाएगा ।बयान में कहा गया है कि स्विस तकनीक का उपयोग इस परियोजना को तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के उस विजन को रेखांकित करता है, जो उत्तर प्रदेश को ह्यएक्सप्रेस प्रदेशह्ल के रूप में स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। बयान में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के एसीईओ श्रीहरि प्रताप शाही के हवाले से कहा गया कि गंगा एक्सप्रेसवे की 'राइडिंग' गुणवत्ता और सहूलियत को सुनिश्चित करने के लिए स्विस तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।



बयान में कहा गया है कि इसके तहत वायब्रेशन टेक्नोलॉजी और 7 एक्सेलेरोमीटर सेंसर (4 क्वॉलिटी और 3 कम्फर्ट के लिए) से लैस इनोवा वाहन सभी 6 लेन की जांच कर रहा है। बयान के अनुसार यह वाहन रोड की सतह, सहजता स्तर और उतार-चढ़ाव का डाटा एकत्र करता है, जिसे ऑनलाइन ग्राफ के रूप में देखा जा सकता है। बयान में कहा गया है कि सरकार ने स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख की ईटीएच यूनिवर्सिटी और आरटीडीटी लैबोरेट्रीज एजी के साथ मिलकर यह तकनीक लागू की है।

# 51 लाख रुपये की बीमा राशि हासिल करने के लिए दिव्यांग की हत्या की, चार लोग गिरफ्तार

संभल (उप्र)। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में पुलिस ने 51 लाख रुपये के जीवन बीमा दावे के लिए एक दिव्यांग दलित व्यक्ति की हत्या की साजिश का पदार्फाश किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी ।पुलिस ने बताया कि इस मामले में दो भाइयों, दोषी अपराधी और बीमा एजेंट को गिरफ्तार किया है ।एक संवाददाता सम्मेलन में शुक्रवार को संभल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार बिश्नोई ने खुलासा किया, "यह एक सड़क दुर्घटना नहीं थी। पीड़ित दिव्यांग दरियाब जाटव के बीमा दावे के लिए उसकी हत्या की गई। हत्यारों ने पहले उसके सिर पर हथौड़े से वार किया और फिर उसे दुर्घटना का रूप देने के लिए वाहन से कुचल दिया।" चंदौसी पुलिस थाने में पिछले साल एक अगस्त को एक प्राथमिकी दर्ज की गई जिसमें कहा गया कि सैनिक चौराहे के पास एक 'हिट-एंड-रन' में दरियाब की मौत हो गई। बदायूं जिले के ढिलवारी गांव निवासी उसके भाई राजेंद्र ने शिकायत दर्ज कराई थी। कोई सुराग न मिलने पर पुलिस ने मामले को दुर्घटना मानकर बंद कर दिया और दिसंबर में अंतिम रिपोर्ट (एफआर) दाखिल कर दी ।एसएसपी के मुताबिक नौ माह बाद सच्चाई तब सामने आई, जब बीमा कंपनी के पास 50.68 लाख रुपये का संदिग्ध बीमा दावा पहुंचा। बीमाकर्ता ने पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा और उनकी टीम ने दोबारा जांच की। जांच में कई विसंगतियां सामने आईं ।अपर पुलिस अधीक्षक शर्मा ने बताया, "दरियाब दिव्यांग था और अपने घर से 27 किलोमीटर दूर नहीं चल सकता था, फिर भी दावे में कहा गया कि उसकी मौत उसके घर से दूर रात करीब 10 बजे एक दुर्घटना में हुई। इससे गंभीर संदेह पैदा हुआ।" संदिग्धों से पूछताछ के बाद आखिरकार मामला खुला ।पुलिस ने बताया, "हत्या की साजिश दो भाइयों हरिओम और विनोद ने रची थी, जिन्हें पैसों की सख्त जरूरत थी। उन्हें 'मैक्स लाइफ' के 'एक्सिस बैंक' के बीमा एजेंट पंकज राघव ने सलाह दी थी कि वे किसी गंभीर रूप से बीमार या शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्ति का बीमा कराएं। एक साल के दौरान उन्होंने दरियाब के नाम पर कई जीवन बीमा पॉलिसी लीं। जब पॉलिसी परिपक्व हो गईं, तो साजिशकताओं ने हत्या को अंजाम देने के लिए पहले से एक अन्य मामले मे दोषी ठहराए जा चुके प्रताप को 50,000 रुपये दिए।"

## बलिया में नाबालिग किशोरी को अगवा कर विवाह करने के दोषी को 12 वर्ष कारावास की सजा

बलिया। बलिया की एक स्थानीय अदालत ने पंद्रह वर्षीय नाबालिग किशोरी को अगवा करके उससे विवाह करने के तकरीबन पांच वर्ष पुराने मामले में आरोपी युवक को शनिवार को दोषी करार दिया और 12 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है ।पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह ने बताया कि विशेष न्यायाधीश प्रथम कांत की अदालत ने शनिवार को सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद आरोपी संतोष यादव को दोषी करार दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार जिले के गड़वार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी अपने ननिहाल रसड़ा थाना क्षेत्र के निकट स्थित एक गांव में गई हुई थी तभी करेजी गांव के संतोष यादव ने उसे अगवा कर लिया।

# उत्तर प्रदेश में कार्यस्थल पर उत्पीड़न के खिलाफ 'शी-बाक्स' पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकेंगी महिलाएं

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार में कार्यस्थल पर उत्पीड़न की शिकार महिलाएं 'शी-बॉक्स' नामक पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकेंगी ।राज्य सरकार के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी सरकारी व निजी संस्थानों में आंतरिक समिति (आईसी) के गठन को अनिवार्य किया गया था, जिसके तहत अब तक 84 विभागों ने समिति बनाकर इसकी जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर दी है।

सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में उन कार्यस्थलों पर यह व्यवस्था लागू हो जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके तहत इन कार्यस्थलों पर आंतरिक समिति का गठन अनिवार्य है, जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत महिला सदस्य होंगी और समिति की अध्यक्ष भी महिला ही होगी ।बयान के अनुसार यह सुविधा न केवल सरकारी बल्कि निजी क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं के लिए भी उपलब्ध है।

बयान में कहा गया है कि विशेष बात यह है कि यह पोर्टल छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए आवाज उठाने का एक गोपनीय व सशक्त माध्यम बनेगा ।सरकार ने सभी जिलों में इस अभियान की निगरानी की जिम्मेदारी जिला 'प्रोबेशन' अधिकारियों को सौंपी है। इसके अलावा असंगठित क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गैर-सरकारी संगठनों की मदद भी ली जाएगी ।बयान के अनुसार महिला कल्याण विभाग का स्पष्ट निर्देश है कि हर संस्था समिति का गठन करे, शिकायतें दर्ज की जाएं और उनका निपटारा समय पर हो ।बयान में कहा गया है कि यदि कोई संस्था इस आदेश की अवहेलना करती है तो उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी ।इन समितियों में चार से पांच सदस्य होंगे, जो कर्मचारियों की संख्या के आधार पर तय किए जाएंगे।

महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक और नोडल अधिकारी अनु सिंह ने बताया कि 'शी-बाक्स' पोर्टल एक सिंगल-विंडो ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली है।

उन्होंने कहा कि यह पोर्टल सरकारी व निजी दोनों क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं के लिए उपलब्ध है और कोई भी महिला शारीरिक संपर्क, अभद्र इशारे, अश्लील टिप्पणियां या काम के बदले अनुचित मांग जैसी यौन उत्पीड़न की शिकायतें इस पोर्टल पर दर्ज करा सकती है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 04 मई, 2025
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## डीसी ने की किसान निबंधन को ले समीक्षात्मक बैठक

भोजपुर। जिला पदाधिकारी, भोजपुर तनय सुल्तानिया के द्वारा राजस्व विभाग अंतर्गत अभियान बसेरा एवं कृषि विभाग अंतर्गत किसान निबंधन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रखंड स्तर पर रोस्टर बनाकर अधिक से अधिक किसानों का निबंधन सुनिश्चित करें तथा उस रोस्टर को जिला कृषि पदाधिकारी को प्रेषित करें। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी तथा राजस्व एवं भूमि सुधार उपसमाहर्ता को इसका सतत अनुश्रवण (निरंतर निगरानी) करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों को अभियान बसेरा के अंतर्गत पर्चा वितरण में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही प्रभारी पदाधिकारी (राजस्व) एवं भूमि सुधार उपसमाहर्ता को भी इस कार्य की नियमित निगरानी करने को कहा। इस बैठक में सभी भूमि सुधार उपसमाहर्ता, जिला कृषि पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी (जिला राजस्व शाखा), सभी अंचलाधिकारी, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दो ट्रकों से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता




भोजपुर। जिलापदाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के बिरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध श्री रजनीश को गुप्त सूचना मिली की उत्तर प्रदेश कि ओर से एक ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब भोजपुर की ओर जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, भोजपुर द्वारा निरीक्षक राहुल कुमार दुबे के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। बक्सर पटना फोरलेन पर रतनपुर ओवर ब्रिज के पास, (थाना-आरा मुफ्फसिल, जिला-भोजपुर) में एक बारह चक्का ट्रक की जाँच करने पर ट्रक ड्राइवर केबिन में बने गुप्त तहखाने से अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। वाहन पर अंकित वाहन निबंधन संख्या- इफ05 ऋअ -7284 अंकित पाया गया। वाहन के चालक पप्पु सहनी, पे०- नगेन्द्र सहनी, सा०- डेरवां मठिया,थाना-केशरिया, जिला - मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) बिहार को गिरफ्तार करते हुए अग्रतर कार्यवाई हेतु न्यायालय को सुपुर्द किया जा रहा है। उक्त वाहन से कुल 794.880 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। जप्त शराब को उत्तर प्रदेश से भोजपुर लाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक राहुल कुमार दुबे, सहायक अवर निरीक्षक श्री रविंद्र कुमार यादव एवं सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान सामिल थे।

वही एक दूसरे आयशर कंपनी के ट्रक को बिहिया थाना अंतर्गत तेघरा मोड के पास से पकड़ा गया। आयशर कंपनी का आयशर प्रो 1055 मिनी ट्रक की जाँच करने पर ट्रक के डाले में से 302.400 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया, वही वाहन चालक फरार हो गया।

वाहन पर निबंधन संख्या-इफ 01ऋ्र -5138 अंकित पाया गया। जप्त शराब को उत्तर प्रदेश से भोजपुर लाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक अजित कुमार, सहायक अवर निरीक्षक श्री अजय कुमार, सहायक अवर निरीक्षक रामजी चौधरी एवं सहायक अवर निरीक्षक श्रीमती ममता कुमारी के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान सामिल थे।

# केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए डॉ. भवेश

■ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान के साथ वृद्धावस्था पहल की शुरूआत की

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में सम्मान के साथ वृद्धावस्था कार्यक्रम में भाग लिया। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के उद्देश्य से कई प्रमुख पहलों की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में बिहार के भोजपुर निवासी पद्मश्री डॉ .भीम सिंह भवेश सहित पूरे देश से करीब दो दर्जन गणमान्य लोग शामिल हुए। इस मौके पर राष्ट्रपति ने वरिष्ठ नागरिक गृहों का वर्चुअल उद्घाटन किया, बुजुर्गों के लिए समर्पित कल्याण पोर्टल लॉन्च किया, सहायक उपकरणों के वितरण की देखरेख की और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा ब्रह्मा कुमारी संगठन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। राष्ट्रपति मुर्मू ने इस बात पर जोर दिया कि बुजुर्गों का सम्मान करना भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, उन्होंने बच्चों और दादा-दादी के बीच मजबूत भावनात्मक बंधन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बुजुर्ग परिवारों में भावनात्मक आधार के रूप में काम करते हैं। उन्होंने कहा जब बुजुर्ग अपने परिवार को समृद्ध होते देखते हैं, तो वे भी शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने समाज में वरिष्ठ नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया, खासकर आज की तेज-तर्रार और प्रतिस्पर्धी दुनिया में। राष्ट्रपति ने कहा, उनके ज्ञान और अनुभव का खजाना युवा पीढ़ी को जीवन की जटिलताओं से निपटने में मदद कर सकता है। बुढ़ापा चिंतन करने, आध्यात्मिक रूप से विकसित होने और सार्थक जीवन जीने का भी समय है। राष्ट्रपति मुर्मू ने जोर देकर कहा कि वरिष्ठ नागरिक अतीत की कड़ी और भविष्य के मार्गदर्शक दोनों हैं और यह सुनिश्चित करना समाज का सामूहिक कर्तव्य है कि वे सम्मान, उद्देश्य और जुड़ाव के साथ जिएं। उन्होंने सरकार की उन पहलों पर संतोष व्यक्त किया, जिनका उद्देश्य बुजुर्गों को सशक्त बनाना और समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना है। वरिष्ठ नागरिकों की खुशी और भलाई के लिए राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का आह्वान करते हुए, राष्ट्रपति ने सभी नागरिकों से उनकी उपस्थिति को महत्व देने, उनकी बुद्धिमत्ता को संजोने और यह

# अनिल गुप्ता आम आदमी पार्टी के नए भोजपुर जिला अध्यक्ष बने

प्रातः किरण संवाददाता

आरा, । आम आदमी पार्टी (आप), भोजपुर की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई। श्री अनिल गुप्ता (52) को सर्वसहमति से पार्टी का अध्यक्ष चुन लिया गया। बिहार प्रदेश अध्यक्ष श्री राकेश कुमार यादव के निदेर्शानुसार प्रदेश पर्यवेक्षक सह बिहार प्रदेश प्रवक्ता चंद्र भूषण और प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हिमांशु कुमार पटेल की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। करीब चार दर्जन से ऊपर पार्टी कार्यकर्ता एवं पूर्व पदाधिकारियों की उपस्थिति में श्री अनिल गुप्ता को जिला अध्यक्ष पद, कुंदन कुमार और जनार्दन सिंह को जिला उपाध्यक्ष, साजन कुमार को महासचिव और दिनेश सैनी को जिला संगठन महामंत्री पद के लिए सर्वसमिति से चुन लिया गया।

इसके अलावा प्रमोद यादव को सचिव आकाश गौरव को कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी के रूप में डॉक्टर सुरेंद्र कुमार प्रसाद , कार्यालय प्रबंधक प्रभारी के रूप में आनंद कुमार, महिला जिला अध्यक्ष के रूप में अंजली कुमारी, जिला युवा अध्यक्ष अंकित कुमार, किसान सेल के जिला अध्यक्ष प्रयाग यादव, जिला अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अशोक चौधरी, ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के मोहम्मद सद्दाम हुसैन, श्रमिक अध्यक्ष प्रकोष्ठ के लिए रामजी प्रजापति, अधिवक्ता प्रपोज्ड के जिला अध्यक्ष के रूप में श्री राम सिंह और जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के रूप में डॉक्टर जितेंद्र कुमार वर्मा को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस अवसर पर दोनों पर्यवेक्षकों के अलावा पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य सन्नी कुमार, प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रूबी सिंह , संयुक्त सचिव बिहार उदय सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर बिहार प्रदेश प्रवक्ता सह भोजपुर जिला पर्यवेक्षक श्री चंद्र भूषण ने उत्साह पैदा करते हुए कहा कि दिल्ली में केजरीवाल की हार का बदला बिहार को लेना चाहिए और सभी कार्यकर्ता संगठन निर्माण में जुट जाएं।

# राजद बिहार प्रदेश द्वारा 5 मई से सामाजिक न्याय परिचर्चा का होगा आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। राष्ट्रीय जनता दल, बिहार प्रदेश द्वारा राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में दिनांक 05 मई से 15 मई 2025 तक ह्वसामाजिक न्याय परिचर्चाह्व का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में भोजपुर जिले के सभी 7 विधानसभा क्षेत्रों में यह कार्यक्रम 05 मई से 11 मई 2025 तक आयोजित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर राजद भोजपुर जिला अध्यक्ष श्री वीरबल यादव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें जिला कार्यकारिणी, राजद के विभिन्न प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षगण एवं मेन विंग के प्रखंड अध्यक्षगण सम्मिलित हुए। बैठक का संचालन जिला प्रवक्ता आलोक रंजन ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष वीरबल यादव ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल हमेशा से सामाजिक न्याय और समानता की पक्षधर रही है। पार्टी का मूल उद्देश्य वंचित, शोषित, पिछड़े एवं अल्पसंख्यक वर्ग की आवाज को बुलंद करना है। ह्यसामाजिक न्याय परिचर्चाह्व के माध्यम से विधानसभावार सभी कार्यकताओं को विचारधारा से लैश किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि यह परिचर्चा न केवल संगठन को मजबूत करेगी, बल्कि राजद की विचारधारा को आम लोगों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगी। सभी प्रखंडों एवं विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सफल बनाया जा सके। उन्होंने आगे बताया कि 5 मई को संदेश, 6 मई को बड़हरा, 7 मई को आरा, 8 मई को अगिआंव, 9 मई को तरारी, 10 मई को जगदीशपुर और 11 मई को शाहपुर में यह कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक के तौर पर मनेर के विधायक सह लोक लेखा समिति के सभापति श्री भाई वीरेंद्र, मखदुमपुर विधायक श्री सतीश दास, अनिल कुमार महतो, फूल हसन अंसारी, निवास रजक शामिल होंगे।

बैठक में उपाध्यक्ष एकराम आलम, मंटू शर्मा, महिला सेल की जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष आशा पासवान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मुन्ना अंसारी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनु राठौर, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कमलेश यादव, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नंदजी राय, छात्र राजद के जिला प्रधान महासचिव अमित ठाकुर, विवि अध्यक्ष अनूप मौर्य, भोला खान, प्रभुनाथ राय, योगेंद्र महतो, विमल कुमार सिंह, सुदेश्वर यादव, चंद्र भूषण यादव, मदन राय, धनजीत यादव, शिव प्रसन्न यादव, राम तपस्या सिंह, संजय ठाकुर उपस्थित थे।

## मदारपुर गांव के ग्रामीणों ने मुखिया पर लगाया धमकी देने का आरोप

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) स्थानीय थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव निवासी अमरेश कुमार, शमशेर अंसारी, कमलेश कुमार,व मुसाढ़ी गांव निवासी जितेंद्र प्रसाद सिंह ने कुर्था थाने में आवेदन देकर कोदमरई पंचायत के मुखिया के समर्थकों पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए कुर्था थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

कुर्था थाने में दिए गए आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है कि मैं अमरेश कुमार पिता अर्जुन यादव, कमलेश कुमार पिता सर्जुन यादव, शमशेर अंसारी पिता इकराम अंसारी ग्राम मदारपुर निवासी हूं हम लोगों को कोदमरई में मनरेगा मद से चल रही योजनाओं पर अनियमित की जांच के लिए अरवल जिलाधिकारी अरवल उप विकास आयुक्त तथा कार्यक्रम पदाधिकारी कुर्था को आवेदन देकर रोजगार सेवक जितेंद्र कुमार एवं मुखिया पर कार्रवाई की मांग की थी जिसके बाद मुखिया के समर्थक द्वारा हम लोगों के घर पर चढ़कर दिनदहाड़े धमकी देने लगे की आवेदन वापस ले लो धमकी देने वालों में मनोज कुमार पिता राजू यादव ग्राम परसन बिगहा थाना कुर्था उमेश यादव ग्राम तकिया पर रंजीत यादव ग्राम तकिया अन्ना आलम ग्राम ढूंढरा मनोज कुमार सैदपुर इसी तरह के करीब 20 व्यक्ति बाइक पर सवार होकर हमलोगों के दरवाजे पर आकर धमकी देने वालों की आवेदन वापस ले लो नहीं तो जान से हाथ धोना पड़ेगा।

इस संबंध में पूछे जाने पर कोदमरई पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सोनी मलिक ने बताया कि ऐसा कोई मामला नहीं है लोग ठेकेदारी के वजह से आपसी में लड़ाई झगड़ा कर रहे हैं। इस संबंध में कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया है कि आवेदन आया है मामले की जांच की जा रही है।

# सुलतानगंज में डिस्ट्रीब्यूटर के पास काम करने वाले कर्मी पर लगे गबन के आरोप झूठा, पीड़ित ने बताई आपबीती

प्रातः किरण संवाददाता



सुलतानगंज। थाना क्षेत्र के निवासी स्वर्गीय रामनारायण प्रसाद गुप्ता के पुत्र विजय गुप्ता द्वारा मसदी गांव के रहने वाले राजकुमार यादव के पुत्र तुलसी यादव पर गबन का आरोप लगाया गया है। इस घटना में तुलसी यादव ने अपने ऊपर लगे आरोपों को पूरी तरह से बेबुनियाद बताया है।

तुलसी यादव ने शनिवार की शाम 5 बजे के करीब कहा कि वह पिछले पांच महीनों से ईमानदारी से गुटखा और सिगरेट का वितरण कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 20 अप्रैल को जब वह अपने साइकिल से तगादा करने के बाद कुम्हार गली से डिस्ट्रीब्यूटर विजय गुप्ता के घर जा रहा था तभी कांग्रेस ऑफिस के पास उन्हें तीन नकाबपोशों ने घेर लिया और पिस्तौल के बल पर उनसे पैसे से भरा झोला छीन लिया। तुलसी ने कहा, ह्लमैंने बचने की काफी कोशिश की, लेकिन वे मुझे गोली मारने की धमकी देने लगे।ह्व

घटना के बाद, तुलसी ने विजय गुप्ता को इस संबंध में सूचित किया, तो उन्होंने कहा जो भी हुआ तुम अभी घर चले जाओ सुबह थाना जाकर इसकी शिकायत करेंगे इसके बाद विजय गुप्ता ने इस घटना की सूचना डायल 112 को दी जिसके बाद डायल 112 की टीम और विजय गुप्ता घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस ने जांच पड़ताल किया फिर हम लोग वहां से चले आए और विजय गुप्ता ने सामाजिक स्तर पर पंचायत करवाया और मामले को रफा दफा करने की बात कही। लेकिन इसके बाद विजय कुमार ने तुलसी के खिलाफ सुलतानगंज थाने में गबन का मामला दर्ज करवाया। तुलसी ने कहा, ह्लमैं गरीब आदमी हूं और घर का इकलौता कमाने वाला हूँ। मेरे और मेरे परिवार के लिए यह घटना बहुत ही डरावनी है। मैं पुलिस से गुहार लगाता हूं कि इस मामले की पूरी तरह जांच की जाए और मुझे न्याय दिलाया जाए।ह्व

यह मामला स्थानीय पंचायत के समक्ष भी लाया गया, लेकिन सामाजिक स्तर पर जो समझौता होना था, वह नहीं हुआ। अब तुलसी यादव न्याय की उम्मीद में पुलिस की तरफ देख रहे हैं। यह घटना न केवल तुलसी के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए चिंता का विषय बन गई है, जहां एक गरीब युवक पर झूठे आरोपों का सामना करना पड़ रहा है।

## राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने प्रधानमंत्री के प्रति निकाला आभार यात्रा

भोजपुर। राष्ट्रीय लोक मोर्चा भोजपुर के तत्वाधान में रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा जी के आहवान पर जातिगत जनगणना कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद देने हेतु एक आभार यात्रा जिला अध्यक्ष रोहित कुशवाहा जी के नेतृत्व में जज कोठी मोड़ से आरा समाहरणालय तक निकाला गया। जिला अध्यक्ष रोहित कुशवाहा ने कहा कि इस निर्णय से विपक्ष मुद्दा विहीन हो गया। प्रदेश उपाध्यक्ष जागा कुशवाहा ने कहा कि देश में जाति जनगणना कराने हेतु हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा जी द्वारा वाल्मीकि नगर में प्रस्ताव पारित किया गया था जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ऐतिहासिक फैसला किया इससे सबका साथ सबका विकास का जो वादा है वह सही मायने में पुरा होगा। प्रदेश महासचिव संजय मेहता ने कहा कि जाती है जनगणना करने का निर्णय एक ऐतिहासिक निर्णय है देश और राज्य के सभी जाति धर्म की समुचित भागीदारी होगी। इस आभार यात्रा में राजेश कुशवाहा, संजय मेहता, नीतीश कुशवाहा, सुबोध केसरी, नागेंद्र यादव, सुनील पाठक, प्रवीण सिंह,ललन कुशवाहा, अमरेन्द्र पाठक, प्रखंड अध्यक्ष चन्दन कुशवाहा,तेजनरायण, छोटन, सत्येन्द्र कुशवाहा,मुना ठाकुर, सूरज,बीएन पाठक, मुलायम, विनीत, प्रिंस, सुमित,पवन,कमल सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया।

## गाड़ी संख्या 05289/05290 मुजफ्फरपुर–पुणे–मुजफ्फरपुर स्पेशल का टर्मिनल परिवर्तन किया जा रहा है ,अब पुणे के बजाए हडपसर से खुलेगी

हाजीपुर। (मुजफ्फरपुर और पुणे के मध्य चलायी जा रही गाड़ी संख्या 05289/05290 स्पेशल का टर्मिनल परिवर्तन करते हुए पुणे के जगह हडपसर (पुणे) किया जा रहा है । 05 मई, 2025 से मुजफ्फरपुर से खुलने वाली गाड़ी संख्या 05289 मुजफ्फरपुर-पुणे स्पेशल पुणे के बजाए हडपसर को जायेगी एवं वापसी में 07 मई, 2025 से पुणे से खुलने वाली गाड़ी संख्या 05290 पुणे-मुजफ्फरपुर स्पेशल पुणे के बजाए हडपसर से खुलेगी ।

## दिमागी रूप से कमजोर तिलकपुर के युवक लापता, माँ ने पुलिस में कराई मामला दर्ज

सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के तिलकपुर वार्ड नंबर 15 से एक दुखद खबर सामने आई है। बेबी रानी नामक एक महिला ने अपने पुत्र सूरज के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। श्रीमती रानी, जो तिलकपुर वार्ड नंबर 15 की सदस्य भी हैं, ने थाना प्रभारी महोदय को दिए अपने आवेदन में बताया कि उनका पुत्र सूरज, जिसका दिमागी इलाज चल रहा है, कल शाम लगभग 6:00 बजे महेशी चौक सामान लेने गया था, लेकिन तब से वापस नहीं लौटा है। परेशान माँ ने पुलिस से आग्रह किया है कि वे उनकी रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई करें और उनके पुत्र को ढूंढने में मदद करें। इस घटना से क्षेत्र में चिंता का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सूरज की तलाश में जुट गई है

## बीडीओ से मिले प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष

उदवंतनगर। नव मनोनित प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष सह प्रखंड भाजपा अध्यक्ष संतोष सिंह भिखारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी कपूर्री ठाकुर से मुलाकात कर जल्द से जल्द बीस सूत्री की बैठक बुलाने की मांग की। बीडीओ के साथ औपचारिक बातचीत करते हुए उन्होंने प्रखंड मुख्यालय में बीस सूत्री के लिए कार्यालय कक्ष की मांग की।बीडीओ ने यथाशीघ्र कार्यालय की व्यवस्था करने तथा बीस सूत्री की बैठक बुलाने का आश्वासन दिया ।

## अभिभावक संगोष्ठी कर बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक किया गया: मंटु

मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय बभनियांव में अभिभावक संगोष्ठी आयोजित कर बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक बन्दना कुमारी ने किया। बच्चों एवं अभिभावक को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक बन्दना कुमारी ने बताया कि सरकार की सोच शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने का है। बच्चे, शिक्षक एवं अभिभावक समन्वय बनाकर शिक्षा को सुदृढ़ कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि सरकार बच्चों को पोशाक, छात्रवृत्ति,किताब की राशि प्रदान कर रही है। बच्चों को सिर्फ ससमय विद्यालय आकर शिक्षा ग्रहण करना है। अभिभावक समय पर अपने बच्चों को विद्यालय भेजने का काम करें और शिक्षक द्वारा दिए गए गृह कार्य को देखने का काम करें। प्रभारी प्रधानाध्यापक बन्दना कुमारी ने बच्चों को शुद्ध पेयजल के लिए जल्द ही लगाने की बात कही।

## उत्पाद पुलिस में दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

शेरघाटी। उत्पाद थाने की पुलिस ने आमस थाना क्षेत्र के कारमाइन मोड़ के निकट 10 लीटर अवैध शराब एवं 24 लीटर बियर के साथ दो मोटरसाइकिल समेत दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है, बता दे कि बिहार में शराबबंदी के बावजूद भी शराब माफियाओं के द्वारा लगातार शराब का कारोबार किया जा रहा है, लगातार उत्पाद पुलिस के द्वारा कार्रवाई की जा रही है इधर उत्पाद थाने के पुलिस ने बताया कि शराब के साथ गिरफ्तार अभियुक्त के पहचान शिवकुमार पासवान रोशनगंज थाना क्षेत्र के कुबडी गांव का रहने वाला है, जबकि विदेशी कुमार शेरघाटी थाना क्षेत्र के घाघर गांव का रहने वाला है,पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कार्यवाहीई करते हुए जेल भेज दिया है।

# अन्तरराष्ट्रीय श्रम दिवस के उपलक्ष्य मे श्रमिकों को किया गया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता




गडहनी। श्रम संसाधन कार्यालय आरा मे अन्तरराष्ट्रीय श्रम दिवस के उपलक्ष्य मे सम्मान समारोह का आयोजन श्रम अधीक्षक सुजीत कुमार की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखण्डो से पधारे श्रमिको को सम्मानित किया गया।समारोह का उद्घाटन श्रम अधीक्षक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।वहीं कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गडहनी अखिलेश कुमार सिंह के द्वारा गणमान्य अतिथियों का स्वागत भाषण व अंगवस्त्र के साथ किया गया।इस दौरान श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सहार के द्वारा श्रमिको के हित मे सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओ की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। संचालन श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी उदवंतनगर ने किया।इस अवसर पर अन्तरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर फैक्ट्री कारखाना निरीक्षक सुनीता कुमारी दिशा एक प्रयास, जिला विधिक प्राधिकार के हरिशंकर एवं प्रतिनिधि सहित जिले के सभी प्रखण्डो के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी तथा श्रमिको ने कार्यक्रम मे उत्साह पूर्वक भाग लिया।

## सबको सुरक्षा न्याय मिले इसकी लड़ाई जारी रहेगी: दीपंकर भट्टाचार्य

प्रात: किरण संवाददाता

अगिआंव। अगिआंव प्रखंड के लहरपा गांव में हाल ही में एक अत्यंत दुखद और निंदनीय घटना घटी, जिसमें भाजपा समर्थित सवर्ण सामंती ताकतों द्वारा तीन लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी. हमले में कई लोग घायल भी हुए थे.घटना के खिलाफ आज अगिआंव में भाकपा - माले ने विशाल प्रतिरोध सभा किया। जिसमें मुख्यवक्ता दीपंकर भट्टाचार्य - महासचिव भाकपा - माले, कुणाल- राज्य सचिव बिहार माले, सुदामा प्रसाद - केंद्रीय कमिटी सदस्य सह आरा सांसद, मनोज मंजिल - केन्द्रीय कमिटी सदस्य, राजू यादव केंद्रीय कमिटी सदस्य, शिवप्रकाश रंजन विधायक अगिआंव, विजेंदर यादव राजद नेता पूर्व विधायक, अरुण यादव,पूर्व विधायक , आदिब रिजीवी राजद नेता मुकेश यादव प्रमुख अगिआंव, शैलेन्द्र राम युवा राजद नेता शामिल थे।सभा के पूर्व महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य सहित कई नेता लहरपा गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिले। परिवार से मिल दीपंकर भट्टाचार्य ने घटना का कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि इस दुख के घड़ी में पूरी पार्टी परिवार के साथ खड़ी है। न्याय मिलने तक लड़ाई जारी रहेगी।

अगिआंव में प्रतिरोध सभा के पहले पहलगाम आतंकी हमले के शिकार 26 पर्यटकों एवं लहरपा में सामंती अपराधियों द्वारा मारे गये तीन नौजवानों को श्रद्धांजलि के साथ शुरू हुई। सभा की अध्यक्षता प्रखण्ड सचिव रघुवर पासवान और संचालन उपेन्द्र भारती ने किया।सभा को सम्बोधित करते हुए दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि भोजपुर के लिए आक्रोश व चिंता की बात है ! जनसंहार की लिस्ट में एक और नाम जुड़ गया। न्याय के साथ विकास के राज्य में 20 अप्रैल की घटना और आज 3 मई हो गया। अभी तक पीड़ितों को न्याय नही मिला। चौदह दिन बाद भी अपराधी खुले घूम रहे हैं। भाजपा के लोग अपराधियों का मनोबल बढ़ा रहें हैं। अपराध कब बढ़ता है जब अपराधी यह जानते हैं कि हमे कुछ नही होगा सरकार से संरक्षण प्राप्त होगा।उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय और मुआवजा मिले इसके लिए आपको खड़ा होना होगा। जिले में लोकसभा चुनाव के बाद ये लोग बौखला गए हैं। वीभिन्न तरह के कोशिश कर रहे हैं। बिहार में जगह जगह महिलाओं, दलितों पर अत्याचार हो रहा है। पूर्णिया, स्नेह आदि के साथ अत्याचार हुआ। भाजपा बिहार में अपराधियों का राज कायम करना चाहती है उसके मंसूबों को चकनाचूर कर देना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का काम लोगों की सुरक्षा की गारंटी करना है लेकिन एक तरफ कश्मीर में घूमने गए 26 लोगों की हत्या हत्या हो जाती है। मोदी ने कहा था अब कश्मीर सुरक्षित है आतंक से मुक्त कर दिया है लेकिन जहाँ चपेचपे पर सुरक्षा है वहाँ लोग मारे जाते हैं ।

# कलश शोभायात्रा के साथ शिव महापुराण कथा शुरू

## मानव जीवन में गुरु की अहम भूमिका

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी` नगर पंचायत खोरैठा गांव स्थित खोरैठेश्वर नाथ महादेव मंदिर के प्रांगण में आयोजित संगीतमय सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा को लेकर बीते दिन गाजे-बाजे एवं रथ के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गयी. शोभायात्रा से पूर्व शिव मंदिर में पुरोहितों व आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की तत्पश्चात स्थानीय असपुरा नहर स्थित हनुमान मन्दिर से कलश में उत्तरवाहिनी गंगा का जल भरवाया. शोभायात्रा वहाँ से निकलकर नगर बाजार का भ्रमण करते हुए कथास्थल पर पहुंची. इस दौरान ग्रामीण महिलाएं सहित आसपास के गांवों के सैंकड़ों महिलाएं एवं कन्याएं शोभायात्रा में शामिल हुई. यात्रा के दौरान जय श्री राम, जय माता दी, हर-हर महादेव के जयघोष से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो उठा. वहीं संध्या 6 बजे से आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में अयोध्या से आए कथावाचक सुधीर जी महाराज ने मौजूद श्रद्धालुओं को शिव महापुराण कथा के महत्व से अवगत कराया. उन्होंने कहा कि जिस तरह से सनातन धर्म का हास हो रहा है वह चिंतन का विषय है, इसे बचाने के लिए सभी सनातनी भक्तजनों को आगे आना होगा. कथा के दौरान उन्होंने मानव जीवन में गुरु का महत्व पर भी प्रकाश डाला` मौके पर आयोजन समिति के सुशील सिंह, शशांक शेखर मिश्र, भोला सिंह, पंकज कुमार समेत सैंकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे`



# एक्शन-थ्रिलर फिल्म में नजर आएंगे देव पटेल, दिखाएंगे 1300 के दशक की अनोखी कहानी

**अभिनेता और निर्माता-निर्देशक देव पटेल अपनी अलग तरह की फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। वो अपनी फिल्मों में गंभीर मुद्दों पर बात करते हैं। देव पटेल अभिनेता के साथ-साथ निर्देशक की जिम्मेदारी भी बखूबी निभा रहे हैं। अब देव पटेल के अगले प्रोजेक्ट को लेकर अहम जानकारी सामने आई है। अभिनेता पीरियड एक्शन-थ्रिलर 'द पीजेंट' में दिखाई देंगे। इस फिल्म में वो एक्टिंग के साथ-साथ निर्देशन की कमान भी संभालते नजर आएंगे।**

### मध्यकालीन भारत पर आधारित होगी फिल्म

'द पीजेंट' की कहानी मध्यकालीन भारत पर आधारित होगी। बतौर निर्देशक अपनी पहली फिल्म 'मंकी मैन' की सफलता और प्रशंसा के बाद देव पटेल थंडर रोड पिक्चर्स के साथ फिर से वापसी कर रहे हैं। द हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, फिफ्थ सीजन और थंडर रोड के समर्थन से बन रही 'द पीजेंट' कथित तौर पर 'ब्रेवहार्ट', 'जॉन विक' और 'किंग आर्थर' से प्रभावित होगी।

### यह होगी फिल्म की कहानी

'द पीजेंट' की कहानी 1300 के दशक के भारत के एक चरवाहे पर केंद्रित है, जो अपने समुदाय को नष्ट करने वाले भाड़े के शूरवीरों के एक गिरोह के खिलाफ भयंकर विद्रोह करता है। इस दौरान उसका एक ऐसा रूप सामने आता है, जिसकी किसी ने उम्मीद भी नहीं की थी। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है और वो इस तरह की कहानी को देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे है।

### 'मंकी मैन' को मिली थी काफी प्रशंसा

देव पटेल द्वारा निर्देशित पिछली फिल्म 'मंकी मैन' भी एक रिवेंज थ्रिलर थी। साल 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई 'मंकी मैन' को काफी सराहा गया था। फिल्म को भारत से लेकर विदेशों तक में काफी पसंद किया गया था। फिल्म में देव पटेल ने निर्देशन के साथ-साथ एक्टिंग भी की है। यह फिल्म अब पीकॉक टीवी पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।



# 'केजीएफ' में फ्लावरपॉट कहे जाने पर श्रीनिधि ने दी प्रतिक्रिया

'केजीएफ' में अभिनेता यश के साथ नजर आईं अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'हिट 3' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच अभिनेत्री ने अपनी पहली फिल्म 'केजीएफ' को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने उनको 'केजीएफ' में फ्लावरपॉट कहे जाने पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी और बताया कि उन्हें आलोचनाओं व ट्रोलिंग से फर्क पड़ता है या नहीं।

### मुझे फ्लावरपॉट बनने में नहीं थी कोई दिक्कत

अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी ने हालिया बातचीत में अपनी पहली फिल्म 'केजीएफ' में उन्हें फ्लावरपॉट कहकर ट्रोल किए जाने पर बात करते हुए कहा, मुझे 'केजीएफ' में फ्लावरपॉट बनने में कोई आपत्ति नहीं थी, क्योंकि जब यह आई तो यह मेरे लिए एक ड्रीम प्रोजेक्ट की तरह था। न कि यह कैसे होगा, ये मेरे लिए मायने रखता था। जब मैंने कहानी सुनी, तो मुझे पता था कि मेरी भूमिका केवल इतनी ही है, लेकिन मैं इसे करना चाहती थी। मैं चाहती थी कि मेरी पहली फिल्म यही हो। फिर यह एक व्यक्तिगत पसंद है। कुछ लोग फ्लावरपॉट बनना पसंद करेंगे, कुछ लोग नहीं। अब अगली फिल्म में फ्लावरपॉट बनने में सोचूंगी

अभिनेत्री ने आगे बात करते हुए कहा, अब अगर आप मुझसे पूछें, तो क्या आप अगली कुछ फिल्मों में फ्लावरपॉट बनेंगी? तो अब मैं अपना समय लूंगी और सोचूंगी कि मैं चाहती हूं या नहीं। मैं देखूंगी कि कौन कर रहा है, फ्लावरपॉट की कीमत कितनी है। पहली वाली मेरी सचेत पसंद थी। लेकिन इसमें कुछ भी बुरा या सही गलत नहीं है। यह ठीक है, इसमें कोई हिसाब-किताब नहीं है।

### 'केजीएफ' को दिया अपनी लोकप्रियता का श्रेय

श्रीनिधि ने अपनी लोकप्रियता का श्रेय भी 'केजीएफ' के ही दोनों पार्ट्स को दिया। उन्होंने कहा, मुझे जितनी प्रसिद्धि या प्यार मिला है, वह 'केजीएफ' की वजह से है, इसमें कोई दो राय नहीं है। शायद यह उस काम में तब्दील नहीं हुआ, जिसके बारे में मैंने सोचा था।

### 'केजीएफ' में निभाया रीना देसाई का किरदार

श्रीनिधि शेट्टी ने 2018 में 'केजीएफ- चैप्टर 1' से अपने करियर की शुरूआत की। प्रशांत नील द्वारा निर्देशित 'केजीएफ' फ्रैंचाइजी में श्रीनिधि ने रीना देसाई की भूमिका निभाई थी। जबकि यश फिल्म में रॉकी के किरदार में नजर आए थे। 'केजीएफ' के दोनों ही पार्ट बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुए हैं।

**अनुष्का शर्मा ने शुरुआत में पत्रकार बनने का सोचा था लेकिन आगे चलकर वह मॉडलिंग में एक्टिव हो गईं। एक मॉल में शॉपिंग करते हुए नामी फैशन डिजाइनर की नजर अनुष्का पर पड़ी, यहीं से उनके लिए रैंपवॉक पर चलने का रास्ता तैयार हुआ। मॉडलिंग में कम समय में ही अनुष्का ने अलग पहचान बना ली। इसी दौरान कई एड फिल्मों में भी नजर आईं। अनुष्का ने कभी भी एक्टिंग करने या एक्ट्रेस बनने के बारे में नहीं सोचा।**



# एक्ट्रेस बनने का ख्वाब नहीं देखा, फिर कैसे बनीं बॉलीवुड की टॉप हीरोइन

मॉडलिंग की वजह से ही अनुष्का को फिल्मों में आने का मौका मिला। यशराज की तरफ से फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' का ऑफर मिला। इस फिल्म के लिए जब अनुष्का ऑडिशन दे रही थीं तो करण जौहर ने आदित्य चोपड़ा को सलाह दी थी नई लड़की को फिल्म में ना लें। इस बात का खुलासा कुछ साल पहले करण जौहर ने खुद किया। साथ ही उन्हें इस बात पर गर्व है कि अनुष्का ने बतौर एक्ट्रेस एक कमाल का करियर बनाया है। यशराज के साथ अनुष्का शर्मा ने एक नहीं कई फिल्में कीं। इसमें 'बैंड बाजा बारात', 'लेडीज वर्सेज रिक्की बहल', 'बदमाश कंपनी', 'जब तक है जान' जैसी हिट फिल्में शामिल हैं।

### तीनों खानों के साथ की फिल्में

अपने फिल्मी करियर में अनुष्का शर्मा ने आमिर खान के साथ 'पीके', शाहरुख खान के साथ 'जब तक है जान', 'जीरो' जैसी फिल्में भी की हैं।' साथ ही सलमान खान के साथ 'सुल्तान' भी की। इस तरह अनुष्का शर्मा उन चंद एक्ट्रेसेस में शामिल हो गईं, जिन्होंने तीनों खान के साथ बड़े पर्दे पर अभिनय किया है।

प्रोड्यूसर के तौर पर बनाई वूमेन सेंट्रिक फिल्में एक्टिंग में खुद को स्थापित करने के बाद अनुष्का शर्मा ने बतौर प्रोड्यूसर भी नई पारी शुरू की है। 'एनएच 10' जैसी फिल्म में लीक से हटकर रोल किया, साथ ही इस फिल्म को प्रोड्यूस भी किया है। अब तक अनुष्का शर्मा 'बुलबुल', 'फिलौरी' और 'परी' जैसी फिल्में भी बतौर प्रोड्यूसर बना चुकी हैं। बताते चलें कि अनुष्का ने जो फिल्में प्रोड्यूस कीं, वह सभी वूमेन सेंट्रिक रहीं। आम महिलाओं की तकलीफ, दर्द को इन कहानियों में बयां किया गया। साथ ही एक्ट्रेस के तौर पर भी जो फिल्में अनुष्का शर्मा ने की हैं, उनमें हीरो के बराबर के किरदार किए, फिल्म में अनुष्का के किरदार की हमेशा खास अहमियत रही।



# कॉन्सर्ट-शो के लिए करोड़ों रुपये चार्ज करते हैं ये सितारे, शाहरुख नंबर वन

बॉलीवुड एक्टर्स, सिंगर की पॉपुलैरिटी देश ही नहीं विदेशों में भी है। खासकर ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले भारतीयों का बड़ा तबका अपने पसंदीदा स्टार्स के कॉन्सर्ट, शो खूब देखता है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में इवेंट करवाने वाले दो लोगों ने एक इटरव्यू में बॉलीवुड सेलिब्रिटीज की फीस का खुलासा किया, इन्होंने बताया कि कौन सा स्टार्स कितना पैसा एक शो या इवेंट का चार्ज करता है? साथ ही बताया कि जो चार्ज स्टार्स लेते हैं, उसके पीछे क्या वजह छिपी होती है।

### शाहरुख की फैन फॉलोइंग है वजह

सिद्धार्थ कानन के शो में पेस डी और बिक्रम सिंह रंधावा बताते हैं कि जब भी ऑस्ट्रेलिया में कोई बॉलीवुड शो, कॉन्सर्ट होता है तो उसके लिए सबसे ज्यादा फीस शाहरुख खान लेते हैं। दरअसल, शाहरुख खान की फीमेल फैन फॉलोइंग बहुत ज्यादा है। इसके बाद सलमान खान सबसे ज्यादा फीस चार्ज करते हैं। साथ ही रणवीर सिंह, कार्तिक आर्यन से ज्यादा पैसे किसी शो के लिए चार्ज करते हैं।



### एक्ट्रेस में करीना है सबसे आगे

इवेंट अरेंज करने वाले इन दो लोगों का कहना है कि बॉलीवुड एक्ट्रेसेस में करीना कपूर सबसे ज्यादा चार्ज करती हैं। करीना की ऑस्ट्रेलिया में बहुत फैन फॉलोइंग है। इसके बाद ही बाकी एक्ट्रेस का नाम लिस्ट में आता है।

### बादशाह से ज्यादा पैसे चार्ज करते हैं हनी सिंह



ऑस्ट्रेलिया में टूर करवाने वालों का कहना है कि सिंगर में सबसे ज्यादा पैसा इस वक्त हनी सिंह ले रहे हैं। इसकी वजह है कि इस वक्त उनके गाने हिट हैं। हनी कितना पैसा चार्ज करते हैं, ये तो पेस डी, बिक्रम ने नहीं बताया लेकिन वे बोले कि सिंगर बादशाह एक शो का 2 करोड़ रुपये लेते हैं। सिंगर्स की लिस्ट में रफ्तार और करण औजला भी शामिल हैं, जो अच्छा-खास अमाउंट चार्ज करते हैं।



# वास्तविक किरदारों में विक्की कौशल का जलवा बरकरार, जल्द नजर आ सकते हैं खास बायोपिक में

**विक्की कौशल, जिन्होंने हाल ही में फिल्म छावा में छत्रपति संभाजी महाराज की शानदार भूमिका निभाकर सबका दिल जीता, अब जल्द ही वह दो बायोपिक फिल्मों में नजर आ सकते हैं। उससे पहले जानते हैं अभीतक किन खास किरदारों में नजर आ चुके हैं विक्की...**

### शरत कमल की बायोपिक

मशहूर टेबल टेनिस खिलाड़ी और ओलंपियन शरत कमल ने अपनी बायोपिक के लिए विक्की कौशल को चुना है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू में शरत ने कहा कि वह विक्की को अपनी कहानी के लिए सही मानते हैं, क्योंकि उनकी बायोपिक का अभिनेता लंबा और प्रभावशाली होना चाहिए।

### संजीव कपूर की बायोपिक

प्रसिद्ध शेफ संजीव कपूर, जिन्होंने खाना खजाना शो से घर-घर में नाम कमाया, ने भी अपनी बायोपिक के लिए विक्की कौशल को पसंद किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने कहा कि अगर उनकी जिंदगी पर फिल्म बने, तो वह विक्की को मुख्य भूमिका में देखना चाहेंगे।

### सरदार उधम

सरदार उधम 2021 की ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन शूजित सरकार और निर्माण राइजिंग सन फिल्म्स ने किनो वर्क्स के सहयोग से किया है। सरदार उधम में, विक्की कौशल ने भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उधम सिंह की भूमिका निभाई है, जिन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड के लिए बदला लेने के लिए ब्रिटिश सरकार के अधिकारी माइकल ओडायर की हत्या की थी।

### सैम मानेकशॉ

सैम बहादुर जैसी फिल्मों में विक्की कौशल ने वास्तविक किरदार निभाया है। सैम बहादुर में विक्की कौशल ने भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की भूमिका निभाई, जो 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सेना के कमांडर थे। इस फिल्म में भी विक्की का वास्तविक किरदार हर किसी को पसंद आया।

# अगली फिल्म में आर्मी ऑफिसर बनेंगे सलमान

सलमान खान अपनी हालिया फिल्म सिकंदर के खराब परफॉर्मेंस की मार झेल चुके हैं। अब ऐसा लग रहा है कि वो अपने करियर को नया मोड़ देने के लिए तैयार हैं। अपनी पिछली फिल्म सिकंदर से मिली निराशा के बाद, वे अब 2020 की गलवान घाटी की घटना पर आधारित एक वॉर फिल्म में एक जांबाज आर्मी ऑफिसर का किरदार निभा सकते हैं। खबर है कि करियर के बुरे दौर से गुजर रहे सलमान खान अब देश की रक्षा का लिए सीमा पर तैनात एक जांबाज आर्मी ऑफिसर की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। बताया जा रहा है कि ये एक वॉर फिल्म होगी, जो 2020 की गलवान घाटी में हुए भारत-चीन युद्ध की कहानी होगी। खबर थी कि जहां सलमान खान डायरेक्टर एटली की फिल्म करने वाले थे, वहीं उनकी लगातार खराब परफॉर्म कर रही फिल्मों को देखते हुए एक्टर पर 600 करोड़ रुपये निवेश करने में भरोसे की कमी रही और फिल्म को रोक दिया गया है। इसी के साथ रिपोर्ट में बताया गया है कि अब सलमान एक वॉर फिल्म का हिस्सा होंगे। बताया जा रहा है कि सलमान ने अपनी अगली फिल्म एक युद्ध बेस्ड प्रॉजेक्ट पर चुनी है। बता दें कि ये कोई साधारण युद्ध फिल्म नहीं है, बल्कि भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच साल 2020 की गलवान घाटी में हुई भीषण लड़ाई पर बेस्ड है।






# विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां 10 महीने के शीर्ष पर

### नए ऑर्डर की रफ्तार 14 साल में सबसे ज्यादा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां अप्रैल, 2025 में सुधरकर 10 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गईं। इसमें नए ऑर्डर में मजबूत वृद्धि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) पिछले महीने बढ़कर 58.2 पहुंच गया, जो जून, 2024 के बाद सबसे ज्यादा है। मार्च में विनिर्माण पीएमआई 58.1 रहा था। एचएसबीसी इंडिया की मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, नए निर्यात ऑर्डर में उल्लेखनीय वृद्धि भारत में उत्पादन में संभावित बदलाव का संकेत दे सकती है। व्यवसाय उभरते व्यापार परिदृश्य और अमेरिकी शुल्क घोषणाओं के अनुकूल हो रहे हैं। इस सकारात्मक प्रवृत्ति के साथ रोजगार और खरीद गतिविधि में बड़ा उछाल देखने को मिला है।

कीमतों के मोर्चे पर भंडारी ने कहा, भारतीय वस्तुओं की मजबूत मांग ने कंपनियों की मूल्य निर्धारण क्षमता को बढ़ावा दिया। इससे कच्चे माल की लागत में मामूली वृद्धि के बावजूद बिक्री शुल्क अक्तूबर, 2013 के बाद सबसे अधिक बढ़ गया। भंडारी ने कहा, अप्रैल के आंकड़े बताते हैं कि विनिर्माण क्षेत्र की कंपनियों में आने वाले वर्ष में उत्पादन बढ़ने की संभावनाओं को लेकर धारणा मजबूत है। यह मांग में मजबूती की उम्मीदों से प्रेरित है।

### नए ऑर्डर की रफ्तार 14 साल में सबसे ज्यादा

सर्वे के मुताबिक, उत्पादन के मोर्चे पर सुधार में योगदान देने वाला एक प्रमुख कारक नए व्यवसाय में तेज वृद्धि रही। विनिर्माण क्षेत्र की विस्तार दर को बेहतर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग से समर्थन मिला। वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत में घरेलू विनिर्माण कंपनियों को विदेश से मिलने वाला नया ऑर्डर 14 वर्ष में सबसे अधिक तेजी से बढ़ा। अफ्रीका, एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका से घरेलू कंपनियों को सबसे ज्यादा ऑर्डर मिले।

# 20 साल में 1.55 लाख करोड़ की संपत्ति अटैच

### 100 पीएमएलए अदालतें फिर भी मामलों में हो रही देरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशायल की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 50,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ती की जब्ती मुकदमेबाजी और स्थगन आदेश के कारण अटकी पड़ी है। इन संपत्तियों को ईडी ने धन शोधन निवारण कानून के तहत अनंतिम रूप से अटैच किया था।

जांच एजेंसी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जांच के दौरान उन संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच करने का अधिकार है, जिनके बारे में संदेह है कि वे अपराध की आय हैं। इस तरह के अनंतिम आदेश को जारी होने के 180 दिनों के भीतर उक्त कानून के न्यायाधिकरण की ओर से पुष्टि की जानी चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार ईडी ने 2005 से लेकर 2025 तक पीएमएलए के प्रभावी होने के बाद से 1.55 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति अचैट की है, जिनमें से 1.07 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियों की पुष्टि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत तक न्यायाधिकरण की ओर से की जा चुकी है, लेकिन कानूनी बाधाओं के कारण 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती अभी भी अटकी हुई है।

ईडी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि देशभर में 100 विशेष पीएमएलए अदालतें होने के बावजूद मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की सुनवाई समय पर पूरी नहीं हो पाती। इसमें व्यवस्थागत व प्रक्रियात्मक बाधाएं आ रही हैं। कई अदालतें अन्य कानूनों के तहत मामलों के बोझ से दबी हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, अक्सर अंतरिम आवेदन, रिट याचिका और जमानत के मामले दायर होने से मुकदमे बाधित होते हैं। इनमें से कुछ मामले हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचते हैं, जिससे पीएमएलए के तहत मुकदमों की निरंतरता और शीघ्र निपटान प्रभावित होता है।

### ईडी की सजा दर 93 प्रतिशत

इस बीच बीते बृहस्पतिवार को ईडी दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक राहुल नवीन ने कहा कि एजेंसी की सजा दर 93.6 प्रतिशत है। क्योंकि अब तक अदालतों की ओर से तय किए गए 47 मामलों में से केवल तीन मामलों में ही आरोपी बरी हुआ है। एजेंसी प्रमुख ने कहा कि वह स्पष्ट रूप से स्वीकार करते हैं कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुरू की गई कई जांचें बहुत लंबे समय से लंबित थीं, लेकिन इस साल हमारा ध्यान जांच पूरी करने और आखिरी आरोपपत्र तेजी से दाखिल करने के प्रयासों पर है।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.983 अरब डॉलर बढ़कर 688.129 अरब डॉलर पर

### आरबीआई के आंकड़े जारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 25 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान 1.983 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि के साथ लगभग 688.129 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार इसके आंकड़े जारी किए। आरबीआई के अनुसार, लगातार आठवें हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि देखी गई। पिछले सप्ताह की बात करें तो यह बढ़कर 8.31 अरब अमेरिकी डॉलर की बढ़त के



साथ 686.145 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंचा था। पिछले साल सितंबर के अंत में यह भंडार 704.885 अरब अमेरिकी डॉलर के साथ सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था।

आंकड़ों के अनुसार 25 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्ति, जो भंडार का बड़ा हिस्सा है। यह लगभग 2.168 अरब डॉलर बढ़कर 580.633 अरब डॉलर हो गई। विदेशी भंडार में रखे जाने वाले अमेरिकी इकाइयों जैसे यूरो, पाउंड और येन जैसी मुद्राओं के मूल्य में बदलाव का असर भी शामिल है। देश का स्वर्ण भंडार इस हफ्ते 207 अरब डॉलर बढ़कर 84.365 अरब डॉलर रहा। शीर्ष बैंक ने कहा कि आईएमएफ में भारत का विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 18.589 अरब अमेरिकी डॉलर पहुंच गया। शीर्ष बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के पास भारत की आरक्षित स्थिति भी 20 लाख डॉलर बढ़कर 4.512 अरब अमेरिकी डॉलर हो गई।

### देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनेंगे डिजिटल क्रिएटर्स!

# 5 साल में बना लेंगे एक ट्रिलियन की इकोनॉमी

**मुंबई, एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी लगातार भारत की इकोनॉमी के पांच ट्रिलियन होने की बात कर रहे हैं। लगता है कि यह सब सपना जल्द ही पूरा होगा। साल 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी तो देश के डिजिटल क्रिएटर्स ही बना लेंगे। वेव्स समिट में इसका खुलासा शनिवार को होने जा रहा है, जहां बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) अपनी एक रिपोर्ट पेश करेगा। इसका शीर्षक है- फ्रॉम कंटेंट टू कॉमर्स- मैपिंग इंडियाज क्रिएटर इकोनॉमी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत के डिजिटल क्रिएटर्स हर साल करीब 350 अरब डॉलर के उपभोक्ता खर्च को प्रभावित कर रहे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में फिलहाल 20 से 25 लाख सक्रिय डिजिटल क्रिएटर्स हैं। ये ऐसे लोग हैं, जिनके पास अपने कम से कम 1,000 फॉलोअर्स हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि इनमें से महज आठ से दस फीसदी लोग ही अपने कंटेंट क्रिएशन से पैसा या आय अर्जित कर पा रहे हैं। ऐसे में माना रहा है कि भारत के पास आने वाले वक्त में आगे बढ़ने की जबरदस्त संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समय क्रिएटिव इकोसिस्टम की सीधी आय 20 से 25 अरब डॉलर है, जो दशक के अंत तक 100 से 125 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है।



**छोटे शहरों में भी पहुंच-** इन डिजिटल क्रिएटर्स की पहुंच सिर्फ मेट्रोज या महानगरों अथवा युवा पीढ़ी तक ही नहीं है। ये लोग छोटे शहरों और हर उम्र तक पहुंच रहे हैं। यह इकोसिस्टम टियर 2 और टियर 3 से लेकर गांवों तक, विभिन्न आयु वर्गों और पृष्ठभूमियों तक पहुंच बना चुका है। डिजिटल कंटेंट अब देश के हर कोने को जोड़ रही है। इनमें भी सबसे ज्यादा लोकप्रिय है शॉर्ट वीडियो। रिपोर्ट में बताया गया है कि आज के दौर में शॉर्ट वीडियो सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। हास्य, फिल्मों के सीन, धारावाहिक और फैशन से जुड़ी सामग्री लोगों द्वारा सबसे अधिक देखी जाती है।

### बदलती पसंद ने बदला मार्केट

लोगों की इस बदलती पंसद ने बाजार व मार्केटिंग को बदला है। ऐसे में अब कंपनियां भी अपनी पब्लिसिटी योजनाओं को नए सिरे से तैयार कर रही हैं। वे अब तेजी से कंटेंट क्रिएशन, क्रिएटिव फ्रीडम और अलग-अलग तरह के उपभोक्ताओं को टारगेट करने पर जोर दे रही हैं। इसके साथ-साथ अब वे परिणाम आधारित मूल्यांकन का तरीका भी अपना रही हैं, जिससे यह तय किया जा सके कि कौन-सा कंटेट अधिक प्रभावी है।

### कितनी संभावनाएं हैं इस क्षेत्र में?

इस क्षेत्र में संभावनाएं किस कदर बढ़ने जा रही हैं, इसका अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि आने वाले सालों में कंपनियां क्रिएटिव मार्केटिंग में अपना निवेश 1.5 से 3 गुना तक बढ़ा सकती हैं। यह बड़ा संकेत है कि कंपनियां या ब्रांड अपने उपभोक्ताओं से जुड़ने के लिए पारंपरिक तरीकों के बजाय डिजिटल किएटर्स को प्राथमिकता देंगी। दरअसल, डिजिटल किएटर्स अपना कंटेट केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रख रहे। वे अपने कंटेंट के जरिए उपभोक्ता के निर्णयों को प्रभावित कर रहे हैं, ब्रांड की दिशा बदल रहे हैं और आने वाले समय में भारत की इकोनॉमी का महत्वपूर्ण आधार बनने जा रहे हैं।

## वर्ष 2035 तक 50 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात हासिल करने के लिए निजी विश्वविद्यालय महत्वपूर्ण: टी.जी सीताराम

### हैदराबाद में महिन्द्रा युनिवर्सिटी के कैंपस में 150 से अधिक कुलपतियों के साथ समिट संपन्न



**हैदराबाद/दिल्ली एनसीआर, एजेंसी।** महिन्द्रा युनिवर्सिटी के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल की मेजबानी में कनफेडरेशन ऑफ इंडियन प्राइवेट युनिवर्सिटीज़ (सीआईपीयू) द्वारा आयोजित भारत हायर एजुकेशन समिट (बीएचईएस) 2025 के दौरान उद्योगपतियों ने यह बात रेखांकित की है कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था को एक अनुसंधान आधारित एवं अंतरक्षेत्रीय अकादमिक वातावरण का निर्माण कर विश्व में सर्वोत्तम होने का लक्ष्य रखना होगा।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के चेयरमैन प्रोफेसर (डॉक्टर) टी.जी. सीताराम ने कहा,तेजी से प्रौद्योगिकी के आगे बढ़ने और वैश्विक रुख में बदलाव के साथ हमारे उच्च शिक्षा संस्थानों पर दूरदर्शी नेता तैयार करने की जिम्मेदारी है।

एनईपी 2020 एक परिवर्तनकारी रूपरेखा उपलब्ध कराते हुए हमें रटकर सीखने के बजाय गहन चिंतन की तरफ और साइलो से बहुक्षेत्रीय एकीकरण की और रुख करने का मार्गदर्शन करती है। निजी विश्वविद्यालय 2035 तक 50 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात हासिल करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

'बिल्डिंग नेक्स्ट जेनरेशन लीडर्स इन हायर एजुकेशन' थीम पर आयोजित इस समिट में पूरे देश से 150 से अधिक कुलपति और अकादमिक नेता शामिल हुए।

## पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड — 50 सालों से ऊर्जा और प्रगति का शक्ति स्रोत

**अहमदाबाद ।** पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड (एनएसई - पीआइजीएल, बीएसई - 543912), विद्युत ठेका और उपकरण उद्योग की प्रमुख कंपनियों में से एक, गर्व के साथ मना रही है अपनी स्वर्ण जयंती – भारत की विद्युत अवसंरचना को समर्पित नवाचार, सेवा और संकल्प के 50 स्वर्णिम वर्ष।

पद्मनाभन पिल्लै के दृष्टिकोण से स्थापित, पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन ने विश्वसनीय विद्युत समाधान देने के संकल्प के साथ अपनी यात्रा शुरू की थी। आज यह कंपनी भारत की ऊर्जा क्षेत्र की धड़कन बन चुकी है – एक पूर्ण ईपीसी सेवा प्रदाता के रूप में। पाँच दशकों में कंपनी का उद्देश्य भी विकसित हुआ है- कभी घरों और उद्योगों को रोशन करना था, अब पूरे देश में जटिल पावर नेटवर्क और उच्च वोल्टेज परियोजनाओं को सशक्त बनाना है। जैसे-जैसे पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुज.) लिमिटेड अगले 50 वर्षों की ओर बढ़ रहा है, वह सुरक्षित, टिकाऊ और नवोन्मेषी ऊर्जा समाधान प्रदान करने के अपने वादे पर कायम है। प्रबंधन अपने ग्राहकों, भागीदारों और कर्मचारियों का इस अविस्मरणीय यात्रा में सहयोग और विश्वास के लिए हार्दिक धन्यवाद करता है और आने वाले दशकों में और भी बड़े कीर्तिमान स्थापित करने की आशा रखता है। पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड की 50वीं वर्षगांठ के गौरवपूर्ण अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री पद्मराज पद्मनाभन पिल्लई ने कहा, हमारे लिए यह 50 साल का सफर गर्व और उपलब्धियों से भरा एक ऐतिहासिक क्षण है।

## जीएसटी में एक बार की माफी योजना लाएगी सरकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जीएसटी को लेकर व्यापारी समुदाय में लगातार नाराजगी बनी रही है। व्यापारियों का कहना है कि बार-बार जीएसटी भरना उनके लिए एक कठिन काम हो गया है और इससे उनके कामकाज प्रभावित होते हैं। साथ ही समझने में कमी के चलते कई बार व्यापारियों को हर्जाना भी भुगतना पड़ता है। लेकिन इस बार जीएसटी को लेकर ऐसी खबर आई है जिसका पूरा व्यापारी समुदाय स्वागत करेगा। दिल्ली की रेखा




गुप्ता सरकार ने जीएसटी के पुराने पड़े विवादित मामलों को सुलझाने के लिए एक बार जीएसटी माफी योजना लाएगी। इसके अंतर्गत व्यापारी जीएसटी के पुराने विवादों का निबटारा कर सकेंगे और नए तरीके से जीएसटी भरने की शुरुआत कर सकेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक कार्यक्रम में कहा कि जीएसटी को लेकर व्यापारियों की बड़ी शिकायतें रही हैं। लेकिन सरकार व्यापारियों का सहयोग करते हुए इसका उचित समाधान पेश करने की कोशिश करेगी। सबसे पहले जीएसटी के पुराने मामलों के निबटारे के लिए एक मुश्त जीएसटी माफी योजना लागू की जाएगी। इसके बाद व्यापारी नए तरीके से टैक्स का आसानी से भुगतान कर सकेंगे।

# पंजाब नेशनल बैंक ने एफडी पर फिर से घटाई ब्याज दर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पंजाब नेशनल बैंक ने फिर से अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरों में बदलाव किया है। यह बदलाव 3 करोड़ रुपये से कम की एफडी पर किया गया है। बैंक ने अप्रैल 2025 में भी ऐसा ही बदलाव किया था। इस बार, बैंक ने कुछ खास समय वाली एफडी पर ब्याज दरों को 25 बेसिस पॉइंट्स तक घटा दिया है। नई दरें 1 मई, 2025 से लागू हो गई हैं।

ब्याज दरों में बदलाव के बाद पंजाब नेशनल बैंक आम नागरिकों को 7 दिनों से लेकर 10 साल तक की एफडी पर 3.50 प्रतिशत से 7.10 प्रतिशत तक ब्याज दे रहा है। सबसे ज्यादा ब्याज दर 390 दिनों की एफडी पर मिल रही है। यह 7.10 प्रतिशत है।




### किसके लिए कितनी दर?

पीएनबी ने आम नागरिकों के लिए 3 करोड़ रुपये से कम की जमा पर ब्याज दरें कम की गई हैं। 180 से 270 दिनों की एफडी पर ब्याज दर 6.25 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत कर दी गई है। इसी तरह, 271 से 299 दिनों की एफडी पर ब्याज दर 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दी गई है। 303 दिनों की एफडी पर ब्याज दर 6.4 प्रतिशत से घटाकर 6.15 प्रतिशत कर दी गई है। 304 दिनों से लेकर 1 साल से कम की एफडी पर ब्याज दर अब 6.5 प्रतिशत की जगह 6.25 प्रतिशत होगी। 1 साल की एफडी पर ब्याज दर 6.8 प्रतिशत से घटाकर 6.7 प्रतिशत कर दी गई है।

### सीनियर सिटिजंस के दर

60 साल से ऊपर और 80 साल से कम उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को 5 साल तक की एफडी पर 50 बेसिस पॉइंट्स ज्यादा ब्याज मिलेगा। 5 साल से ज्यादा की एफडी पर उन्हें 80 बेसिस पॉइंट ज्यादा ब्याज मिलेगा। यह नियम 3 करोड़ रुपये से कम की जमा पर लागू होगा। वरिष्ठ नागरिकों को अब 4.00 प्रतिशत से 7.60 प्रतिशत तक ब्याज मिलेगा।

वहीं 80 साल या उससे ज्यादा उम्र के सुपर सीनियर नागरिकों को सभी तरह की एफडी पर 80 बेसिस पॉइंट ज्यादा ब्याज मिलेगा। बदलाव के बाद, सुपर सीनियर नागरिकों को 4.30 प्रतिशत से 7.90 प्रतिशत तक ब्याज मिलेगा।


### इस बैंक ने भी किया बदलाव

बंधन बैंक ने भी 3 करोड़ रुपये से कम की एफडी पर ब्याज दरों में बदलाव किया है। अब यह बैंक आम नागरिकों को 7 दिनों से लेकर 10 साल तक की एफडी पर 3 प्रतिशत से 7.75 प्रतिशत तक ब्याज देगा। वरिष्ठ नागरिकों को 3.75 प्रतिशत से 8.25 प्रतिशत तक ब्याज मिलेगा। सबसे ज्यादा ब्याज दर, जो कि 7.75 प्रतिशत और 8.25 प्रतिशत है, 1 साल की एफडी पर मिल रही है। नई दरें 1 मई, 2025 से लागू हो गई हैं।

# धर्मशाला पहुंची लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम

## आज पंजाब किंग्स से मुकाबला, आईपीएल 2025 में 10 में से 5 मैच जीते

**धर्मशाला (एजेंसी)।** आईपीएल में अपनी प्लेऑफ की दावेदारी मजबूत करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम धर्मशाला पहुंच गई है। टीम को आज 4 मई को शाम 7ः30 बजे पंजाब किंग्स का सामना करना है। एचपीसीए स्टेडियम में होने वाला यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है।



ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ की टीम ने इस सीजन 10 में से 5 मैच जीते हैं। टीम में डेविड मिलर, एडेन मार्कराम और निकोलस पूरन जैसे मजबूत बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी में अवेश खान, मयंक यादव, रवि बिश्नोई और शार्दुल ठाकुर टीम की रीढ़ हैं। मिचेल मार्श और शाहबाज अहमद ऑलराउंडर के रूप में टीम को संतुलन देते हैं।

धर्मशाला की नई हाइब्रिड पिच तेज गेंदबाजों के लिए मददगार है। यहां की मौसमी परिस्थितियां भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं। स्टेडियम की ऊंचाई और ठंडी हवाएं बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों को चुनौतीपूर्ण बनाती हैं।

लखनऊ ने इस सीजन अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम ने 2025 की नीलामी में ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। पंत की आक्रामक बल्लेबाजी और कप्तानी से टीम को फायदा मिला है। पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत टीम को प्लेऑफ की राह आसान कर सकती है। शिखर धवन की कप्तानी वाली पंजाब की टीम भी वापसी के लिए बेताब है।

# गुजरात अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुँचा

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। गुजरात ने 10 मैचों में अब 7 जीत के साथ प्लेऑफ में एक जगह लगभग पक्की कर ली है। उन्हें इस जगह पहुंचाने के लिए गुजरात की साई सुदर्शन, शुभमन गिल और जोस बटलर की तिकड़ी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। तीनों ने हैदराबाद ने खिलाफ बड़ी पारियां खेली थीं। बहरहाल, हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। साई सुदर्शन ने 48, शुभमन गिल ने 76 तो जोस बटलर ने 64 रन बनाकर टीम का स्कोर 224 तक पहुंचाया। जवाब में खेलने उतरी हैदराबाद की ओर से सिर्फ अभिषेक शर्मा ही 74 रन बना पाए लेकिन टीम को 38 रन से हार मिली। बता दें कि गुजरात ने पिछले 6 में से 5 मुकाबलों में हैदराबाद को हराया है। गुजरात ने हैदराबाद को हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। बीते दिन ही मुंबई इंडियंस ने राजस्थान को हराकर पहले स्थान हासिल किया था। लेकिन शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात ने वापसी की लेकिन रन रेट बेहतर न होने के कारण दूसरे स्थान पर ही रह गई। गुजरात ने सीजन की शुरूआत पंजाब से 11 रन से मैच गंवाकर की थी। लेकिन इसके बाद उन्होंने मुंबई, आरसीबी, हैदराबाद और राजस्थान के खिलाफ लगातार चार जीत हासिल की। गुजरात ने इसके बाद लखनऊ और राजस्थान से ही मैच गंचाए हैं। वह 10 मैचों में 7 जीत के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं, हैदराबाद की बात करें तो पिछले चार मैचों में दो में जीत हासिल करने वाली हैदराबाद को गुजरात के खिलाफ मुकाबले में हार झेलनी पड़ी। वह सीजन में 10 मैचों में सात मुकाबले गंवा चुके हैं और प्लेऑफ की रेस से लगभग बाहर हो गए हैं।



# जोस बटलर की री-एंट्री, बनाया गजब रिकॉर्ड, पीछे छूटे सूर्यकुमार

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 4000 रन का आंकड़ा छूना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन कुछ बल्लेबाजों ने इसे रिकॉर्ड समय में हासिल कर इतिहास रच दिया। वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल ने मात्र 2653 गेंदों में 4000 रन पूरे कर इस सूची में पहला स्थान हासिल किया। उनके बाद दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज एबी डिविलियर्स ने 2658 गेंदों में यह मुकाम छुआ। अब इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर बाजी मारी है गुजरात टाइटंस के जोस बटलर ने जिन्होंने 2677 गेंदों के साथ इतिहास रच दिया है। मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव 2714 गेंदों में 4000 रन पूरे कर इस लिस्ट में चौथे स्थान पर बने हुए हैं। जबकि ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर 2809 गेंदों के साथ 5वें स्थान पर हैं।



जोस बटलर ने आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। बटलर ने 10 पारियों में 86 की औसत से 434 रन बनाए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 97* (54 गेंद, 11 चौके, 4 छक्के) की नाबाद पारी उनकी सर्वश्रेष्ठ रही, जिसने गुजरात को 204 रन के लक्ष्य को हासिल कर तालिका में शीर्ष स्थान दिलाया। इस पारी में उन्होंने मिशेल स्टार्क के एक ओवर में लगातार 5 चौके जड़े। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी 50 रन (26 गेंद) बनाए। तीन अर्धशतक और एक शानदार विकेटकीपिंग प्रदर्शन, जिसमें दिल्ली के खिलाफ डाइविंग कैच शामिल है, ने उन्हें अहम खिलाड़ी बनाया।

# बटलर ने तारीफ कर कहा, मैं तो नेट्स पर साई को देखकर हैरान हो गया था

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के स्टार बल्लेबाज जोस बटलर ने आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ शानदार जीत को टीम का अब तक का सर्वश्रेष्ठ मैदानी प्रदर्शन बताया। बटलर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में टीम की बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग की तारीफ की, साथ ही तज्ञ के युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन की जमकर प्रशंसा की। संपूर्ण प्रदर्शन पर बटलर ने कहा कि हां, यह काफी हद तक संपूर्ण प्रदर्शन था। यह हमारा मैदान पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। इस सीजन हमने कुछ कैच छोड़े, लेकिन राशिद खान का शानदार कैच ने माहौल सेट कर दिया। उन्होंने फील्डिंग में सुधार को जीत का बड़ा कारण बताया।



टॉप ऑर्डर की आक्रामक बल्लेबाजी पर उन्होंने कहा कि हमारे टॉप ऑर्डर के खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं। वे पारंपरिक तकनीक के साथ खेलते हैं, क्रीज पर टिकते हैं, लेकिन आज उनकी तेज स्कोरिंग ने सबको हैरान कर दिया। क्लासिकल शॉट्स के साथ इतनी तेजी से रन बनाना खास था। वहीं, साई सुदर्शन की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि पहले दिन नेट्स में उन्हें देखकर मैं उनकी प्रतिभा से हैरान था। उनका दिमाग शांत है, वे मेहनती हैं और अपनी बल्लेबाजी को अच्छे से समझते हैं। हर दिन नम्रता के साथ काम करते हैं। उनकी निरंतरता शानदार है, और वे इसका फल पा रहे हैं।

इसके बाद गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की तारीफ करते हुए बटलर ने कहा कि वह बेसिक्स को बखूबी निभाते हैं। उनकी लाइन शानदार है, बल्लेबाजों को चौड़ाई नहीं देते। वे लेंथ मिक्स करते हैं, बाउंस और यॉर्कर का इस्तेमाल करते हैं। गुड लेंथ पर वे बहुत अनुशासित और सटीक हैं। बटलर ने फील्डिंग को गुजरात का सुधार क्षेत्र बताया। उन्होंने कहा कि आज की फील्डिंग शानदार थी। बल्लेबाजी और गेंदबाजी 10 मैचों में बेहतरीन रही है। टूर्नामेंट के इस चरण में कैच और छोटी चीजें मैच का रुख बदल सकती हैं। राशिद का ट्रैविस हेड का विकेट गेम-चेंजर था। अगर हम फील्डिंग को और बेहतर करें और बल्ले-गेंद के मानक बनाए रखें, तो हम सही दिशा में बढ़ेंगे। आगामी मैच पर बटलर ने कहा कि मुंबई इंडियंस फॉर्म में है, शानदार लय में चल रही है। वानखेड़े में उनके खिलाफ खेलना हमेशा रोमांचक होता है।

# मेरे कमरे में लाल गेंद पड़ी है- पर्पल कैप हासिल कर बोले प्रसिद्ध कृष्णा

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस को जीत दिलाने में प्रसिद्ध कृष्णा ने महत्वपूर्ण रोल अदा किया। प्रसिद्ध ने 225 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद के खिलाफ 4 ओवर में सिर्फ 19 रन देकर 2 विकेट चटकाए। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। प्रसिद्ध ने इस दौरान क्रिकेट एंकर से एक राज की बात भी शेयर की। उन्होंने कहा कि मेरे आस-पास बहुत से ऐसे लोग हैं जिन्होंने बहुत ज्यादा क्रिकेट खेला है और मैं उनसे बात करता हूं, सही जगह पर गेंद डालता हूं और फिर आगे बढ़ता हूं। मेरे कमरे में एक (लाल गेंद) है, मैं खेल रहा हूं लेकिन अभी तक इसे मैदान पर नहीं उतारा है। पहले इस टूर्नामेंट को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा हूं और फिर बाद में आने वाली चीजों पर नजर डालूंगा।



### आईपीएल 2025 में प्रसिद्ध कृष्णा का प्रदर्शन

4-0-19-2 बनाम हैदराबाद
4-0-47-1 बनाम राजस्थान
4-0-25-2 बनाम कोलकाता
4-0-41-4 बनाम दिल्ली
4-0-24-2 बनाम लखनऊ
4-0-24-3 बनाम राजस्थान
4-0-25-2 बनाम हैदराबाद
4-0-26-1 बनाम आरसीबी
4-0-18-2 बनाम मुंबई
3-0-41-0 बनाम पंजाब

प्रसिद्ध ने इसी के साथ पर्पल कैप पर भी कब्जा जमाया। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो यह अलग नहीं लगता। मुझे खुशी है कि हमें सबसे महत्वपूर्ण जीत मिली। यह हमारे लिए महत्वपूर्ण था। हमें दो लंबे ब्रेक मिले, ब्रेक के बाद हम खेल नहीं जीत पाए और यह जीतना महत्वपूर्ण था। मैं ऐसा कहूंगा (कि यह उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है)। लेंथ पर मेरा नियंत्रण अच्छा रहा है, एक टीम के रूप में हम जो भी काम कर रहे हैं और आसपास के सभी लोग काफी सहायक रहे हैं। मैं इस बात का आनंद ले रहा हूं कि गेंद कैसे निकल रही है। मेरी तैयारी इस बात से शुरू होगी कि मैं क्या करना चाहता हूं और फिर मैं खेल में किसी का सामना करने वाले के खिलाफ क्या करूंगा।

**ऐसा रहा मुकाबला** – गुजरात टाइटंस ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। गुजरात ने 10 मैचों में अब 7 जीत के साथ प्लेऑफ में एक जगह लगभग पक्की कर ली है। उन्हें इस जगह पहुंचाने के लिए गुजरात की साई सुदर्शन, शुभमन गिल और जोस बटलर की तिकड़ी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। तीनों ने हैदराबाद ने खिलाफ बड़ी पारियां खेली थीं। बहरहाल, हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। साई सुदर्शन ने 48, शुभमन गिल ने 76 तो जोस बटलर ने 64 रन बनाकर टीम का स्कोर 224 तक पहुंचाया। जवाब में खेलने उतरी हैदराबाद की ओर से सिर्फ अभिषेक शर्मा ही 74 रन बना पाए लेकिन टीम को 38 रन से हार मिली। बता दें कि गुजरात ने पिछले 6 में से 5 मुकाबलों में हैदराबाद को हराया है।

### आईपीएल 2025

# मुंबई इंडियंस नहीं, गावस्कर ने आरसीबी को बताया आईपीएल खिताब का प्रबल दावेदार; प्रदर्शन को सराहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आरसीबी की टीम इस सीजन अलग ही लय में नजर आ रही है और एक टीम के तौर पर खेल रही है। आरसीबी के लिए अच्छी बात यह है कि वह दो-तीन खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं है। उनके पास टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल और जोश हेजलवुड के रूप में मैच विनर खिलाड़ी भी मौजूद हैं। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आईपीएल 2025 का चैंपियन बनने का प्रबल दावेदार बताया है। आरसीबी ने मौजूदा सीजन शानदार प्रदर्शन किया है और घर से बाहर अपने सभी मैच जीते हैं। आरसीबी की टीम 10 मैचों में सात जीत और तीन हार के साथ 14 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर मौजूद है।

**अलग लय में नजर आ रही है आरसीबी** – आरसीबी की टीम इस सीजन अलग ही लय में नजर आ रही है और एक टीम के तौर पर खेल रही है। आरसीबी के लिए अच्छी बात यह है कि वह दो-तीन खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं है।



उनके पास टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल और जोश हेजलवुड के रूप में मैच विनर खिलाड़ी भी मौजूद हैं। टीम के फॉर्म पर बोलते हुए गावस्कर ने कहा कि सिर्फ मुंबई इंडियंस ही ऐसी टीम है जो आरसीबी के ऑलराउंड स्ट्रेंग्थ के करीब है। उन्होंने हालांकि, आरसीबी को ही खिताब का प्रबल दावेदार बताया है।

गावस्कर ने स्पोर्ट्स टूडे से बातचीत में कहा, आरसीबी, उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की और शानदार फील्डिंग भी की। मुंबई इंडियंस करीब है, लेकिन उन्होंने अभी-अभी बढ़त हासिल की है। सवाल यह है कि क्या वे इसे बरकरार रख पाएंगे, क्योंकि उन्हें शीर्ष टीमों के खिलाफ तीन कठिन मैच खेलने हैं। वे इस लय को कैसे बनाए रखते हैं, यह महत्वपूर्ण होगा। लेकिन हां, आरसीबी निश्चित रूप से खिताब की प्रबल दावेदार है।

**घरेलू मैदान पर अच्छा नहीं है रिकॉर्ड** – आरसीबी ने अब तक अपने घरेलू मैदान पर सभी मुकाबले गंवाए है। आरसीबी के चार मैच शेष हैं जिसमे से दो ऐसी टीम के खिलाफ हैं जिन्हें वह आईपीएल 2025 में एक बार हरा चुकी है। आरसीबी के चार में से तीन मैच घरेलू मैदान पर खेले जाएंगे और चिन्नास्वामी में टीम के रिकॉर्ड को देखते हुए यह उनके लिए चुनौतीपूर्ण होने वाला है। शनिवार को आरसीबी का सामना अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से होगा।

# वैभव सूर्यवंशी पर बोले कपिल देव- उसे समय दो, जल्दबाजी न करें

**लखनऊ (उत्तर प्रदेश) (एजेंसी)।** क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव ने 14 वर्षीय उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी को 'समय देने' की आवश्यकता पर जोर दिया है, जिनकी प्रतिभा आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के लिए सामने आई। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ उच्च स्कोर वाले मुकाबले में इस युवा बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 35 गेंदों में शतक जड़कर सभी को हैरान कर दिया, जिससे राजस्थान ने 8 विकेट से जीत हासिल की। यह भारतीय बल्लेबाज द्वारा आईपीएल का सबसे तेज शतक था, जो 2010 में यूसुफ पठान के 37 गेंदों के शतक को पीछे छोड़ गया। वैभव, 14 साल और 32 दिन की उम्र में, टी20 क्रिकेट में शतक बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। उनकी पारी में 11 छक्के शामिल थे, जो मुरली विजय के 2010 के रिकॉर्ड की बराबरी करता है।




हालांकि, मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ अगले ही मैच में वैभव 2 गेंदों पर 0 पर आउट हो गए। दीपक चाहर की गेंद पर गलत शॉट खेलकर वह मिड-ऑन पर कैच दे बैठे, जिसके बाद आरआर 117 रन पर सिमट गई और प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। 1983 विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने बिहार के इस युवा खिलाड़ी की प्रतिभा की सराहना की, लेकिन सलाह दी कि जल्दबाजी से बचें।

# 23 साल की अभिनेत्री की फोटो लाइक कर चर्चा में विराट कोहली

## बोले- फीड साफ करते समय गलती से एक इंटरैक्शन दर्ज हुआ

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट दिग्गज विराट कोहली ने अभिनेत्री अवनीत कौर की इंस्टाग्राम तस्वीर पर कथित तौर पर लाइक करने के वायरल स्क्रीनशॉट के बाद स्पष्टीकरण जारी किया। सोशल मीडिया पर तस्वीर के वायरल होने के बाद कोहली को ट्रोलिंग और आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। प्रशंसकों ने उनके इरादों को लेकर अटकलें शुरू कर दीं। बता दें कि 1 मई को जब कथित घटना सामने आई, कोहली इंस्टाग्राम पर सक्रिय थे और उन्होंने अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कोहली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर सफाई देते हुए कहा कि यह एक गलती थी। उन्होंने बताया कि फीड साफ करते समय एल्गोरिदम ने गलती से अवनीत की तस्वीर पर इंटरैक्शन दर्ज कर लिया। कोहली ने स्पष्ट किया कि इसमें उनका कोई इरादा नहीं था और प्रशंसकों से अनावश्यक अटकलें बंद करने का अनुरोध किया। उन्होंने लिखा, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि फीड साफ करते समय गलती से एक इंटरैक्शन दर्ज हुआ। इसके पीछे कोई इरादा नहीं था। कृपया अनावश्यक धारणाएं न बनाएं। समझने के लिए धन्यवाद।





दिलचस्प बात यह है कि विराट कोहली ने अप्रैल के महीने में अपने इंस्टाग्राम फीड से सभी विज्ञापन और ब्रांड प्रमोशन हटा दिए थे। उनके पास इंस्टाग्राम पर 271 मिलियन फॉलोअर्स हैं। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर उनके 67.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं। वह भारत के सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले क्रिकेटर और सेलिब्रिटी हैं। कोहली के पोस्ट्स को औसतन 1.2 मिलियन लाइक्स और 17.2 हजार कमेंट्स मिलते हैं। उनकी एंगेजमेंट रेट 0.44 फीसदी है, जो समान अकाउंट्स के लिए औसत मानी जाती है। उनकी पोस्ट्स जैसे टी20 विश्व कप जीत की पोस्ट को 22 मिलियन लाइक्स मिले, जो उनकी प्रभावशाली पहुंच को दर्शाता है।

# मैच में हो गया 'पर्यावरण' को नुकसान, 22 गेंद डॉट गेंद खेली

## प्रत्येक डॉट गेंद पर 500 पौधे लगाए जाते

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आईपीएल में कुछ टीमें ऐसी रही हैं जिन्होंने पूरे 20 ओवर की पारी में सबसे कम डॉट गेंदें खेलकर आक्रामक बल्लेबाजी का रिकॉर्ड बनाया है। हाल ही में, गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2025 में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ केवल 22 डॉट गेंदें खेलीं, जो संयुक्त रूप से एक पारी में सबसे कम डॉट खेलने का रिकॉर्ड है। यह रिकॉर्ड इससे पहले 2024 में हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ हैदराबाद में बनाया था, जहां उन्होंने भी 22 डॉट गेंदें खेली थीं।

इसके अलावा, दिल्ली कैपिटल्स ने 2020 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शारजाह में और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 2024 में हैदराबाद के खिलाफ हैदराबाद में 23-23 डॉट गेंदें खेली थीं। वहीं, हैदराबाद ने 2017 में पंजाब किंग्स के खिलाफ मोहाली में और गुजरात ने 2024 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अहमदाबाद में 24-24 डॉट गेंदें खेलकर इस सूची में जगह बनाई।

**ऐसे हुआ पर्यावरण का नुकसान** – असल में बीसीसीआई ने घोषणा की है कि मैच में प्रत्येक डॉट गेंद पर 500 पौधे लगाए जाएंगे। यह रिवाज पिछले कुछ सालों से आईपीएल में बना हुआ है। बीते साल भी बीसीसीआई ने लाखों पौधे लगवाए थे। इस साल भी ग्रीनरी बढ़ाने के उद्देश्य से बीसीसीआई ने इस नियम को लागू किया है। गुजरात ने कम डॉट खेली है जिसका मतलब है कि उन्होंने कम पौधे रोपित करने में अनचाहा योगदान दिया है।

**शुभमन गिल भी बोले** – 20 ओवर में सिर्फ़ 22 गेंद खेलने के सवाल पर शुभमन ने मैच जीतने के बाद कहा कि निश्चित रूप से इसकी योजना नहीं थी। एकमात्र बातचीत यह थी कि हम अब तक जो खेल खेल रहे हैं, उसे खेलने की कोशिश करें। काली मिट्टी की पिच पर छक्के लगाना आसान नहीं है, लेकिन जिस तरह से मैं, साई और जोस खेलते हैं, मुझे लगता है कि हमें समझ है कि स्कोरबोर्ड को कैसे आगे बढ़ाया जाए। मुझे नहीं लगता कि हमने कभी ऐसी बातचीत की है कि हममें से किसी एक को अंत तक खेलना है।



**अंक तालिका – गुजरात दूसरे नंबर पर, हैदराबाद 9वें स्थान पर** – गुजरात ने हैदराबाद को हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। बीते दिन ही मुंबई इंडियंस ने राजस्थान को हराकर पहले स्थान हासिल किया था। लेकिन शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात ने वापसी की लेकिन रन रेट बेहतर न होने के कारण दूसरे स्थान पर ही रह गई। गुजरात ने सीजन की शुरूआत पंजाब से 11 रन से मैच गंवाकर की थी। लेकिन इसके बाद उन्होंने मुंबई, आरसीबी, हैदराबाद और राजस्थान के खिलाफ लगातार चार जीत हासिल की। गुजरात ने इसके बाद लखनऊ और राजस्थान से ही मैच गंचाए हैं। वह 10 मैचों में 7 जीत के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं, हैदराबाद की बात करें तो पिछले चार मैचों में दो में जीत हासिल करने वाली हैदराबाद को गुजरात के खिलाफ मुकाबले में हार झेलनी पड़ी। वह सीजन में 10 मैचों में सात मुकाबले गंवा चुके हैं और प्लेऑफ की रेस से लगभग बाहर हो गए हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद के युवक ने नोएडा में स्कूल की दोस्त के घर जाकर दी जान, पुलिस को मिले 2 सुसाइड नोट

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के रहने वाले एक युवक ने नोएडा की चोटपुर कॉलोनी में अपने एक स्कूल टाइम की फ्रेंड के रूम में जाकर पंखे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक युवक नोएडा की ही एक कंपनी में काम करता था। घटना के वक्त युवती अपनी बहन के साथ ड्यूटी पर गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को कमरे से दो सुसाइड नोट मिले हैं। गाजियाबाद के बागू निवासी 22 वर्षीय पंकज नोएडा की एक कंपनी में काम करता था। उसकी मेरठ की रहने वाली युवती से दोस्ती हो गई थी, जो कुछ समय बाद प्रेम में बदल गई। पंकज के घरवालों को जब दोनों के रिश्ते के बारे में जानकारी हुई तो वे नाराज हो गए। पंकज मंगलवार को युवती से मिलने मेरठ गया था। अगले दिन बुधवार सुबह उसने नोएडा की चोटपुर कॉलोनी में रहने वाली अपने स्कूल टाइम की एक फ्रेंड को फोन किया और कहा कि वह परेशान है। वह दिन में उसके कमरे में रुकना चाहता है। वह युवती भी अपनी बहन के साथ नोएडा की कंपनी में काम करती है। पंकज गुरुवार सुबह चोटपुर कॉलोनी स्थित परिचित युवती के कमरे पर आ गया। पंकज के आने के बाद युवती ने उसे खाना खिलाया और बहन के साथ ऑफिस चली गई। शाम को जब युवती अपने कमरे पर वापस लौटी तो दरवाजा अंदर से बंद था। कई बार बुलाने पर भी जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई तो युवती को अनहोनी होने की आशंका सताने लगी। युवती भागकर खिड़की पर पहुंची और कमरे के अंदर झांककर देखा तो पंकज का शव फंदे से लटका हुआ था। इसके बाद घटना की जानकारी सेक्टर-63 पुलिस को दी गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

### छत्तीसगढ़ में एनकाउंटर, जवानों ने एक नक्सली को कर दिया ढेर; तलाश जारी

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। सुरक्षाबल अधिकारियों ने बताया कि जुगाड़ थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना के बाद शुक्रवार को सुरक्षाबल के जवानों को गश्त में रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि दल जब क्षेत्र में था तब शुक्रवार रात नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के जवानों पर गोलीबारी शुरू कर दी, इसके बाद जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने जब घटनास्थल की तलाशी ली तो वहां से एक नक्सली का शव, हथियार, विस्फोटक और अन्य सामान बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों के वापस लौटने के बाद इस संबंध में अधिक जानकारी मिल सकेगी और क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

### 48 साल से कर रहा फांसी का इंतजार, अदालत ने कहा- इस बार मौत पक्की

**वाशिंगटन, एजेंसी।** मिसिसिपी में 1976 से मौत की सजा काट रहे एक कैदी को 25 जून को मृत्युदंड दिया जाएगा। प्रांत के सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को यह फैसला सुनाया। रिचर्ड गेराल्ड जॉर्डन (78) को 1976 में एक महिला का अपहरण करने और उसकी हत्या के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद मौत की सजा सुनाई गई थी। उसने सजा के खिलाफ कई बार अपील दायर की लेकिन हर बार उसकी अपील को खारिज कर दिया गया। हाल में अक्टूबर में उसकी अपील को खारिज किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में यह नहीं बताया कि जॉर्डन को मृत्युदंड किस तरह दिया जाएगा। मिसिसिपी के कानून के अनुसार घातक टीके, नाइट्रोजन गैस, बिजली के झटके या स्क्वाड से गोलीबारी कराकर मौत की सजा दी जा सकती है।

# सुसाइड बम दे दो, मैं जाऊंगा पाकिस्तान; तनाव के बीच कर्नाटक मंत्री का बयान वायरल

**जम्मू, एजेंसी।**
जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव अभी भी बना हुआ है। इसी बीच कर्नाटक सरकार में आवास और अल्पसंख्यक मंत्री जमीर अहमद खान का एक बयान तेजी से वायरल हो रहा है। मंत्री अपने इस बयान में पाकिस्तान से युद्ध करने के लिए अकेले ही आत्मघाती बम के साथ पाकिस्तान जाने का कह रहे हैं।



शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में खान ने कहा कि पाकिस्तान हमेशा से ही भारत का दुश्मन रहा है। ऐसे दुख के मौके पर अगर प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह मुझे मौका देते हैं तो मैं खुद सीमा पर जाकर युद्ध करने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा, हम सब भारतीय हैं, हम हिन्दुस्तानी हैं। हमारा पाकिस्तान से कोई नाता नहीं है.. पाकिस्तान हमेशा से हमारा दुश्मन मुल्क रहा है.. अगर प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह या केंद्र सरकार मुझे इजाजत देतें हैं तो मैं पाकिस्तान जाकर युद्ध करने के लिए तैयार हूं।

खान ने प्रधानमंत्री मोदी से एक आत्मघाती बम उपलब्ध करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मैं युद्ध के लिए पाकिस्तान जाऊंगा.. मोदी, शाह मुझे आत्मघाती बम दें, मैं बांधकर पाकिस्तान जाऊंगा और हमला करूंगा। इससे पहले खान ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और इसे अमानवीय कृत्य बताया। उन्होंने कहा कि हर भारतीय को एकजुट होना चाहिए, यह हमारे एकजुट होने का समय है। खान ने केंद्र सरकार को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए कड़े कदमों को उठाना चाहिए।

आपको बता दें कि 22 अप्रैल को हुए इस आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इस हमले में शामिल आतंकवादियों ने पर्यटकों को उनका धर्म पूछ-पूछ कर गोली मारी। इस हमले के बाद से पूरे देश की भावनाएं अपने उबाल पर हैं। केंद्र सरकार ने भी हमले के बाद ही पाकिस्तान पर कार्रवाई करना शुरू कर दिया। सरकार ने सिंधु जल संधि को रद्द कर दिया और भारत में आए पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने का आदेश दे दिया था। फिलहाल दुनियाभर के देश शांति की अपील कर रहे हैं लेकिन भारत की तरफ से साफ कर दिया गया है कि भारत इस आतंकी हमले का जवाब देकर रहेगा।

# गाजियाबाद में क्राइम कंट्रोल के लिए नए पुलिस कमिश्नर ने उठाया बड़ा कदम

**गाजियाबाद , एजेंसी।**
गाजियाबाद में अपराध पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए पुलिस कमिश्नर द्वारा शुक्रवार से जिले में बीट सिस्टम सख्ती से लागू किया गया है। इसके लिए 2096 बीट बनाकर बीट पुलिस अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है।



पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़ ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दौरान बताया कि शहरी क्षेत्र में पांच हजार और ग्रामीण इलाकों में तीन हजार की आबादी के मानक से बीट बनाकर पुलिस अधिकारी की तैनाती की गई है। इस तरह तीनों जोन में कुल 2096 बीट पुलिस ऑफिसर (बीपीओ) बनाए गए हैं। सिटी जोन में 512, ट्रांस हिंडन जोन में 693 और ग्रामीण जोन में सर्वाधिक 891 बीट बनाई गई हैं। खोड़ा थाना क्षेत्र में सर्वाधिक 195, निवाड़ी और मधुबन बापूधाम में सबसे कम 40-40 बीट बनाई गई हैं। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि बीट पुलिसिंग में महिला पुलिसकर्मियों की 10 से 15 फीसदी भागीदारी तय की गई है। बीपीओ अपने क्षेत्र की हर गतिविधि पर नजर रखेंगे और जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का निस्तारण भी करेंगे। इसके अलावा अपराधियों पर आवश्यक कार्रवाई भी कर सकेंगे। बीपीओ के पास ये जिम्मेदारी रहेगी = पुलिस कमिश्नर ने बताया कि बीपीओ को बीट बुक दी गई है, जिसमें क्षेत्र की गतिविधियों, अपराध, अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर, सभ्रांत लोगों, ग्राम-मोहल्लों, सोसाइटी, मॉल, रेलवे स्टेशन, बस, मेट्रो स्टेशन, अस्पताल, बैंक, धार्मिक स्थल, सर्राफा, मार्केट और अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों की जानकारी रखनी होगी। बीपीओ द्वारा पासपोर्ट, किराएदार, शस्त्र लाइसेंस और अन्य सभी तरह के वेरिफिकेशन किए जाएंगे। प्रार्थना पत्रों की जांच भी बीपीओ करेंगे। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि बीपीओ और बीट सब-इंस्पेक्टर को हिस्ट्रीशीटर से लेकर छोटे अपराधियों का रिकॉर्ड रखना होगा। उनके बारे में उच्चाधिकारियों को सूचना देनी होगी। बीपीओ घटनास्थल के निरीक्षण से लेकर अभियुक्तों की गिरफ्तारी में भूमिका निभाएंगे। गोकशी, सट्टेबाजी और मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाना भी बीपीओ की जिम्मेदारी है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि सिटीजन चार्टर के तहत विभिन्न वेरिफिकेशन के लिए समयसीमा तय की गई है। पासपोर्ट वेरिफिकेशन 15 दिन में करना होगा। वहीं, पुलिस, चरित्र, किराएदार, नौकर और कर्मचारी वेरिफिकेशन दस दिन के भीतर करना होगा। किसी आयोजन की एनओसी जारी करने की अधिकतम अवधि पांच दिन है। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि रिश्वत मांगने की शिकायत के लिए तीनों डीसीपी, दोनों एडिशनल सीपी और खुद अपना नंबर सार्वजनिक किया है।

## सीमा हैदर को तुरंत भेजो; जिस वकील ने दिया था साथ, अब कर रहे पाकिस्तान भेजने की मांग

**नोएडा , एजेंसी।**
पहगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर लगातार सुर्खियों में हैं। हर किसी के जहन में एक ही सवाल है, क्या केंद्र सरकार के आदेश के बाद सीमा हैदर भी वापस जाएगी। सोशल मीडिया पर भी कई लोग उन्हें वापस पाकिस्तान भेजने की मांग कर रहे हैं। अब इन लोगों में एक समय पर उनके वकील रह चुके हेमंत परासर भी शामिल हो गए हैं। उन्होंने भी सीमा हैद पाकिस्तान भेजने की मांग कर दी है। इसी के साथ उन्होंने दावा किया है कि पीएम मोदी पहलगाम अटैक के बाद जिस तरह कार्रवाई कर रहे हैं, उसके हिसाब से सीमा हैदर भी जल्द पाकिस्तान जाएगी।



सीमा हैदर और सचिन मीणा की जमानत कराने वाले वकील हेमंत पारासर ने टीवी9 से बातचीत में कहा कि पाकिस्तान हमारा दुश्मन देश है और सीमा हैदर भी उसी दुश्मन देश की नागरिक है। वह अवैध तरीके से यहां रह रही है। इसलिए उसे तुरंत यहां से डिपोर्ट किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, अगर सीमा हैदर मां भी बन गई है तो भी उसे डिपोर्ट करने में कोई परेशानी नहीं होगी। अगर सरकार चाहे तो सीमा के खिलाफ चल रहे मुकदमे को स्थगित कर डिपोर्ट किया जा सकता है। उन्होंने कहा, पहले कोई महिला पाकिस्तान से आकर भारत में अगर मां बन जाती थी तो उसे यहां की नागरिकता मिल जाती थी लेकिन अब वह कानून खत्म हो चुका है इसलिए सीमा हैदर को भारत की नागरिकता कतई नहीं मिलेगी। वहीं सीमा हैदर के वकील एपी सिंह के उस दावे पर कि उनके डॉक्यूमेंट गृह मंत्रालय और एटीएस के पास है, हेमंत पारासर ने पूछा कि कौन से डॉक्यूमेंट हैं? उन डॉक्यूमेंट्स को सार्वजनिक कीजिए। उसके कोई डॉक्यूमेंट्स जमा नहीं है और ना ही सीमा हैदर को नागरिकता मिलेगी।

## गुरुग्राम में मेडिकल अटेंडेंट ने 13वीं मंजिल से लगाई छलांग

**गुरुग्राम , एजेंसी।**
गुरुग्राम से एक दुखद घटना सामने आई है। एक मेडिकल अटेंडेंट ने एक हाउसिंग सोसायटी की 13वीं मंजिल से छलांग दी। उसे एक एजेंसी के माध्यम से एक बुजुर्ग की देखभाल के लिए रखा गया था।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह सेक्टर 50 इलाके में एक हाउसिंग सोसायटी की 13वीं मंजिल से 27 साल की मेडिकल अटेंडेंट ने कथित तौर पर छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि रवि को तीन दिन पहले एक एजेंसी के जरिए एक बुजुर्ग व्यक्ति की देखभाल के लिए रखा गया था।

सोहना रोड स्थित पार्क व्यू सोसायटी निवासी रवि गुलाटी ने अपनी गवाही में कहा कि उन्होंने अपने 83 साल के ससुर की देखभाल के लिए तीन दिन पहले इंडो ग्लोबल होम केयर एजेंसी के माध्यम से बरेली निवासी रवि को मेडिकल अटेंडेंट के रूप में रखा था।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सुरक्षित सफर के लिए अगले माह से होंगे काम

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।**
नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सुरक्षित सफर के लिए अगले महीने से कई जरूरी काम कराए जाएंगे। इनमें ब्लिंकर, रंबल स्ट्रिप और स्पीड लिमिट के बोर्ड लगाना शामिल है। नोएडा प्राधिकरण ने इसके लिए शुक्रवार को टेंडर जारी कर दिया।




नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे करीब 24 किलोमीटर लंबा है। इसमें से करीब 20 किलोमीटर का हिस्सा नोएडा प्राधिकरण के क्षेत्र में आता है। बाकी 4 किलोमीटर का जिम्मा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पास है। एक्सप्रेसवे पर अक्सर सड़क हादसे होते रहते हैं। इसकी वजह एक्सप्रेसवे पर कुछ कमियां होना भी है।

प्राधिकरण ने इसी को देखते हुए एक्सप्रेसवे पर रोड सेफ्टी का काम कराने का निर्णय लिया था। सेक्टर-14ए के सामने से लेकर एक्सप्रेसवे पर संबंधित काम कराए जाएंगे। अब प्राधिकरण ने संबंधित काम कराने के लिए सात करोड़ 52 लाख रुपये का टेंडर जारी कर दिया है। इस टेंडर में 15 मई तक आवदेन किया जा सकता है।

प्राधिकरण के महाप्रबंधक एसपी सिंह ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर रोड सेफ्टी के अंतर्गत कई काम किए जाने हैं। आने-जाने वाले रास्ते पर लगे करीब 17 पुराने दिशासूचक बोर्ड को नए तरीके से लगाया जाएगा। रात को चमकने वाले सोलर लगाए जाएंगे। जगह-जगह थर्मोप्लास्टिक पेंट किए जाएंगे। एंट्री और एग्जिट वाले रास्तों पर वाहनों की गति सीमा के बोर्ड लगाए जाएंगे। हर कट के पास रंबल स्ट्रिप लगाई जाएगी। इसके अलावा एएफपी टेप, स्प्रिंग पोस्ट, डेलीनेटर लगाने समेत अन्य काम किए जाएंगे। प्रयास है कि अगले महीने से रोड सेफ्टी से संबंधित काम शुरू करा दिए जाएं। पिछले साल नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर आईटीएमएस के एक खंभे से टकराकर दो युवकों की मौत हो गई थी। इनमें से एक के पिता नोएडा प्राधिकरण में कार्यरत हैं। इस हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर कमियों को लेकर सर्वे किया गया था, जिसमें सामने आई कमियों को अब दूर करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

एक्सप्रेसवे पर सड़क किनारे जगह-जगह आईटीएमएस के अंतर्गत खंभे लगे हैं। अधिकारियों ने बताया कि इनको दूसरी जगह स्थानांतरित करना संभव नहीं है। इन पर अब ब्लिंकर लगाने का निर्णय लिया गया है।

# अमेरिका ने सऊदी अरब को एयर-टू-एयर मिसाइल बेचने की दी मंजूरी

## डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा से पहले बड़ा सौदा



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस महीने सऊदी अरब की प्रस्तावित यात्रा करने वाले है। ट्रंप की इस यात्रा से पहले ही अमेरिका ने सऊदी अरब के साथ अपने संबंधों को लेकर अपना रुख साफ करते हुए सऊदी अरब को 3.5 अरब डॉलर (करीब 29 हजार करोड़ रुपये) की एयर-टू-एयर मिसाइलें बेचने की शुरुआती मंजूरी दे दी है। माना जा रहा है कि अमेरिका द्वारा सऊदी अरब को एयर-टू-एयर मिसाइलें बेचने की मंजूरी ट्रंप की सऊदी यात्रा के दौरान घोषित होने वाले कई समझौतों में से एक हो सकता है। मामले में अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने बयान जारी कर बताया कि यह प्रस्तावित बिक्री अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा लक्ष्यों का समर्थन करती है। यह खाड़ी क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता और आर्थिक प्रगति में मददगार एक साझेदार देश की सुरक्षा को बेहतर बनाएगी। बता दें कि इस सौदे के तहत सऊदी अरब को 1,000 एआईएम-120सी-8एडवांस्ड एयर-टू-एयर मिसाइलें, उनके गाइडेंस सिस्टम और तकनीकी सपोर्ट मिलेगा।

# कनाडा को 51वां राज्य बनाने के ट्रंप के बयान पर पीएम कार्नी बोले- इच्छाओं और सच्चाई में अंतर करना महत्वपूर्ण

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें उन्होंने सुझाव दिया था कि कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बना देना चाहिए। कनाडाई पीएम कार्नी ने कहा कि इच्छाओं और सच्चाई के बीच अंतर करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उनकी चुनावी जीत बताती है कि कनाडाई लोग आजादी और आत्मनिर्भरता चाहते हैं। मार्क कार्नी ने चुनाव जीतने के बाद शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कई अहम मुद्दों पर बात की। इस दौरान कार्नी ने साफ कहा कि कनाडा अभी भी अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि लोगों का समर्थन और उनकी शानदार चुनावी जीत इस बात का सबूत हैं। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार कहा है कि कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य होना चाहिए। इतना ही नहीं, उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को कनाडा का गवर्नर कहकर मजाक भी उड़ाया था। इस मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री कार्नी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत में मुश्किलें आ सकती हैं, लेकिन मैं कनाडा के लिए सबसे अच्छे सौदे के लिए लड़ूंगा और कनाडा के लिए वही स्वीकार करूंगा, जो देश के लिए फायदेमंद होगा। व्यापार शुल्क के संबंध में बात करते हुए प्रधानमंत्री कार्नी ने कहा कि वह अमेरिका के साथ बाचतीच करना चाहते हैं। हालांकि, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह बातचीत चुनौतीपूर्ण होगी।



कार्नी ने एल्मुमिनियम, खनिज, ऑटो और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों का फायदा करने वाले समझौते की आवश्यता पर भी प्रकाश डाला। कार्नी ने कहा, मैं सार्वजनिक रूप से बातचीत नहीं करना चाहता, कठिन चर्चाएं होंगी। पीएम कार्नी ने फेंटेनाइल से जुड़े अमेरिकी टैरिफ पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि कनाडा ने इस मुद्दे पर काफी काम किया है, लेकिन यह समझ में नहीं आता कि टैरिफ अभी भी क्यों लागू हैं। पीएम कार्नी अगले सप्ताह ट्रंप से मिलने अमेरिका जाएंगे। जहां वह व्यापार संतुलन, फेंटेनाइल तस्करी और सैन्य खर्च जैसे मुद्दों पर चर्चा करने वाले हैं।

# ट्रम्प बोले- हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का टैक्स फ्री दर्जा खत्म करेंगे, कहा- वे इसी के हकदार, 2.2 अरब डॉलर की मदद पहले ही रोक चुके हैं

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का टैक्स फ्री संस्थान का दर्जा खत्म करने जा रहे हैं। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि वे इसी के हकदार हैं। इससे पहले हार्वर्ड की 2.2 अरब डॉलर फंडिंग पर रोक लगा चुके हैं। दरअसल ट्रम्प प्रशासन ने यूनिवर्सिटी से यह मांग की है कि वह अक्टूबर 2023 के बाद कैंपस में हुई यहूदी विरोधी घटनाओं पर बनी सभी रिपोर्ट और ड्राफ्ट भी सरकार को सौंपे।

प्रशासन चाहता है कि इन रिपोर्टों को तैयार करने वाले सभी लोगों के नाम बताए जाएं और उन्हें संघीय अधिकारियों के इंटरव्यू के लिए उपलब्ध कराया जाए। यूनिवर्सिटी ने इस आदेश के खिलाफ कोर्ट में केस भी किया है। यूनिवर्सिटी का आरोप है कि ट्रम्प सरकार राजनीतिक दबाव बनाकर शैक्षणिक कामकाज पर कंट्रोल करना चाहती है।

**प्रोफेसर्स के दो ग्रुप भी केस कर चुके हैं:** हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स ने भी 12 अप्रैल को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ मैसाचुसेट्स की फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट केस दायर किया था। प्रोफेसर्स के दो ग्रुप ने यूनिवर्सिटी फंड को रोकनी की धमकी के खिलाफ यह केस दर्ज किया था। दरअसल उस दौरान ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को मिलने वाले 9 अरब डॉलर के फंड की समीक्षा कर रहा था। हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने हवाला दिया कि ट्रम्प का यह फैसला अमेरिकी संविधान के फर्स्ट अमेंडमेंट (प्रथम संशोधन) का उल्लंघन करता है। प्रोफेसर्स का आरोप है कि यूनिवर्सिटी फंड में कटौती करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है।



**यूनिवर्सिटी पर आरोप- यहूदियों के खिलाफ नफरत को रोकने में नाकाम:** हाल ही में ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड को एक चिट्ठी भेजी थी। इस चिट्ठी में यूनिवर्सिटी को कुछ शर्तें पूरी करने के लिए कहा गया था। ऐसा न करने पर यूनिवर्सिटी की संघीय फंडिंग पर रोक लगाने की धमकी दी गई। इस कदम के पीछे ट्रम्प प्रशासन का दावा था कि हार्वर्ड जैसे प्रतिष्ठित संस्थान एंटी-सेमिटिज्म (यहूदियों के खिलाफ नफरत) को रोकने में नाकाम रहे हैं। प्रशासन ने आरोप लगाया कि कैंपस में यहूदी छात्रों और प्रोफेसरों के खिलाफ भेदभाव हो रहा है। यूनिवर्सिटी को मिलने वाली फंडिंग सर्च, स्टूडेंट स्कॉलरशिप, और कई साइंस और मेडिकल प्रोजेक्ट्स के लिए बेहद जरूरी है।

**यूनिवर्सिटी में फिलिस्तीनी झंडा फहराया था:** गाजा में जारी इजराइल-हमास जंग के खिलाफ पिछले साल अमेरिका की कई यूनिवर्सिटीज में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों में हजारों छात्रों ने हिस्सा लिया था।ृक्क की रिपोर्ट के मुताबिक 1000 से ज्यादा छात्र गिरफ्तार भी हुए। इस दौरान हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में छात्रों ने फिलिस्तीनी झंडा फहराया था। यूनिवर्सिटी ने इसे पॉलिसी के खिलाफ बताते हुए छात्रों के खिलाफ एक्शन लेने की बात कही थी।

**ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी को 33 अरब रुपए की मदद रोकी:** ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 33 अरब रुपए) के अनुदान को रद्द कर दिया था। प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी पर भी यहूदी छात्रों के हो रहे उत्पीड़न को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया था। अमेरिकी शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग, न्याय विभाग और सामान्य सेवा प्रशासन की जॉइंट टास्क फोर्स टु कॉम्बैट एंटी-सेमिटिज्म ने यह कार्रवाई की। कोलंबिया यूनिवर्सिटी ज्यूडिशियल बोर्ड ने गाजा को लेकर हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान हैमिल्टन हॉल पर कब्जे में शामिल छात्रों पर सख्त कार्रवाई भी की है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129